


हिंदी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक



तमाम पाठकों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को चित्रगुप्त पूजा की ढेरों शुभकामनाएं

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 03 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 322 • पृष्ठ 12, मूल्य : 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 80,400 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- 1948 : भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
- 2000 : भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिए शुरू की गई।

## न्यूज बाइट्स

### धूमधाम के साथ मनाया जाएगा चित्रगुप्त पूजा

**पटना (नि.सं.)।** कलम जीवियों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा व भैया दूज का त्योहार आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### दूसरे चरण में झारखंड के 38 विधानसभा से 528 प्रत्याशी चुनावी समर में

**रांची (नि.सं.)।** झारखंड विधानसभा के 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। झारखंड में दूसरे चरण पर 38 सीटों पर मतदान होने है।दूसरे चरण में कुल 634 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। 30 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनि के बाद 560 प्रत्याशी बचे। वहीं एक नवंबर को प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन 32 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन वापस ले लिया।

### एएसआई ने सर्विस पिस्तौल से गोली मारकर की आत्महत्या

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र में एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) आज तड़के अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पटना (मध्य) की पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने शनिवार को यहां बताया कि शनिवार की सुबह चार-पांच बजे के बीच में गांधी मैदान थाना क्षेत्र में पटना जिले में पुलिस लाइन में तैनात एएसआई अजीत कुमार ने अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।

### भारत-चीन के अधिकारियों की बैठक शीघ्र

**नयी दिल्ली (ए.)।** सरकार ने आज कहा कि चीन के साथ आर्थिक संबंधों एवं वीज़ा एवं आवाजाही शुरू करने के लिए दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों के बीच जल्द ही एक बैठक होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अप्रैल 2020 की स्थिति की बहाली को लेकर हुए समझौते के बाद वीज़ा एवं आर्थिक संबंधों की बहाली के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जैसा कि कज़ान में नेताओं (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग) की बैठक में यह सहमति भी हुई है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का किया निरीक्षण, कहा

# घाटों के संपर्क पथों पर कराएं बैरिकेडिंग

- मुख्यमंत्री ने गंगा नदी के जलस्तर और प्रवाह को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा, घाटों तक श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने पर जोर दिया गया।



**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ घाटों के संपर्क पथों की भी बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व के मद्देनजर घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा और स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ घाटों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली जाये। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंगा नदी के जलस्तर और प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग कराएं। घाटों के पहुंच पथ और गंगा नदी के किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन के लिए बैरिकेडिंग कराएं। नीतीश कुमार ने कहा कि छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं और अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए। छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाटों पर साफ-सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखें। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक आलोक राज, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त मयंक बरबड़े, पुलिस महानिरीक्षक, (सुरक्षा) विनय कुमार, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मलिक, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेश परासर, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

बिहटा अग्निशमन मुख्यालय में दीक्षांत समारोह

# 1180 नवनियुक्त पदाधिकारियों-कर्मियों को दिलाई गई शपथ, आईजी ने परेड की ली सलामी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहटा के आनंदपुर गांव स्थित गृह रक्षा वाहनी सह अग्निशमन मुख्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। 1180 नवनियुक्त पदाधिकारियों और फायर कर्मियों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर राज्य अग्निशमन विभाग के निर्देशक आईजी एम सुनील कुमार नायक मौजूद रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली।

अपने संबोधन में सुनील कुमार नायक ने कहा कि आज हमारे विभाग में 1180 पदाधिकारी और कर्मियों को शामिल किया गया। जिसमें 786 पुरुष और 434 महिलाएं हैं। भारतीय सेना से रिटायर्ड अधिकारी की ओर से सभी को बेहतर ट्रेनिंग दी गई है। आने वाले समय में हमारा विभाग और आपलोग अच्छा काम करेंगे। लोदीपुर में हाईटेक कंट्रोल रूम का निर्माण होगा। जिससे काम करने में आसानी होगी। दीक्षांत समारोह के दौरान महिला कर्मियों की ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बिहार पुलिस के कमांडो ने भी बेहतर कला का प्रदर्शन किया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के उप महानिरीक्षक सह उप महासमादेष्टा मृत्युंजय चौधरी, उप महासमादेष्टा जयंत प्रताप सिंह, सहायक अग्निशमन पदाधिकारी राकेश कुमार भी शामिल हुए।

# सीएम नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज की दी बधाई



**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज पर्व के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री कुमार ने शनिवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ज्ञान के अधिष्ठाता देवता चित्रगुप्त भगवान की पूजा एवं आराधना से लोगों में पढ़ने-लिखने की अभिरूचि बढ़ती है। लोगों में पढ़ने-लिखने के प्रति बढ़ती हुयी अभिरूचि के फलस्वरूप बिहार में ज्ञान और शिक्षा का प्रकाश घर-घर फैलेगा।

# सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

**सीतामढ़ी (नि.सं.)।** सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर एनएच 77 पर शुक्रवार की रात मेला देखने गए तीन दोस्तों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना एनएच 77 मोरसंड स्थित आरपीएनएस कॉलेज के पास की है। शुक्रवार की रात करीब 10.15 बजे ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। सभी युवक एक ही बाइक पर सवार होकर काली पूजा का मेला देखने निकले थे। थुम्मा होते हुए रुन्नीसैदपुर की ओर चले गए थे। इसी बीच ट्रक की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान थुम्मा निवासी प्रिंस पटेल (22), शिवम पटेल उर्फ गोलू (21) और कामोद कुमार (20) के रूप में हुई है।

# आंगनबाड़ी : सेविकाओं की हाजिरी बनाने में तकनीकी दिक्कतें होंगी दूर

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के 20 हजार आंगनबाड़ी केन्द्र में सेविकाओं की उपस्थिति बनाने की तकनीकी दिक्कतें अब दूर होगी। इसके साथ ही बच्चों के वृद्धि माप को अपडेट करना हो, बच्चों की संख्या ऑनलाइन भेजनी हो या आंगनबाड़ी केन्द्र की मूलभूत जानकारी भेजनी हो, अब इन कामों में किसी तरह की तकनीकी दिक्कतें नहीं आएगी। अब ये सारा कुछ आसानी से आंगनबाड़ी सेविका भेज पाएंगी। समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने सभी 534 ब्लॉक स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञ को रखा है। अब इन तकनीकी विशेषज्ञ के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र की तकनीकी समस्याओं को तुरंत दूर किया जा सकेगा। बता दें कि आंगनबाड़ी केन्द्र की सारी गतिविधि को अब ऑनलाइन अपडेट किया जाता है। इसके लिए आईसीडीएस ने आंगन नाम से एक एप बनाया है। इसी एप पर सारी जानकारी को अपडेट किया जाता है। इसमें आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविकाओं की संख्या, उनकी उपस्थिति, बच्चों की संख्या, गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति, बच्चों को खाना देना, बच्चों की वृद्ध माप आदि शामिल है, लेकिन कई बार नेटवर्क की दिक्कतें होने से अपडेट नहीं हो पाता है। कई बार तो आंगनबाड़ी केन्द्र खुला रहता है लेकिन निदेशालय को अपडेट नहीं मिलने से केन्द्र बंद होना बताया जाता है। इस को देखते हुए ब्लॉक स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञ को रखा गया है। ब्लॉक स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञ को रखे जाने से अब आंगनबाड़ी केन्द्र को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले निदेशालय के पास सूचना मिलने के बाद तकनीकी विशेषज्ञ को भेजा जाता था, इसमें कई बार कई-कई दिन लग जाते थे। अब यह काम घंटों में हो जाएगा। बता दें कि आंगनबाड़ी केन्द्र में आए दिन तकनीकी गड़बड़ी होती रहती है। ऐसे में केन्द्र का काम बाधित होता रहता है, लेकिन अब तकनीकी दिक्कतें नहीं हो पाएगी।

# एक जनवरी से सरकारी स्कूलों में शुरू होगी डिजिटल अटेंडेंस, ऑटोमेटिक फेस रीडिंग से बनेगी हाजिरी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा है कि एक जनवरी से राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में ई-शिक्षाकोश पोर्टल के जरिए डिजिटल मोड में हाजिरी ली जाएगी। इस अटेंडेंस सिस्टम में स्कूल आने वाले बच्चे के चेहरे की ऑटोमेटिक रीडिंग होगी। हर शनिवार के पहले एपिसोड के दौरान शिक्षकों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कही। एस सिद्धार्थ ने बताया कि इसका ट्रायल हो चुका है। ट्रायल पूरी तरह सफल रहा। इसके लिए स्कूलों के लिए टैब खरीदे जा रहे हैं। इसके लिए संबंधित लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। हाजिरी लगाने की तकनीक सटीक है। उन्होंने बताया कि टैब से फोटो भी खींची जाएगी। इससे बच्चों की फर्जी हाजिरी भी नहीं बन पाएगी। सिद्धार्थ ने कहा कि शिक्षा विभाग जल्द ही कक्षा आठ से गणित और विज्ञान में ओलंपियाड का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य प्रतिभा की खोज करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग जिलों में ही शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित करेगा। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य हर हाल में मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। तब तक समय प्रबंधन के जरिए पढ़ाई सुनिश्चित की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मिडिल और प्लस टू स्कूलों में शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्य नहीं करेंगे। वे सिर्फ पढ़ाने पर ध्यान देंगे। इन कार्यों के लिए क्लर्क या समकक्ष विद्यालय सहायकों की नियुक्ति की जा रही है। अपर मुख्य सचिव सिद्धार्थ ने स्पष्ट किया है कि 10 दिनों के अंदर विभाग द्वारा जारी हर आदेश / निर्देश / दिशानिर्देश की सॉफ्ट कॉपी का पीडीएफ हर शिक्षक को जारी कर दिया जाएगा ताकि किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहे।

### अंग्रेजी मीडियम को दिया जाएगा बढ़ावा

इस एपिसोड दौरान अपर मुख्य सचिव ने बताया कि शुरुआती चरण में खासकर कक्षा एक में बिहार की स्थानीय भाषाओं जैसे मगही, भोजपुरी, अंगिका और मैथिली में शिक्षा दी जाएगी, ताकि बच्चा अपनी बोली में सीख सके। आगे कक्षा 9, 10, 11 और 12 में हिंदी के साथ अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों माध्यमों में किताबें छपेंगी। स्कूल की लाइब्रेरी में अंग्रेजी माध्यम की किताबें रखी जाएंगी। बच्चा वहीं पढ़ाई कर सकेगा। शिक्षक को कक्षा में हिंदी के बाद अंग्रेजी में भी समझाने के लिए कहा जाएगा।

# सांसद पप्पू यादव को धमकी देने वाला शख्स दिल्ली से गिरफ्तार



**निज संवाददाता | पूर्णिया**

सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पूर्णिया पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से अरेस्ट किया है। पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि सांसद को धमकी देने के मामले में दिल्ली से महेश पांडेय पिता कृष्ण कुमार पांडे को गिरफ्तार किया गया है। 28 अक्टूबर को पप्पू यादव को धमकी दी गई थी।

एसपी शर्मा ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जिस मोबाइल और सिम कार्ड का प्रयोग किया गया था, उसे भी जब्त किया गया है। आरोपी महेश का किसी गिरोह से कुछ लेना देना नहीं है। लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप से भी इसके किसी तरह के संबंध होने की बात सामने नहीं आई है। वह पहले भी बड़े नेताओं के यहां काम कर चुका है। आरोपी दिल्ली एम्स और रक्षा मंत्रालय के कैंटीन में भी काम कर चुका है। इसने कॉल करने के दौरान, ऑडियो और वॉट्सऐप पर खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया था। इसने दिल्ली से ही सांसद को धमकी दी थी।

# रांची, जमशेदपुर में भूकंप, 5 सेकेंड तक हिली धरती

**निज संवाददाता | रांची**




झारखंड में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके सुबह 9.20 बजे आए। इस दौरान 5 सेकेंड तक धरती हिली। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 रही। भूकंप का केंद्र खूंटी था। इसकी गहराई धरती से 5 किमी नीचे थी। हालांकि, तीव्रता कम होने की वजह से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया किभूकंप का असर केंद्र से 50 से 60 किमी के दायरे में देखने को मिला है। जिस वजह से खूंटी के अलावा रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम के इलाके में लोगों को भी इसका एहसास हुआ है। मौसम विभाग और स्थानीय जिला से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, चक्रधरपुर और जमशेदपुर में इसका असर दिखा। खरसावां में भी भूकंप की तीव्रता महसूस की गई है। इन जगहों के साथ-साथ चाईबासा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप जिस समय आया उस समय अधिकांश लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। जिन जगहों पर लोगों को झटके महसूस हुए हैं, वहां लोग घरों से बाहर निकले।

दरअसल हमारी धरती कई परतों से मिलकर बनी है। ये परतें (प्लेट) नीचे कई फुट गहराई में एक दूसरे के ऊपर फिट हैं और लगातार घर्षण करती रहती हैं। सामान्य तौर पर इस घर्षण की तीव्रता इतनी कम होती है कि यह हमें महसूस नहीं होता, लेकिन जब किसी प्राकृतिक असंतुलन की वजह से इसकी तीव्रता औसत से ज्यादा हो जाती है तो भूकंप के झटके आते हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर नापी जाती है। 5 से ऊपर तीव्रता होने पर भूकंप से ज्यादा नुकसान होने की आशंका होती है। अगर इसकी तीव्रता 4 से कम हो तो इसे सामान्य माना जाता है।

# सरकारी स्कूलों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

**निज संवाददाता | पटना**

पटना जिला सहित राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में बिजली आपूर्ति को लेकर स्मार्ट प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने डीइओ को निर्देश जारी किया है। निदेशक ने कहा कि सभी प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिजली के बकाया राशि के भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। बिजली की बकाया राशि भुगतान किये जाने के बाद स्कूलों में स्मार्ट मीटर प्री-पेड मीटर लगाया जायेगा। जिले के सरकारी स्कूलों को बकाया बिजली राशि की भुगतान के लिये विभाग को आवेदन देने को कहा गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट प्री-पेड मीटर की राशि का भुगतान शिक्षा विभाग की ओर से किया जायेगा। स्कूलों में बिजली की खपत के अनुसार बिजली बिल का भुगतान किया जायेगा। इसके अलावा जिन स्कूलों में सोलर पैनल लगे हैं वहां विभाग उसी आधार पर बिजली विभाग को क्लेम कर राशि का भुगतान करेगी। स्कूलों में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाये जाने के बाद स्कूलों के प्रधानाध्यापक की यह जिम्मेवारी होगी वे बिजली की खपत पर नजर रखें। इसके साथ ही शिक्षक भी विद्यार्थियों को बिजली की बचत के लिये जागरूक करेंगे। एवरेज से अधिक बिजली खपत होने पर प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे की बाहरी तत्वों द्वारा बिजली की चोरी तो नहीं की जा रही है। इसके साथ ही स्कूल में लगने वाले मीटर के साथ-साथ कोई किसी तरह का छेड़-छाड़ न हो इसको ध्यान में रखते हुये स्कूल कैंपस में ऐसी जगह पर मीटर लगाया जायेगा जो सुरक्षित हो।

### बिजली खपत होगी कम




जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाये जाने से बिजली की खपत भी कम होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को बिजली की बचत के लिये शिक्षक भी जागरूक करेंगे। इसके साथ ही नन रिन्यूएबल एनर्जी की बचत के बारे में जानकारी देते हुये इसके बचत के लिये विद्यार्थियों को जागरूक किया जायेगा।

# शिक्षकों के ट्रांसफर के आवेदन 7 नवंबर से

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों से ट्रांसफर के लिए आवेदन 7 नवंबर से लिए जाएंगे। शिक्षकों को इसके लिए 15 दिन यानी करीब दो सप्ताह का समय दिया जाएगा। यही नहीं, उन्हें दिसंबर के अंतिम सप्ताह के पहले नया स्कूल भी आवंटित कर दिया जाएगा। यह जानकारी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि नए साल में शिक्षक नए विद्यालय में योगदान देंगे। एसीएस ने कहा कि वेबसाइट का ट्रायल सफल रहा और अब हम आगे की कार्रवाई करेंगे। शनिवार को विभागीय पदाधिकारियों व जिला शिक्षा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया। पिछले एक सप्ताह से ट्रायल किया जा रहा था। अब दो दिन परीक्षण करेंगे और छठ के पहले इसे शिक्षकों के लिए लाइव कर देंगे।

कश्मीर में 36 घंटे में तीन एनकाउंटर

# श्रीनगर में उस घर को उड़ाया, जहां छुपे थे आतंकी, 4 जवान घायल, 3 आतंकी ढेर

**एजेंसी | श्रीनगर**



कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए। श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। श्रीनगर में 2 सीआरपीएफ जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है।

वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ था। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। तीनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है।इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें UP के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा- जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने से पहले आतंकी हमलों में तेजी क्यों नहीं आई। इसकी जांच होनी चाहिए कि यह कौन कर रहा है। अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर के खान्यार में मौजूद आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था। आतंकवाद अपने सबसे निचले स्तर पर था, इसलिए मैं जांच की मांग कर रहा हूं। बडगाम आतंकी हमले पर श्रीनगर सांसद रूहुल्लाह मेहदी ने कहा कि इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद हमलों में तेजी आई है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- मजहामा बडगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले की खबर से दुखी हूं। पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ मेरी सहानुभूति और प्रार्थनाएं। भाजपा सरकार जो सीधे जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा को नियंत्रित करती है, उसे इन बार-बार की विफलताओं के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। साथ ही यह भी पूछना चाहता हूं कि हालिया चुनावों के तुरंत बाद इन हमलों में अचानक वृद्धि क्यों हुई?

# भारतीय कंपनियों ने नहीं किया कानून का उल्लंघन : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

भारत ने अमेरिका द्वारा भारत की 19 कंपनियों पर रूस को प्रतिबंधित सामग्री के निर्यात के आरोप में प्रतिबंध लगाये जाने पर आज स्पष्ट किया कि भारतीय कंपनियों ने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया है और भारतीय अधिकारी इस मुद्दे पर अमेरिकी अधिकारियों से बात कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा, “हमने अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रिपोर्टें देखी हैं। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं - वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के भी सदस्य हैं, और हम अप्रसार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रतिबंधों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 1540 को भी प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हमारी समझ यह है कि स्वीकृत लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं कर रही हैं। फिर भी, भारत की स्थापित अप्रसार साख को ध्यान में रखते हुए, हम लागू निर्यात नियंत्रण प्रावधानों पर भारतीय कंपनियों को संवेदनशील बनाने के लिए सभी संबंधित भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें लागू किए जा रहे नए उपायों के बारे में भी सूचित कर रहे हैं जो कुछ परिस्थितियों में भारतीय कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा भारतीय उद्योगों और हितधारकों के लिए नियमित रणनीतिक व्यापार/निर्यात नियंत्रण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हम मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भी संपर्क में हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसवालों ने ली शपथ

**टिकारी**|एकता दिवस के मौके पर गुरुवार को अलीपुर थाना परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी व जवानों ने शपथ ली। थानाध्यक्ष समेत पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा बनाये रखने की शपथ ली। साथ ही साथ एकजुट होकर समाज में शांति, सद्भावना बनाये रखने व समाज में भाईचारा फैलाने का संकल्प लिया। पुलिसकर्मियों द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान देश के उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री रहे सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि भी दी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा समेत थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारी, कर्मी, चौकीदार इत्यादि शामिल थे।

### संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत, पुलिस को भनक तक नहीं

**मानपुर**। मुफ्फसिल थाना अंतर्गत नौरंगा में गुरुवार देर रात संदिग्ध स्थिति में अधेड़ का शव मिला है। इस बात की जानकारी मिलते ही परिवार के कोहराम मच गया। घटना की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। मृतक की पहचान सुरेश प्रजापत उर्फ फतिंगा (55वर्ष) के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक का शव नौरंगा स्थित बाबू पोखर में पड़ा था। नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने कहा कि सुरेश शराब पीने का आदी था। गुरुवार रात भी शराब के नशे में धुत्त था। ग्रामीणों ने कहा कि देर रात एक युवक पोखर के पास लघुशंका करने गया तो पोखर किनारे शव देख शोर मचाया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। वही कई लोगों की माने दीपावली के मौके पर जुआ खेला जा रहा था। संभवतः खेल के दौरान कहासुनी ,धक्कामुक्की हुई होगी। जिसमें सुरेश गिर गया और मौत हो गई। जिसके बाद शव को पोखर में फेंक दिया। शुक्रवार अपराह्न परिजनों के पहुंचने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। खास बात यह है कि घटना स्थल मुफ्फसिल थाना से महज एक किमी है। बावजूद इसके पुलिस को मामले की भनक तक नहीं हैं।

### महिला सिपाही ने की आत्महत्या या फिर ये हत्या उठे सवाल, परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग



**गम्हरिया**। गम्हरिया थाना क्षेत्र के तरावे वार्ड नंबर 4 के रहने वाले निवासी विरेन्द्र यादव की 24 वर्षीय पुत्री बंदना कुमारी गुरूवार को समस्तीपुर स्थित पुलिस लाइन में फंदे पर लटक आत्महत्या कर ली। बंदना समस्तीपुर जिले के अनुसूचित जाति-जनजाति थाना में सिपाही के रूप में पदस्थापित थी। समस्तीपुर पुलिस ने बंदना कुमारी के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों सौंप दिया गया। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। वहीं परिजन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी देते हुए मृतिका के भाई लाल कुमार ने बताया कि घटना से एक दिन पूर्व घर पर फोन आया था। इसके बाद उन्होंने मां से बात की और छठ पर्व को लेकर साड़ी खरीददारी लेना को कही थी। उन्होंने कहा कि वह शुरू से ही पढ़ने में तेज-तर्रार थी। परिजनों ने बताया कि वह 22 सितंबर 2022 को महिला सिपाही के पद पर ज्वाइन की थी। उन्होंने वहां के पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आत्महत्या नहीं की होगी। उसे किसी के द्वारा हत्या कर दिया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग किया है। मृतिका बंदना कुमारी तीन भाई वह दो बहन में सबसे छोटी थी। सबसे बड़ा भाई फुलेन्द कुमार ने बताया कि दशहरा में वह घर आई थी। परिजनों के साथ अच्छा से बातचीत भी किया। इसके बाद दशहरा के बाद वह चली गई। सुबह में सुचना मिला कि बंदना कुमारी आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद वहां पहुंच कर शव को घर लाकर दाह संस्कार किया गया। भाई ने बताया कि बहन की शादी की चर्चा भी चल रही थी। गांव शव आते ही 70 वर्षीय पिता बिजेंद्र यादव और मां सुमित्रा देवी का रो-रो कर पूरा हाल था।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रखी थी भारतीय प्रशासनिक सेवा की नींव : डीएम

**गया**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती पर गुरुवार को समाहरणालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम व एसएसपी आशीष भारती समेत अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यापर्ण किया गया। डीएम ने मौके पर कहा कि लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार पटेल 565 रियासतों के विलय के लिए जाने जाते हैं। सरदार पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री सह प्रथम गृह मंत्री थे। कहा कि भारत को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि लौह पुरुष की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि 1928 में हुए बार डोली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व भी उन्होंने किया। सत्याग्रह आंदोलन सफल होने के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि से सम्मानित किया। सरदार पटेल जी स्पष्ट व निर्भीक वक्ता थे। अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। सरदार पटेल ने ही भारतीय प्रशासनिक सेवा की नींव रखी और मज़बूत बनाने पर काफी जोर दिया। उन्होंने ही सिविल सेवाओं को स्टील फ्रेम कहा था। इस अवसर पर एडीएम परितोष कुमार, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण राहुल कुमार सहित अध्यक्षता पटेल विचार मंच के संयोजक अनिल कुमार पटेल, जितेंद्र कुमार व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 2 रिश्तेदारों के बीच जमीन को लेकर विवादःदीपावली की रात घर पर बोला धावा, परिजनों को एक कमरे में किया बंद; पुलिस ने डेढ़ घंटे बाद निकाला



**गया**।गया के विष्णुपद थाना क्षेत्र के नवागढ़ी में दीपावली की रात रिश्तों का खौफनाक रूप देखने को मिला। नवागढ़ी निवासी सुमित सेन का आरोप है कि उनके चाचा अरविंद सेन ने अपने परिवार और अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके घर पर देर रात धावा बोला। दीपावली की रात घर में घुसकर सभी ने जमकर मारपीट की। इससे सुमित के सिर में चोट लग गई। आरोप है कि हमलावरों ने सुमित के पूरे परिवार को एक कमरे में बंद कर दरवाजे पर भारी ताला लगा दिया। मौके से फरार हो गए। खास बात यह भी है कि इस दौरान उन्हें बचाने के लिए आस पड़ोस से कोई मदद नहीं की गई। इस मुश्किल घड़ी में सुमित ने किसी तरह डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लेकिन ताला खोलने में असफल रही। आखिरकार, विष्णुपद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीढ़ी का सहारा लेकर बंद कमरे से सुमित और उनके परिवार को बाहर निकाला। इस काम में पुलिस को करीब डेढ़ घंटे लग गए। सुमित का कहना है कि उनके चाचा अरविंद सेन से उनका लंबे समय से संपत्ति विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते उनके चाचा और परिवार ने इस घटना को अंजाम दिया। सम्बन्धित मामले में पीड़ित ने थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सुमित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# करंट लगने से महिला की मौत, शव रखकर सड़क जाम

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के धर्मपुर गांव के खंधा में शनिवार की सुबह करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी बुधन जमादार की पत्नी रजिया देवी (35) के रूप में हुई है। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को हिलसा-नूरसराय मुख्य मार्ग के हथकट्टा मोड़ के पास रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजन सड़क जाम कर प्रशासन से मुआवजा और कार्रवाई मांग कर रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही चण्डी थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों का समझाने का प्रयास किया गया।



**लोगों ने शव रखकर किया सड़क जामः** घटना के संबंध लोगों ने बताया कि रजिया देवी धान काटने के लिए धर्मपुर खंधा जा रही थी। जहां बोरिंग चलाने के लिए बिछाए गए बिजली तार के संपर्क में आ गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गई। जब तक आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को हिलसा-नूरसराय मुख्य मार्ग के हथकट्टा मोड़ के पास रखकर और टायर जला जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर चण्डी थानाध्यक्ष सुमन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर आक्रोशित को समझाने बुझाने के प्रयास में कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि परिजनों की मांग है कि जिस खेत में यह हादसा हुआ है। उस खेत का मालिक आश्रितों को मुआवजा दे। फिलहाल पुलिस सड़क जाम हटाने के प्रयास में जुटी हुई है।

♦ नालंदा में धान काटने जा रही थी, खेत मालिक से मुआवजे की मांग

# PK बोले-चुनाव में सलाह देने के 100 करोड़ लेता था

निज संवाददाता। गया



प्रशांत किशोर किसी भी पार्टी या नेता को केवल सलाह देने के लिए 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा फीस लेते थे। ये बयान उन्होंने 31 अक्टूबर को गया की बेलागंज विधानसभा में अपने कैंडिडेट के प्रचार के दौरान दिया। प्रशांत ने आगे कहा कि 'दस राज्यों में मेरी बनाई सरकार चल रही है। लोग अक्सर पूछते हैं कि मैं अपने अभियान के लिए पैसे कहां से लाता हूं। मेरी बनाई सरकारें आज देश के 10 राज्यों में शासन कर रही है। तो हमको क्या अपने अभियान के लिए टेंट और तंबू लगाने के लिए पैसा नहीं मिलेगा? आप लोगों ने मुझे इतना कमजोर समझ रखा है क्या?' 13 नवंबर को 4 सीटों पर उपचुनाव, प्रशांत ने भी कैंडिडेट्स उतारे दरअसल, 13 नवंबर को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। पहली बार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी सभी सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं। बेलागंज से मोहम्मद अमजद, इमामगंज से जितेंद्र पासवान, रामगढ़ से सुशील कुमार सिंह कुशवाहा और तरारी से किरण सिंह पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। उपचुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

**2 अक्टूबर 2024 को बनाई पार्टीः** 2 साल तक बिहार में पदयात्रा करने के बाद प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को जन सुराज पार्टी की नींव रखी। पटना में प्रशांत किशोर ने जन सुराज को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया।

## नालंदा में महिला को लगी गोली



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की रात एक महिला को गोली लग गई। उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र के करिंगपुर गांव निवासी जितेंद्र महतो की पत्नी रूबी देवी के रूप में की गई है। घटना चंदवापर गांव के पास की है। पति जितेंद्र महतो ने कहा कि बिहार शरीफ में ऑटो चलाते हैं। छठ को लेकर देर शाम अपने ऑटो से घर आ रहे थे। इसी दौरान सारे थाना क्षेत्र के चंदवापर गांव के समीप आम के बगीचे से पटाखे जैसी आवाज आ रही थी। मुझे लगा कि कोई पटाखा जला रहा होगा। कुछ दूर आगे बढ़े उनकी पत्नी दर्द से कराहने लगी। गोली पत्नी के जबड़े के पास लगी। जिसके बाद सदर अस्पताल पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

**अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्जः** सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी महिला रूबी देवी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। गोली जबड़े में अटकी हुई थी। सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला अपने पति के साथ ऑटो पर बैठकर घर जा रही थी।

# नालंदा में एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एम्बुलेंस कर्मी हड़ताल पर है। इन्हें 2 महीने से वेतन नहीं मिला है। शनिवार को कर्मियों के हड़ताल के कारण एक पति अपनी पत्नी को कंधे पर उठाकर ले जाता हुआ दिखाई दिया। एम्बुलेंस कर्मियों ने अपने डायल-102 नंबर वाहनों को सदर अस्पताल में खड़ा कर दिया है और दिन भर हड़ताल पर बैठे है। एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल का असर मरीजों पर पड़ रहा है। सदर अस्पताल बिहार शरीफ में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज, जिन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है। वह खुद के पैसे से ऑटो बुक कर मरीज को ले जा रहे हैं। ऐसा ही नजारा सदर अस्पताल में देखने के लिए मिल रहा है।

**हायर सेंटर रेफर करने के बाद मरीज परेशानः** सर्प दंश की शिकार हुई शोभा देवी, मल विगहा गांव से सदर अस्पताल पहुंची थी। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजन अस्पताल परिसर के बाहर गए और एक ऑटो किराए पर लेकर इमरजेंसी वार्ड के पास पहुंचे। इसके बाद मरीज को पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। सदर अस्पताल से दूसरी तस्वीर भी निकल कर सामने आई है। जहां कंधे पर रखकर अपनी बीमार पत्नी को बुजुर्ग ले जाता हुआ दिखाई दिया। रवींद्रनाथ अपनी बीमार पत्नी को दिखाने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे। जहां से वह इलाज के बाद वापस घर सरमेरा जा रहे थे। वह बस पकड़ने अस्पताल से बस स्टैंड के लिए पैदल ही निकल गए।



♦ नालंदा में एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल, अस्पताल में मरीजों की बढ़ी परेशानी

**कर्मियों की तुरंत वेतन भुगतान करने की मांगः** एम्बुलेंस कर्मियों ने लंबित वेतन का अविलंब भुगतान करने की मांग की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि चार महीने का ईपीएफ और ईएसआईसी का भुगतान जल्द किया जाए। साथ ही नई सेवा प्रदाता कंपनी जेन प्लस प्राइवेट लिमिटेड में वर्तमान कर्मचारियों के समायोजन किया जाए। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर एम्बुलेंस कर्मी हड़ताल पर हैं। सदर अस्पताल में रेफर मरीजों के लिए सरकारी एम्बुलेंस की जगह कोई अलग से व्यवस्था नहीं की गई है।

# टूर एंड ट्रैवल कंपनी पर ठगी का आरोप

निज संवाददाता। गया

गया शहर के एपी कॉलोनी में स्थित एलिजा टूर एंड ट्रैवल पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है। आरोप है कि उमरा सफर के नाम पर ठगी हुई है। स्थानीय और पड़ोसी राज्य के लोगों का कहना है कि टूर एजेंसी ने लाखों रुपए लेकर वादा किया था कि उन्हें उमरा पर भेजा जाएगा, लेकिन कई माह के इंतजार के बाद भी संपर्क नहीं किया गया। आरोप है कि एलिजा टूर के मालिक सद्दाम अब शहर से फरार होने की फिराक में हैं। सद्दाम के फरार होने की सूचना पर सैकड़ों लोग एजेंसी के दफ्तर पहुंचे और हंगामा किया। बताया गया कि सद्दाम ने उमरा के पैकेज के नाम पर तीन तरह के पैकेज के तहत प्रति व्यक्ति 60, 55 व 35 हजार रुपए लिए। भरोसा दिया कि जल्द ही उमरा के लिए भेजे जाएंगे। कई परिवार को दिल्ली बुलाया गया। वहां वे टिकट का इंतजार कर रहे हैं।

**पैसे वापस कराने की मांगः** रामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। लोगों ने पुलिस से सद्दाम की गिरफ्तारी की नहीं, पैसे वापस कराने की मांग की है। एक नेशनल स्तर के न्यूज चैनल के सीईओ के भी 3 लाख रुपए फंसे हैं। वे बीते एक पखवाड़े से रुपए वापस लेने के लिए परेशान हैं। मालूम हो कि उमरा इस्लाम धर्म में एक अहम इबादत है जो मुसलमानों को मक्का-मदीना की पाक धरती पर खुदा के करीब पहुंचने का अवसर देती है।




उमरा, जिसे हज के बाद एक छोटा हज माना जाता है। पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक रूहानी यात्रा है। इसे किसी भी समय किया जा सकता है।

**60 हजार रुपए दिए थेः** पीड़ित जकिद अनियल ने कहा कि हमलोग 9 आदमी हैं। 60 हजार प्रति व्यक्ति दिए हैं। कुल 5 लाख 40 हजार रुपए हुए। उमरा जाने का डेट 25 अक्टूबर को दिया था। फिर कहा कि 7 नवंबर को फ्लाइट है। पीड़ित मो. जूलफिगार ने कहा कि 60 हजार में बात हुई थी। 30 अक्टूबर को जाना था। फोन किया तो फोन नहीं उठाया, यहां आए तो बात टालने लगा। सद्दाम से बातचीत हुई थी। पीड़ित गिरिडीह कोर्ट के अधिवक्ता मो. सलाम अंसारी ने कहा कि उमरा जान के लिए इनका विज्ञापन देखा था। 60 हजार प्रति व्यक्ति। हमलोग पूरा परिवार 60-60 हजार रुपए दिए। 2 दिसंबर को हमारी फ्लाइट थी। हम बोले कि 20 दिसंबर को कर दिया जाए। हम लोग ऑफिस देखने आए थे। गिरिडीह में एलिजा का सब ब्रांच है। उनके प्रौपराइटर मोईन से जानकारी मिली कि ये रात में इंडिया छोड़ रहे है। डेढ़ करोड़ का स्कैंडल है। ये फोन भी नहीं उठाते। सभी के साथ फ्रॉड हुआ है। ये प्लानिंग है।

**मामले की निगरानी रखी जा रहीः** रामपुर थानाध्यक्ष विजय बहादुर ने कहा कि मामले में निगरानी की जा रही है, मुकदमा दर्ज कराने को कहा गया। पीड़ित लोग अभी तैयारी नहीं हुए हैं, वे आपसी सुलह से मामले को निपटाना चाहते हैं। आवेदन आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके पुलिस घटनास्थल पर नजर रख रही है। पीड़ितों को हिदायत दी गई है, कि आरोपी के साथ कुछ भी अनहोनी न हो, नहीं तो पीड़ितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

♦ उमरा के नाम पर लोगों से प्रति व्यक्ति 60-60 हजार रुपए लिए, दफ्तर में किया हंगामा

## 4 दिनों से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के रहुई नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में पिछले चार दिनों से पानी की किल्लत से लोग बेहाल हैं। धनतेरस के दिन से ही जल आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी, नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुड़िया कुमारी, कुसुम देवी, ललिता देवी, बानेश्वर यादव और राजेश यादव ने बताया कि पानी की कमी के कारण उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। पशुओं के लिए पानी जुटाना भी मुश्किल हो गया है। दीपावली जैसे त्योहारों में भी उन्हें पानी की समस्या का सामना करना पड़ा। मोटर में खराबी के कारण यह समस्या बनी हुई है।

**जेई पर पद का दुरूपयोग करने का आरोपः** नगर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अलबेला राय ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि कई बार जेई अंजना कुमारी को इस समस्या से अवगत कराया गया है। लेकिन उन्होंने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अलबेला राय ने आरोप लगाया कि जेई अपने पद का दुरुपयोग कर रही हैं। लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही हैं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में जेई अंजना कुमारी ने कहा कि उन्हें समस्या की सूचना मिल गई है। इसे जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। इस बीच नगर पंचायत द्वारा पानी के टैंकर भेजकर ग्रामीणों को अस्थायी राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।

♦ नालंदा में दूर-दराज से पानी भरकर चला रहे काम, जई पर ध्यान नहीं देने का आरोप

## खिलाड़ियों का स्वागत 6 से 10 वर्ष के बच्चे करेंगे



निज संवाददाता। नालंदा

राजगीर में होने वाली एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी - 2024 के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार किया जा रहा है। एमआर नायक अपर पुलिस महानिदेशक और शगरिमा मालिक, पुलिस महानिरीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में 11 से 20 नवंबर तक राजगीर में एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बड़े खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना बेहद जरूरी है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खेल के दौरान विभिन्न देशों के राष्ट्रीय गान के समय खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए 6 से 10 वर्ष के बच्चों का चयन किया जाए।

**पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की होगी तैनातीः** अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पूरे राजगीर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अच्छी रहे, भीड़ को नियंत्रित किया जाए, नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए, ड्रोन का इस्तेमाल किया जाए और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती हो।

# दबंगों ने महादलित परिवार के घर में लगाई आग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दबंगों ने दीपावली की रात महादलित परिवार के घर में शराब के नशे में धुत्त होकर आग लगा दी गई। इसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि किस प्रकार आग की लपटें घरों को अपने आगोश में ले लिया है। लोग चीख चिल्ला रहे हैं।

**नालंदा में दबंगईः** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के छीतर बिगहा गांव में एक घटना सामने आई है। यहां दबंगों ने महादलित परिवार के साथ मारपीट की और उनके घर में आग लगा दी। मंगल मांझी झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। 4 से 5 की संख्या में नशे में धुत्त दबंगों ने महादलित परिवार के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उससे भी मन नहीं भरा तो दबंगों ने पीड़ित परिवार की झोपड़ीनुमा घर में आग लगा दी। हालांकि, अगलगी की घटना से घर के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं हुआ। लेकिन घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस बात की चर्चा है कि दबंगों ने पहले शराब पिया, फिर सिगरेट पीने के लिए माचिस की मांग की। पीड़ित द्वारा माचिस नहीं दिया गया। उसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई और मारपीट के बाद मामला शांत हो गया। फिर दबंगों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मंगल मांझी के झोपड़पट्टी घर को आग के हवाले कर दिया।



♦ माचिस नहीं देने के बाद घटना को दिया अंजाम, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**प्रशासनिक प्रतिक्रियाः** थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले में कुल 4 लोगों को आरोपित कर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। माचिस नहीं देने की वजह से घटना को अंजाम देने की बात बताई गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### गोवर्धन पूजा पर कई जगह पर हुआ दंगल प्रतियोगिता एवं पूजा

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। परंपरागत पर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र के कई प्रखंडों में आज दंगल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन जहां स्थानीय स्तर के कई पहलवानों ने अपने भाग्य को आजमाया तो वहीं इस अवसर पर मेले का लूत्फ भी लोगों ने उठाया। प्रखंड क्षेत्र काराकाट में जहां जय श्री जोरावरपुरा, सकला सहित विभिन्न स्थानों पर दंगल का कार्यक्रम और भगवान श्री कृष्ण का पूजा किया गया तो वहीं बिक्रमगंज प्रखंड के धारूपुर, शिवपुर, घोसिया कला समेत कई स्थानों पर भव्य तरीके से गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम किया गया ।वहीं दावथ से नगर पंचायत कोआथ, बभनोल, शाहिनाव, सेमरी सहित विभिन्न स्थानों पर गोवर्धन पूजा आयोजित किया गया तो सूर्यपुरा में प्रत्येक वर्ष स्थानीय स्तर से हटकर बाहर के पहलवानों को बुलाकर दंगल कराने की परंपरा इस साल भी देखी गई। जहां विभिन्न पहलवानों के ऊपर कई तरह के इनाम की राशि भी रखी गई थी। इस दंगल प्रतियोगिता के कार्यक्रम को जहां व्यवस्थित करते हुए मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, प्रमुख सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया सीता सिंह, हीरालाल सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर सुमन, सी ओ गोल्डी कुमारी, थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी के अलावे स्थानीय विधायक भी मौजूद दिखे। कुसुम्हरा पंचायत में मुखिया प्रतिनिधी राकेश कुमार सिंह भी लख के इस पार मैदान में पहलवानों के बीच कुश्ती प्रतियोगिता एवं पूजा पाठ में शामिल रहे। वही नगर पंचायत कोआथ में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद धर्मेंद्र चौधरी ने विभिन्न पूजा स्थान का भ्रमण कर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए दिखाई दिए तो प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह तथा मुखिया चंदन कुमार सिंह भी लोगों से मिलते जुलते एवं बधाइयां देते नजर आए।

### अमैसीडीहरा मे धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के अमैसीडीहरा गांव मे प्राथमिक विद्यालय के समीप गोवर्धन पूजा के ग्राम वासियों धूम धाम से भगवान श्री कृष्ण का पूजा अर्चना किया। बताया जाता है कि उक्त गांव का गोवर्धन पूजा सदियों से हिंदू परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। जहां दिनेश प्रसाद सिंह एवं राजू यादव के नेतृत्व में पुजा होता आ रहा हैं। यह गोवर्धन पर्वत की पूजा का भी प्रतीक है। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र के प्रकोप से गांव वालों और गायों की रक्षा की थी। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाये जाने वाले पर्व गोवर्धन पूजा को अन्नकूट पूजा के रूप में भी जाना जाता है। यह त्यौहार दिवाली के एक दिन बाद मनाया जाता है। इस दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई जाती है और उसका पूजन करके भगवान कृष्ण को धन्यवाद दिया जाता है। गोवर्धन पूजा से जुड़े कई रीति-रिवाज और परंपराएं हैं, और यह त्योहार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। यहां पर मेला का आयोजन होता है बहुत दूर-दूर से लोग आया करते हैं रात्रि में नाट्य मंचन का आयोजन किया जाता है। क्षेत्रीय पहलवान के द्वारा कुश्ती का जोर्दार मुकाबला हुआ। जहां विजेता हुए पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर समाजसेवि जनप्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 62 वर्षीय व्यक्ति की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)**। संझौली थाना क्षेत्र के खैरा भूतहां गांव में शनिवार की सुबह अज्ञात अपराधियों द्वारा 62 वर्षिय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक खैरा भूतहां निवासी हदयानंद प्रासाद उर्फ गिदिक जो विश्वनाथ प्रसाद का पुत्र बताया जाता है। घटना की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शब को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। हत्या के कारण अभी स्पस्ट नही हो पाया है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी है। बिक्रमगंज एसडीपीओ ने घटना स्थल पर पहुचकर घटना का जायजा लिया तथा मृतक के परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। जब सुबह हुआ तो उनके परिजन ने मवेसी को बाहर निकालने व साफ-सफाई झाड़ू लगाने के लिए गया।

# छठ घाटों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



लोक आस्था के महान पर्व छठ को लेकर जिले के विभिन्न छठ घाटों पर प्रशासनिक स्तर से की जाने वाली तैयारी एवं घाटों की साफ सफाई का कार्य जोर शोर से शुरू हो चुका है। एक तरफ जहां व्रती नदी, तालाब, पोखर आदि के किनारे पूजा के लिए घाट बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन एवं स्थानीय पूजा कमेटी भी घूम-घूम पर घाटों की साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम सुविधाओं को लेकर तैयारी में मशगूल है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जिला मुख्यालय सासाराम स्थित कई छठ घाट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किया है। इस दौरान डीएम एसपी ने लालगंज नहर स्थित त्रिलोचन घाट, बेदा सूर्य मंदिर, फजलगंज दुर्गा कुंड सहित शहर के कई घाटों पर तैयारियों का जायजा लिया तथा छठ घाटों पर जिला प्रशासन की तरफ से की जाने वाली बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी समुचित व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों को भी छठ पूजा से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए प्रशासन को सहयोग करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सह डीडीसी विजय कुमार पांडे, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, सदर एसडीएम आशुतोष रंजन, उप नगर आयुक्त मैमून निशा, सीईओ, वीडियो, सिटी मैनेजर अजहर सहित अन्य अधिकारी व नगर पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## अंतरराज्य स्तरीय दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)

प्रखंड मुख्यालय स्थित दयालगंज बालपर शनिवार को गोवर्धन पूजा कमेटी के तत्वावधान में अंतरराज्य स्तरीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बक्सर कैमूर भोजपुर औरंगाबाद समेत कई जिला से आए दर्जन भर पहलवानों प्रतिभागियों ने भाग लिया। कमेटी ने दंगल लड़ने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए एक हजार से पांच हजार तक का इनाम घोषित कर रखा था। जिसके लिए दंगल लड़ने आए पहलवानो ने अपने दाव पेंच आजमाइश करते दिखे। दंगल प्रतियोगिता में कैमूर के रामबाबू व चौसा के पिंटू कुमार मुगलसराय के अनुज कुमार व कैमूर के रामासूत बरना के संजय कुमार व कर्मनाशा के मठलू यादव, कैमूर के विनोद कुमार व कर्मनाशा के समशेद, बिक्रमगंज के रवि व दरिगांव के कुन्दन, आरा के विकास यादव व मोहनी के धर्मेद्र यादव, रायपुर के किशुन व शिवपुर के मोहित, सिकरिया के कुलदिप व रोहतास के चंदन एवं कैमूर के मठलू यादव व सासाराम के छोटू कुमार एक दुसरे से दो हाथ करने को उतावले दिखे। हजारों दर्शक के बीच प्रतियोगिता करा रहे दयालगंज गांव निवासी सिपाही सिंह यादव निर्णयकर्ता खुद लंगोटी धारण कर खेल के अंत तक मैदान में डटे रहे।

## श्रद्धा, विश्वास के साथ भक्तों ने की भगवान गोवर्धन की पूजा

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय बाजार के बकस बाबा प्रांगण समेत क्षेत्र में भगवान गोवर्धन की पूजा शनिवार को आस्था व, विश्वास के साथ भक्ति-भाव पूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजपुर भावी पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार प्रदीप कुमार व मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में बकस बाबा प्रांगण स्थित श्री कृष्ण मंदिर में भगवान का पूजन किया गया। गांव में बने गोवर्धन पर्वत व श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष बैठ पुरोहित के नेतृत्व में विधी विधान पूर्वक पूजा पाठ करते हुए भगवान की कथा का श्रवण करते हुए श्रीकृष्ण से अपने कुल की कुशलता, खुशहाली व उन्नति की कामना की पशुपालकों ने इस अवसर पर शुभ मुहूर्त देख अपने पशुओं को नमक खिलाने की परम्परा का निर्वाहन किया तथा अपने गो-धन को स्नान कराते हुए सिंघ व माथेपर घी का लेप लगाया।

## गोवर्धन पूजा पर हुआ दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

» **रेफरी की भूमिका आसुतोष यादव, राजेश यादव, व उदय यादव तथा मंच के संचालन इंस्पेक्टर अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोह विधान सभा के विधायक भीम यादव, सासाराम विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी लालबाबू यादव, युवा समाजसेवी अजय यादव, समाजसेवी मोहित सिन्हा ने किया।**

निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)



प्रखंड क्षेत्र के भादसा गांव में शानिवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां यूपी बिहार से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। जहां पुरुष तथा महिला पहलवानों ने भाग लिया। जिसमे पहलवानों के द्वारा पटखनी देने पर ही हार जीत का फैसला किया गया।कार्यक्रम में युवा पहलवानों का भी दबदबा रहा। कार्यक्रम में कैमूर की सपना ने डुमरी की ब्यूटी पहलवान को 3 मिनट के समय में 2 मिनट में हीं पटखनी दे पुरस्कार पर अपना कब्जा जमा लिया। इसके बाद लक्ष्मणपुर की निशा ने सिमरी की सुमन को पटखनी दी। पुरूषों के दंगल में वाराणसी के रंजन ने शैलेश को पटखनी दी। इसके आलावा दीपू बिछिया ने शमशेर कर्मनाशा को शिकस्त दिया। इसके साथ गोविंदा यादव कैमूर ने गाजीपुर के बलिराम को पटखनी दी।शमशेर व दीपू के साथ ही कई दर्जनों पहलवानों का कुश्ती फंसा। कुश्ती देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक देर शाम तक डटे रहे। रेफरी की भूमिका आसुतोष यादव, राजेश यादव, व उदय यादव तथा मंच के संचालन इंस्पेक्टर अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोह विधान सभा के विधायक भीम यादव, सासाराम विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी लालबाबू यादव, युवा समाजसेवी अजय यादव, समाजसेवी मोहित सिन्हा ने किया। अलग-अलग राज्यो से पुरुष तथा महिला पहलवान कुश्ती में दांव पेच आजमाने के लिए पहुंचे हुए थे। इस दौरान दर्जनों पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदी पहलवानों को पटखनी दी। मौके पर कुश्ती कोच के अध्यक्ष अजय पहलवान, मुखिया संध के अध्यक्ष उमेश यादव, पूर्व मुखिया जगनारायण, डॉ बैजनाथ सिंह बटोही, युगेन्द्र कुशवाहा, उपेंद्र यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष राजू यादव, सुनील यादव, अविनाश यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रभु यादव, छोटन यादव, अभिमन्यु यादव, यदुवंशी सेना के प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम यादव आदि मौजूद थे।

# लेट्स इंस्पायर के जिला कार्यालय का उद्घाटनः युवाओं को बदलाव का आह्वान

निज संवाददाता | डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)



शनिवार शाम को स्थानीय न्यू डिलिया में 'लेट्स इंस्पायर' के जिला कार्यालय का उद्घाटन एक भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं आईजी विकास वैभव ने युवाओं को संबोधित किया और उन्हें प्रेरित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा में वह अद्भुत क्षमता है कि वे अपने राज्य को बदलने और सफलता की ऊंचाई को छूने में सक्षम हैं। विकास वैभव ने अपने संबोधन में रोहतास की ऐतिहासिकता को रेखांकित करते हुए कहा, 'मैंने इस भूमि के विकास और उग्रवाद के उन्मूलन के बाद के परिवर्तन को खुद देखा है। यह बदलाव सिर्फ सरकार के प्रयासों से नहीं हुआ, बल्कि लोगों के जुड़ने और समाज के हर तबके के सहयोग से संभव हुआ है।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम सभी मिलकर काम करें, तो किसी भी कार्य को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी 1 दिसंबर को सासाराम में आयोजित 'नमस्ते बिहार' कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। 'हमें जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर एक-दूसरे को जोड़ने की आवश्यकता है। हमें हर गांव तक यह संदेश पहुंचाना है कि हम सभी मिलकर 2047 तक एक विकसित बिहार का सपना साकार कर सकते हैं,' उन्होंने जोड़ा। विकास वैभव ने यह भी स्पष्ट किया कि इस बदलाव के लिए सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग की आवश्यकता है। 'लेट्स इंस्पायर' इस दिशा में सक्रिय है और नियमित रूप से बिहार के युवाओं को उनके लक्ष्यों की ओर प्रेरित करने का काम कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने विचारों को साझा करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करें। उद्घाटन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह बाला को डेहरी अनुमंडल के कोऑर्डिनेटर के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल विधि संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, मुन्ना सिंह, मनोज अज्ञानी, यश उपाध्याय, डॉ. नवीन नटराज, अभिनव कला संगम के नंदन कुमार, लव सिंह, मदन सिंह, जेड आर अंसारी, गिरिजाधारी पासवान, संतोष सिंह, बिनोद गुप्ता और अन्य प्रमुख युवा नेताओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित युवाओं ने 'लेट्स इंस्पायर' के माध्यम से मिलने वाले अवसरों और संसाधनों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि युवा समाज के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा बन सकते हैं। उनके उत्साह और सकारात्मक सोच से ही राज्य के विकास की दिशा तय की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में, विकास वैभव ने सभी उपस्थित युवाओं से कहा कि वे एकजुट होकर काम करें और अपने सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करें। 'युवाओं में बदलाव लाने की शक्ति है, और यदि वे एकजुट हों, तो वे बिहार को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं,' उन्होंने कहा।

# धूमधाम से मना गोवर्धन पूजा का त्यौहार, गायों की हुई पूजा, धनगाई में लगा विशाल मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | सासाराम



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरिके से सम्पूर्ण जिले में धूम धाम एवं हर्षोउल्लास के वातावरण में गोवर्धन पूजा का त्यौहार समारोह पूर्वक शनिवार को मनाया गया। हालांकि जिले के कई प्रखंडो के गांवों में जहां यादव जाति की सर्वाधिक संख्या होता है वहां यह त्यौहार मनाया जाता है। सूचना के अनुसार, जिले कई हिस्सों में शुक्रवार को भी गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाया गया। लेकिन जिले के अधिकांश जगहों पर शनिवार को ही मनाया गया। इस पूजा को लेकर नगर परिषद बिक्रमगंज के धानगाई गांव में सदियों से लगता रहा विशाल मेला आयोजन भी किया गया। जिससे यहा का महत्व काफी लोकप्रिय हो जाता है। जिसमे हाथी घोड़े गाजे बाजे के साथ हजारो की संख्या में महिलाएं व पुरूष इस पूजा समारोह में हिस्सा और गोवर्पूधन पर्वत का पूजा अर्चना किया। दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को अन्नकूट का त्यौहार मनाया जाता है। लेकिन इस बार एक दिन बीच लगाकर शनिवार को मनाया गया है। क्योंकि शुक्रवार को भी आमाशय होने की वजह से एक दिन बाद मनाने का निर्णय लिया गया। पौराणिक कथानुसार यह पर्व द्वापर युग में आरम्भ हुआ था। क्योंकि इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन और गायों के पूजा के लिए निर्मित पके हुए अन्न भोग में लगाए थे। इसलिए इस दिन का नाम अन्नकूट पड़ा। कई जगह इस पर्व को गोवर्धन पूजा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भक्तगण छप्पन प्रकार के पकवान, रंगोली, पके हुए चावलों को पर्वत के आकार में बनाकर भगवान श्री कृष्ण को अर्पित करते हैं। तद्योपरांत श्रद्धा और भक्तिपूर्वक उनकी पूजा-वंदना करते हैं। उसके बाद अपने स्वजनों और अतिथियों के साथ बाल गोपाल को अर्पित इस महाप्रसाद को भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं। अन्नकूट के पवित्र दिवस पर चन्द्र दर्शन अशुभ माना जाता है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा भी की गई। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं। उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की पूजा की जाती है। इसमें हिंदू धर्मावलंबी घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धननाथ की अल्पना (तस्वीर या प्रतिमूर्ति) बनाकर उनका पूजन करते है। इसके बाद ब्रज के साक्षात देवता माने जाने वाले गिरिराज भगवान (पर्वत) को प्रसन्न करने के लिए उन्हें अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। मान्यतानुसार भगवान श्री कृष्ण ने इसी दिन इन्द्र के घमंड को तोड़ा था। जिस कारणवश इस दिन बाल गोपाल के पूजा का बड़ा महत्व होता है। आस्थावान भक्तों की मानें तो इस अनुष्ठान को विधिपूर्वक संपन्न करने से भक्त को भोग और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अन्नकूट की विशेष रात्रि पर भक्तगण भव्य सत्संग का आयोजन करते हैं और पूरी रात श्रीप्रभु के भजन और उनके गुणों के बखान को गाते हैं।माना जाता है कि भगवान कृष्ण का इंद्र के मान-मर्दन के पीछे उद्देश्य था कि ब्रजवासी गौ-धन एवं पर्यावरण के महत्व को समझें और उनकी रक्षा करें। आज भी हमारे जीवन में गायों का विशेष महत्व है। आज भी गायों के द्वारा दिया जाने वाला दूध हमारे जीवन में बेहद अहम स्थान रखता है। लेकिन यह एक अफसोस की बात है कि जिस गाय को हम मां के समान मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं उसकी देखभाल की हमें कोई चिंता नहीं।यहा लगने वाले मेला में अखड़ा का भी आयोजन किया गया। जहा क्षेत्रीय पलाहवानो के अलावे दूर दराज से भी पलाहवान कुश्ती लड़ने के लिए यहा शिरकत किए और संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां भोजपुरी के नामचीन कलाकार गोलू राजा,चंदन यादव वो दीपिका ओझा ने अपने गायकी से पूरे रात समा बांधते हुए लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## मिट्टी के चूल्हे पर छठ के प्रसाद बनाने की परंपरा आज भी कायम

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। मिट्टी के चूल्हे व साफ सफाई एवं हिंदू संस्कृति का अनोखा रिश्ता है। हर पर्व एवं पूजा पाठ में मिट्टी के चूल्हे का ही इस्तेमाल होता है। इसी क्रम में लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व में भी मिट्टी के चूल्हे का इस्तेमाल होता रहा है। बदलते समय में भी गांव से लेकर शहर तक इस परंपरा में अब तक कोई बदलाव नहीं आया है। छठ पर्व में मिट्टी के चूल्हे पर बना प्रसाद, खीर व ठेकुआ की महिमा से सभी लोग परिचित हैं। मिट्टी के चूल्हे का उपयोग छठ में करने की परंपरा आज भी कायम है। छठ के प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर ही बनाए जाते हैं। क्योंकि यह पर्व शुद्धता का महापर्व है। नोखा के पंडित भिखारी पांडेय ने बताया कि पृथ्वी पर पड़ी वस्तुओ में मिट्टी से ज्यादा पवित्र और कुछ नहीं है। क्योंकि सभी लोग मिट्टी में ही जन्म लेते हैं तथा मिट्टी में ही उनका निर्वाण प्राप्त होता है। इसलिए मिट्टी के चूल्हे पर ही छठ पूजा का प्रसाद बनता है।

बिहार सरकार

कार्यालय अंचल अधिकारी, देव (औरंगाबाद)

सूचना

देव कार्तिक छठ मेला–2024 से संबंधित पूर्व प्रकाशित अल्पकालीन निविदा संख्या – PR No. 011424 (District) 2024-25 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

अंचल अधिकारी
देव

PR. No. 011897 (District) 2024-25

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या : 24–25–13–एचआरटी–एबीएस–एलएचबी दिनांक: 29.10.2024

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में एलएचबी एयर ब्रेक सिस्टम पाइप लाइनों एवं फिटिंग का कनेक्शन, डिसकनेक्शन एवं संबंधित गतिविधियों के लिए निविदा, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 2,17,23,540.64 (रू. दो करोड़ सतरह लाख तेईस हजार पॉच सौ चालीस एवं चौसठ पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **4. अग्रधन की राशि :** रू. 2,58,600.00 (रू. दो लाख अनठाहवन हजार छह सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 19.11.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत
पीआर/01433/एचआरटी/एमईसीएच/टी/24–25/44

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा आमंत्रण सूचना
ऑन लाईन (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचाई, सी०पी०डबलु०डी, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है।

**निविदा सूचना संख्याः डबलू–7/ई–टेन्डर/11/ओपेन/दानापुर/2024–25**

**क्रमांक 1, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियता/1/दानापुर के अर्न्तगत रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर में क्षतिग्रस्त दरवाजे, खिड़की का सुधार। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 99,17,237.53, **3. बयाना की राशि :** 1,98,400/–

**क्रमांक 2, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** जोन नं. 16/2024–25 में सहायक मंडल इन्जीनियर/जहानाबाद के अधीन सभी कार्यालय भवन, रेल कॉलोनी तथा आवासों में सभी सामान्य कार्य, पाईप लाईन, एवं सफाई कार्य, लकड़ी कार्य तथा सड़क संबंधी कार्य हेतु जोनल ठेका। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 52,00,000/–, **3. बयाना की राशि :** 1,04,000/–

**क्रमांक 3, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** जोन नं. 21/2024–25 में वरीय मंडल इन्जीनियर/3/दानापुर सेक्शन में संरक्षा उन्नयन के लिए समपार फाटक एवं एलसी भाग में टैंक के अनुरक्षण से संबंधित सभी प्रकार के कार्यो के लिए जोनल ठेका। सहायक मंडल इन्जी./बक्सर= रू. 17,00,000/–, सहायक मंडल इन्जी./लाईन/दानापुर= रू. 8,00,000/– **2. अनुमानित निविदा राशिः** 25,00,000/–, **3. बयाना की राशि :** 50,000/–

**क्रमांक 4, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** झाझा में 24 कोच लम्बाई वाले प्लेटफार्म को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म का उँचा और विस्तार। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 39,90,171.83/–, **3. बयाना की राशि :** 79,800/–

**क्रमांक 5, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/ट्रैक/दानापुर के अर्न्तगत रेलवे कॉलोनी के कर्मचारी आवास में क्षतिग्रस्त दरवाजे, खिड़कियों का सुधर। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 51,95,863.01, **3. बयाना की राशि :** 1,03,900/–

**क्रमांक 6, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियता/ट्रैक/दानापुर के अर्न्तगत रेलवे कॉलोनी के कर्मचारियों के क्वाटरों का चुते हुए छतों का सुधार। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 49,58,002.48/–, **3. बयाना की राशि :** 99,200/–

**क्रमांक 7, क्र० सं०: 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियता/ट्रैक/दानापुर के अर्न्तगत कॉलोनी के मुख्य सड़क का सुधार। **2. अनुमानित निविदा राशिः** 68,82,926.03/–, **3. बयाना की राशि :** 1,37,700/–

**4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 22.11.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।

**5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना :**
1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साइट **CRIS website: http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से सबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा, बल्कि वेव–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबन्धक (इन्जी०), पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/01451/डीएनआर/ईएनजी/टी/24–25/96

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या : एचआरटी–एम–बीआरएस–आईसीएफ–बोगी–24–2 दिनांक: 30.10.2024

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में आईसीएफ बोगियों की स्ट्रिपिंग और असेंबली तथा व्हील सेटों को डिस्मेंटलिंग और सफाई के लिए निविदा, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,47,14,252.84 (रू. एक करोड़ सैंतालीस लाख चौदह हजार दो सौ बावन एवं चौरासी पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र का राशि :** शून्य। **4. अग्रधन की राशि :** रू. 2,23,600.00 (रू. दो लाख तेईस हजार छह सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 20.11.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत
पीआर/01438/एचआरटी/2/टी/24–25/44

पूर्व मध्य रेल

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 02 स्टेशनों 1. गंजख्वाजा, 2. नबीनगर के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की चयन हेतु अधिसूचना

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 02 स्टेशनों 1. गंजख्वाजा (NSG-6), 2. नबीनगर (NSG-5) के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षो के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।

अधिसूचना संख्या– काम/एसटीबीए/डी.डी.यू./24, दिनांक 30.10.2024.

1. कार्य का विवरण : पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 02 स्टेशनों 1. गंजख्वाजा (NSG-6), 2. नबीनगर (NSG-5) पर एसटीबीए का चयन। 2. कार्य की अवधि : (03) तीन वर्ष। 3. अग्रधन राशि : 1. गंजख्वाजा (NSG-6) के लिए ₹2000/– प्रति आवेदक, 2. नबीनगर (NSG-5) के लिए ₹5000/– प्रति आवेदक। 4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ दिनांक 01.11.2024 को 11.00 बजे से दिनांक 14.11.2024 को 12.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 14.11.2024 को 12.30 बजे खोले जायेंगें। 5. वेबसाईट का पता– जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता : www.ecr.indianrailways.gov.in (Division : DDU, Department : Commercial) पर उपलब्ध है। नोट : सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01447/डीडीयू/वा./एन/24–25/52

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### डॉ. मुकेश का हुआ बीपीएससी में चयन



**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा का चयन बीपीएससी प्रधान शिक्षक पद पर हुआ है। डॉ. मुकेश पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के कायस्थ टोला के रहने वाले हैं। उनका चयन अनारक्षित कोटा में हुआ है। उनके चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। उनके चयन पर सेवानिवृत्त प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक प्रवेश कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका कुमारी रंजना, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमन प्रसाद सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के शिक्षक पंचम कुमार, फरहत जहां, अर्चना भारती, शचि कुमारी, बीपीएससी से चयनित माध्यमिक शिक्षक धीरज कुमार, बीपीएससी से चयनित प्लस टू के शिक्षक सफदर हैदर, अनिल कुमार, समाजसेवी मनोज कुमार साव, नीरज कुमार राकेश, मुकेश चौहान, अजीत कुमार मिट्ठू, बंटी कुमार, रंजीत यादव, प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य, अनिल कुमार सहित अन्य ने खुशी का इजहार कर उन्हें बधाई दी है।

### टोटो से गिरने पर महिला की मौत



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के संगत के समीप शनिवार की शाम को एक टोटो पर सवार बुजुर्ग महिला गिर पड़ी। जिससे महिला के सिर के पिछले हिस्से में गम्भीर चोट लग गई। आसपास के लोगों की सहायता से घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने घायल महिला का इलाज शुरू की। किन्तु सम्भवतः सिर के पिछले हिस्से में गम्भीर चोट लगने के कारण ब्रेन हेमरेज हो गया और इलाज के क्रम में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोटो से गिरने के बाद महिला बहुत ज्यादा मात्रा में उल्टी कर रही थी। वहीं अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि मृतक सोहदा गांव निवासी राजो यादव की 65 वर्षीय पत्नी मंती देवी उर्फ कुंती देवी के रूप में हुई है। महिला के मौत के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजन मृतक महिला के शव को अस्पताल से घर लेकर चले गए।हालांकि खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने थाना में किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं दिया है।

### फुलवरिया जलाषय की बंदोबस्ती हुई रद्द

**नवादा (नि.सं.)।** जिला मत्स्य पदाधिकारी राजीव कुमार द्वारा बताया माननीय पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा मत्स्य निदेशक, मगध परिक्षेत्र, गया एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी, नवादा को रजौली अंचल अवस्थित फुलवरिया जलाशय की बंदोबस्ती से संबंधित संपूर्ण अभिलेख/संचिका के साथ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 02.11.2024 को उपस्थित होना अनिवार्य था। उक्त आदेश के मद्देनजर रखते हुए जिला मत्स्य कार्यालय, नवादा द्वारा निर्धारित बंदोबस्ती की प्रथम तिथि दिनांक-02.11.2024 को रद्द किया गया है एवं द्वितीय तिथि दिनांक-05.11.2024 को बंदोबस्ती यथावत रहेगी।

### किसानों को चना और मसूर बीज का वितरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड कृषि कार्यालय नारदीगंज के द्वारा किसानों के बीच चना और मसूर के बीज का वितरण किया जा रहा है। यह जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंजनी कुमार ने दिया। श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड कृषि कार्यालय द्वारा किसानों के बीच 60 क्विंटल चना और 50 क्विंटल मसूर बीज का वितरण किया जाएगा। प्रति किसान 8 किलो चना या मसूर का बीज दिया जा रहा है। मसूर का बीज एनएफएसएम योजना के तहत दिया जा रहा है। जिसका कीमत 133.50 रुपए निर्धारित है। सरकार के द्वारा प्रति किलो 106.80 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। किसानों को मसूर बीज के लिए 26.70 रुपए प्रति किलो के दर से राशि का भुगतान करना पड़ेगा। उसी प्रकार चना बीज का वितरण आरकेवीवाई योजना के तहत किया जा रहा है। जिसका कीमत 120 रुपए प्रति किलो निर्धारित है। सरकार के द्वारा 78.72 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। यानि किसानों को चना बीज के लिए 41.28 रुपए प्रति किलो के दर से राशि का भुगतान करना पड़ेगा। श्री कुमार ने बताया कि 200 किसानों को चना का बीज और 100 किसानों को मसूर का बीज वितरण किया जा चुका है। किसी भी फसल का बीज प्राप्त करने के लिए किसान रजिस्ट्रेशन और खेत का रसीद रहना अनिवार्य है। बताया गया कि बीज प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार का परेशानी नहीं है। पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषि समन्वयक संजय कुमार और नोडल कृषि समन्वयक विकास कुमार भारती ने बताया कि गेहूं का बीज अभी विभाग के द्वारा नहीं भेजा गया है। लेकिन छठ पूजा के बाद गेहूं बीज भी उपलब्ध हो जायेगा। उसके बाद गेहूं बीज का वितरण किया जाएगा। मौके पर कृषि समन्वयक अजय कुमार और प्रीति कुमारी किसान सलाहकार छोटू प्रसाद, राजकुमार, चंदन कुमार, मिथिलेश कुमार, मुन्ना सिंह, इकबाल कैंसर समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

### छठ गीत से भक्ति मय हुआ विद्यालय प्रांगण



**रोह (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के इंटर विद्यालय ओहारी के प्रांगण में सुरक्षित शनिवार तहत शनिवार को छठ पर्व की झांकी निकाली गई। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका डॉ विनीता प्रिया और अंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से झांकी का नेतृत्व किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों और उपस्थित शिक्षिकाओं के द्वारा भोरे भोरे उगा हो सूरज देवा, मारवो रे सुगना धनुषा से आदि मनभावन छठ गीत प्रस्तुत किया गया। जिसके कारण पूरा विद्यालय प्रांगण भक्ति मय हो गया। राधिका, राजनंदनी,सलोनी, फ्रूटी, करिश्मा, अनुराधा, प्रिया, दिव्या, काजल,मुस्कान, निशा, टिशू और रिया आदि छात्राओं ने छठव्रती की भूमिका में थी। सभी हाथों में सूप और उसमें नारियल, केला, संतरा, ईंख आदि भी सजा था। इस मौके पर डा विनीता प्रिया ने कहा कि झांकी का उद्देश्य पौराणिक चीजों व पर्वों को मूर्त रुप देकर आपसी भाईचारा और प्रेम प्रदर्शित करना है। इस मौके पर सुनीता कुमारी, अंजु कुमारी, रीमा कुमारी, रेखा कुमारी, जुली कुमारी, उत्कर्ष शर्मा, प्रेम सिंह, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार, मयंक राज, पंकज कुमार, प्रभात कुमार, आनंद वर्धन, पूजा कुमारी और दिव्या आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# छठ घाट की साफ-सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारी, दिए आवश्यक निर्देश

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नगर पंचायत के नीचे बाजार स्थित राज शिवलाय मंदिर के समीप छठ घाट की हो रही साफ-सफाई का निरीक्षण कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार व बड़ा बाबू प्रभु कुमार ने किया निरीक्षण। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्वच्छता पदाधिकारी को जल्द ही छठ घाट की साफ-सफाई का करवाने का निर्देश दिया। वहीं नगर पंचायत द्वारा निर्मित सीढ़ी घाट बाढ़ में बह जाने से सीढ़ी घाट हवा में लटक रहा है। इसके मरम्मत करने के लिए बोल्डर को छठ घाट के समीप भरवाने को निर्देशित किया। साथ ही छठ घाट के समीप किसी प्रकार का कचरा नहीं रखने को कहा।



इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति को आश्वासन दिया कि इस बार नगर पंचायत के द्वारा छठ घाट की सफाई बहुत ही अच्छा तरह से किया जायेगा। छठ पूजा समिति ने एक बार फिर से नगर पंचयर के नाले का पानी, जो कि छठ घाट में गिरता है, उस समस्या का निदान करने के लिए कहा गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि बहुत ही जल्द इस समस्या का निराकरण किया जायेगा। मौके पर पर्यवेक्षक चुनचुन कुमार के अलावे छठ पूजा समिति के उपाध्यक्ष संदीप वर्मा, अध्यक्ष राजा सिंह, उमेश यादव, सोनू सिंह एवं श्याम सुन्दर पांडेय मौजूद थे।

## सूर्यदेव की दिव्यता और छठ पर्व का महत्व

**निज संवाददाता | नवादा**

वैदिक साहित्य में सूर्य सर्वाधिक प्रत्यक्ष देव हैं, अतः उनका प्राकृतिक व्यक्तित्व स्पष्ट निर्देश और तेजस्वी का है। सूर्य दीर्घदर्शी हैं। दिव्य प्रकाश हैं। अंधकार को दूर भगाने की शक्ति के कारण भूत चुड़ैल उनसे दूर भागते हैं। सूर्यदेव भौतिक सूर्य के प्रतिनिधि है तो सविता उनकी प्रेरक शक्ति हैं। सविता स्वर्णिम हैं, नेत्र, हाथ, जिहवा और भुजाएं सभी स्वर्णिम हैं। सविता भगवान सूर्य का एक ही नाम है। संस्कृत साहित्य एवं पुराणों में सूर्य का 109 नाम गिनाया गया है। यथा, आदित्य, सविता नाम से अधिक छठ के गीत गाए जाते हैं। सविता नाम सूर्य की एक विशेष अवस्था का नाम है, वह अवस्था प्रारंभिक या उदीयमान या उदय कालीन की है।

# सड़क हुआ बदहाल, छठ घाट पर पहुंचना हुआ मुश्किल

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**



प्रखंड के नारदीगंज अब्दलपुर सड़क मार्ग बदहाल हो गया है। इस मार्ग में वाहन को छोड़िए पैदल भी चलना मुश्किल हो गया है। यह सड़क मार्ग राजगीर बोधगया राजमार्ग से जुड़ा हुआ है, जो नारदीगंज थाना के समीप से अब्दलपुर गांव जाने वाली मार्ग में जुड़ा हुआ है। इस मार्ग का निर्माण हुए तकरीबन पांच वर्ष बीत चुके हैं। इस दौरान कई बार सड़क की हालत खराब हुई है। फिलहाल तो स्थित यह है कि सड़कमार्ग गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। जो बड़े हादसे का गबाह बन सकता है। पंचाने नदी स्थित अब्दलपुर पड़रिया छठघाट भी इसी मार्ग से जाया जाता है। जहां नारदीगंज बाजार,अब्दलपुर,पड़रिया, गोतराईन, शादिकपुर, मिर्चेगंज, गांव से हजारों की संख्या में छठवर्ती और उसके परिजन भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पहुंचते हैं। सड़क मार्ग का हालत देख कर सभी लोग अचंभित हैं। लोगों का कहना है कि इस वर्ष इस रास्ते से अब्दलपुर छठ घाट पर पहुंचना लोगों को बहुत मुश्किल होगा। इस सड़क मार्ग में बीआरसी भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंचल कार्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पावरग्रिड आदि सरकारी संस्थान है। इसके अलावा अब्दलपुर समेत कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन का मुख्य मार्ग है। हालत तब भयावह हो जाती है, जब एम्बुलेंस व अन्य वाहनों पर मरीज अस्पताल ले जाने वक्त वाहन हिचखोले खाकर गुजरती है, तब लोग अपने इष्टदेव को याद कर पार करते हैं। इसके अलावा छोटी बड़ी वाहन भी आये दिन गुजरती है। स्कूली बच्चों के साथ आम राहगीरों को परेशानी बढ़ी हुई है। स्थानिये अरुण कुमार, सोनू कुमार, गुड्डु कुमार, निखिल कुमार समेत अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से सड़क की मरम्मत करने की आवाज बुलंद किया है, ताकि आम लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। इधर, प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने कहा छठपूजा के पहले सड़क की मरम्मत कर सुविधा उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## ट्रक ऑटो की टक्कर में एक की हुई मौत

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** नोखा थाना क्षेत्र के बराव मोड के पास ट्रक एवं ऑटो के बीच टक्कर में एक की मौत इलाज के दौरान हो गई। इलाज के दौरान विफन राम की मृत्यु हो गई। इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दरिहट थाना के अहिराव गांव के प्रभु राम उम्र 27 वर्ष पिता स्व. लालु राम जो दिनांक 26 सितंबर को 2024 को मेरे चाचा विफन राम उम्र 55 वर्ष पिता स्व. रिझन राम जो अपने ससुराल धावा थाना विक्रमगंज जिला रोहतास से टेम्पु रिर्जव कर अपने पत्नी दुखनी देवी को बेटा स्वरूप कुमार बहन पार्वती देवी के साथ सासाराम सदर अस्पताल अपना ईलाज कराने आ रहे थे। इसी बीच टेम्पु नोखा थाना से आगे बराव मोड के पास जैसे ही टेम्पु पहुंचा उसी बीच ससाराम की ओर से विक्रमगंज जा रहा था।

## शिशु स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शुभारम्भ



**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)**

नगर परिषद क्षेत्र के शेरपुर मोड़ स्थित कड़ाही फ्रेश रेस्टुरेंट के समीप शिशु स्वास्थ्य केंद्र का शुभारम्भ डॉ राम रतन प्रसाद के द्वारा किया गया। केंद्र का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता अरूंजय मेहता, सोनू कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश कुमार एवं डॉ राम रतन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ श्री प्रसाद ने कहा की शिशुओं में होने वाली कई बिमारियों के बारे में पता नहीं चलता है साथ ही साथ बीमारी के लक्षणो पर दवा दी जाती है। बच्चों का इलाज करना बहुत ही कठिन कार्य होता है। बता दें की डॉ राम रतन प्रसाद मोतिहारी के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ के वरीय सहायक रह चुके हैं वे उनके साथ लगातार 20 वर्षो से अधिक समय तक सेवा दें चुके हैं। अरूंजय मेहता ने कहा की वारिसलीगंज में ख़ासकर नवजात शिशुओं का इलाज कराने में काफ़ी समस्याएं आती थी। इनके यहाँ आने से शिशुओं का प्रारम्भिक इलाज कराने में काफ़ी सहूलियत होगी। मौके पर क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बगैर हस्ताक्षर के थाने से प्रेस विज्ञप्ति होती है जारी

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के पकरीवरावां थानाध्यक्ष अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं कोई भी आधिकारिक बयान जारी करने का अधिकार कनीय पदाधिकारी को है? अगर है तो फिर बगैर हस्ताक्षर बयान क्यों? जिले के पुलिस महकमे में ऐसा किया जा रहा है। मामला पकरीबरावां थाना से जुड़ा है। 29 अक्टूबर को धेवधा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई थी। सूचना के आलोक में पहुंचे पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी का वीडियो वायरल हुआ था। आरोप था कि बगैर महिला पुलिस के न केवल गिरफ्तार किया गया बल्कि एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। वैसे वीडियो में सबकुछ स्पष्ट है। अब घटना के पांच दिन बाद पकरीबरावां पुलिस प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी सफाई दे रही है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में किसी का हस्ताक्षर नहीं है। ऐसे में प्रेस विज्ञप्ति का क्या औचित्य है जानकारों का मानना है कि जिला में डीएम-एसपी व अनुमंडल में एसडीएम व एसडीपीओ को ही प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का अधिकार है। किसी कनीय पदाधिकारी को प्रेस विज्ञप्ति जारी करने या प्रेस कांफ्रेंस करने का अधिकार नहीं है। बावजूद पुलिस महकमे में ऐसा हो रहा है जो गलत परंपरा की शुरुआत है। पकरीबरावां में डीएसपी हैं। बावजूद थानास्तर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोपी अपनी सफाई देने में लगे हैं तो फिर वरीय पदाधिकारी की जिले में आवश्यकता ही क्या? बावजूद एसपी चुप्पी साधे तमाशबीन बने हैं। अब सबसे बड़ा सवाल क्या बगैर आधिकारिक या फिर हस्ताक्षर के प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का औचित्य क्या? फिर वरीय पदाधिकारी के अधिकार को कनीय पदाधिकारी चुनौती क्यों दे रहे हैं।

# जद यू की बैठक में मुख्यमंत्री के विकास गाथा का किया वर्णन, पार्टी को मजबूत बनाने को दिए आवश्यक निर्देश

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**




प्रखण्ड मुख्यालय के एनएच-20 पर स्थित अर्चना होटल के सभागार में प्रखंड जनता दल यूनाइटेड की बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ़ कारू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने विस्तार से बिहार में हुए विकास कार्यों की चर्चा की तथा नितीश कुमार के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के विकास को गिनाया। प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मनोनीत विधानसभा प्रभारी राम नारायण शर्मा ने कहा कि नितीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में समरस समाज की स्थापना हुई। पूर्व प्रत्याशी मनोहर पासवान ने जद यू सरकार में दलितों व पिछड़ों के विकास पर विस्तार से चर्चा करते हुए नितीश कुमार को विकास पुरुष बताया। मंच संचालन करते हुए जिला उपाध्याय एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना ने उपस्थित लोगों के बीच नितीश सरकार के सर्व समाज के हित में किए गए कार्यों को गिनाया तथा लोगों से बगैर जाति धर्म जमात में बिभेद के समाज के सभी लोगों से जद यू से जुड़ने का आह्वाहन किया। कार्यालय प्रभारी जयशंकर चन्द्रवंशी ने कहा कि नितीश कुमार ने बिहार को बीमारू राज्य से बाहर निकाल विकास के पथ पर ला खड़ा किया। पूर्व जिलाध्यक्ष ललन कुशवाहा ने नितीश कुमार के काल में चतुर्दिक विकास की बात कही। जिला अभियान प्रभारी सतीश कुशवाहा ने युवाओं को आगे आकर नितीश कुमार का हाथ मजबूत करने का आह्वाहन किया। सभा को शेष कुमार, प्रिंस दांगी, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव व सच्चिदानंद सिंह आदि ने सम्बोधित किया।साथ ही बताया कि वर्ष 2005 से बिहार में नीतीश सरकार है और वर्ष 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक शासन का 20 वर्ष पूरा होने जा रहा है। बिहार के विकास की गाथा के बारे में नवयुवकों को बताने की जरूरत है कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार की क्या भूमिका रही है। साथ ही बताया कि सरकार की सोच रही है कि समाज का हर वर्ग शिक्षित हो, इसके लिये क्रेडिट कार्ड समेत कई उचित व्यवस्था की गई।वहीं बीपीएससी एवं यूपीएससी की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में क्रमशः 50000 एवं 100000 रुपये भी दिया जा रहा है। साथ ही पंचायत स्तर की कमिटी से कहा गया कि आप अपने गांव एवं पंचायत से सम्बंधित समस्याओं को अपने प्रखण्ड अध्यक्ष के पास के करें। ताकि उन समस्याओं का निपटारा हो सके।वक्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों से पार्टी की मजबूती के लिए आपको पार्टी ने अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा है, इसलिए आपसे उम्मीद है कि पार्टी के नीतियों को हर ग्रामीणों को बताएं। इस अवसर पर रजौली प्रखंड जदयू के नेता अनिल प्रसाद दांगी, अजय यादव, जितेंद्र कश्यप, बिपिन राजवंशी, हाशिम खान, शोभा देवी, भोला सिंह आदि ने सबोधित किया। इस अवसर पर प्रखंड जद यू के बिभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व पंचायतों के अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में चार मामलों का हुआ निष्पादन

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी नंदन कुमार भी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जमीन से संबंधित विवाद के चार मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जनता दरबार में आये सभी चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। इस बार जनता दरबार में रजौली की सुनीता पंडित का जमीनी विवाद संगीता कुमारी, रामदासी की प्यारी देवी का विवाद भजन यादव, बहादुरपुर के नरेश यादव का विवाद गोविंद यादव एवं तिलैया की सरस्वती देवी का विवाद संतु यादव के साथ था। उक्त सभी चार मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में मामला ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार के अलावे अन्य पुलिस बल एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाजार विकास समिति की कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में शुक्रवार की देर शाम बैठक का आयोजन कर बाजार विकास समिति की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। दवा व्यवसायी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अध्यक्ष पद पर युवा चेहरा के रूप में राहुल कुमार शुक्ला को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जबकि सचिव के रूप में देवराज उर्फ राकेश बर्णवाल, कोषाध्यक्ष के पद पर रौशन कुमार उर्फ गणेश, उपाध्यक्ष के पद पर मंटू कुमार साव, महामंत्री के रूप में सूरज कुमार साहू जबकि नवल कुमार को उप सचिव के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों ने एक स्वर से दुकानदारों के हित में काम करने की बात कही।

## ओड़ो गांव में दूसरे दिन परशुराम नाटक का हुआ मंचन



**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

श्री लक्ष्मी कला परिषद ओड़ो के सौजन्य से दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी की 90 वीं पूजनोत्सव के तत्वावधान में ओड़ो गांव में आयोजित चार दिवसीय नाट्य मंचन के दूसरे रात शुक्रवार को परशुराम नाटक आयोजित की गई। नाट्य मंचन गांव स्थित मां लक्ष्मी मंदिर के परिसर में आयोजित किया गया है। इस दौरान परिषद के कलाकारों ने परशुराम नाटक को बेहतरीन अभिनय कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव दीपक कुमार ने बताया परिषद के निदेशक रामानुग्रह सिंह, उपनिदेशक धीरेन्द्र कुमार, सह निदेशक अजय कुमार के निर्देशन में नाट्य मंचन हुआ। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य रहे।

# बाल श्रम रोकने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**

प्रभारी जिला पदाधिकारी के निदेश के आलोक में सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, नवादा के नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों द्वारा आज बाल श्रम रोकथाम एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर नवादा जिला के हाट-बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि चयनित स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कलाकारों ने आमजन के बीच गीत, नाट्य, हास्य-व्यंग के द्वारा मैसेज दिया कि बाल श्रम एक दण्डनीय अपराध है एवं अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चे से कार्य कराना प्रतिबंधित किया गया है। इसके लिए कानून द्वारा सख्त सजा का प्रावधान है। बाल श्रम एक सामाजिक कुरीति है, जिसको हमें हर हाल में मिटाना है। कार्यक्रम में




नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने बताया कि बच्चों को शिक्षा का अधिकार है, उन्हें पढ़ाई के तरफ अग्रसारित करें। इस अधिकार से उन्हें वंचित न करें, उनसे मजदूरी नहीं करवायें। उन्होंने बाल श्रम को समाप्त करने और बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपील की, साथ ही उपस्थित आमजन को बताया गया कि बच्चो को बाहर काम के लिए ना भेजे उनके साथ बहुत सारे अनहोनी होने की आशंका होती है। बच्चों का अधिकार है पढ़ाई करना, खेलना, कुदना और अपनी एक अलग पहचान बनाने की। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने और बाल श्रम को जड़ से समाप्त करने के लिए संस्था के द्वारा जिले के हाट-बाजार, रेलवे स्टेशन, बस्टैंड आदि जगहों पर नुक्कड़ नाटक कराया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बच्चों को सुरक्षा प्रदान किया जा सके और बच्चों को शोषण से बचाया जा सके। साथ ही श्रमिकों हेतु श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। यह कार्यक्रम 05 नवम्बर तक पूरे नवादा जिले के महत्वपूर्ण स्थलों पर किया जाएगा। कार्यक्रम को अब तक बहुत लोगों ने देखा और जानकारी लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 120 लीटर महुआ शराब और किया ऑटो जब्त

**कोईलवर**। कोईलवर स्थानीय कोईलवर पुलिस ने शराब मामले में कार्रवाई करते हुये थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर अवस्थित मनभावन होटल के समीप से 120 लीटर महुआ बरामद के साथ एक ऑटो जब्त किया है। पुलिस की मानें तो कोईलवर थाने की पुलिस ने नेशनल हाइवे से 120 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक ऑटो जब्त किया है। वहीं पुलिस की वाहन आते देख धंधेबाज ऑटो छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि कोईलवर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक शराब धंधेबाज बिक्री हेतु ऑटो से शराब लेकर जा रहा है, तभी पुलिस के द्वारा छापेमारी कर शराब को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस ने ऑटो को भी जब्त किया है।

### इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को किया नमन

**आरा**। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी का 40 वां शहादत दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149 वीं जयंती शहीद भवन में मनाई गई। अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने की। अशोक राम ने कहा कि इंदिरा गांधी ने विश्व राजनीति के दबाव को नजरंदाज करते हुए बंगलादेश को अलग अस्तित्व में लाई थी। उन्होंने जान की परवाह किए बगैर देश के आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया था। लौह पुरुष सरदार बल्लव भाई पटेल के भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए पूरा विश्व उन्हें "लौहपुरुष" के रूप में जानता है। 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक हैं।

### निखती खुर्द गांव में बाइक की चोरी

**रघुनाथपुर**। थाना क्षेत्र के निखती खुर्द गांव में अज्ञात चोरों ने ध्रुव भगत की बाइक उनके दरवाजे स चोरी कर ली। बाइक का हैंडल लॉक होने के बावजूद चोरों ने इतनी सफाई से इस घटना को अंजाम दिया कि इसकी भनक भी किसी को नहीं लगी। जबकि वे बरामदे में ही सोए हुए थे। हालांकि, उनके घर की एक महिला ने दो लोगों को बाइक ले जाते देखा, लेकिन समझा कि घर के ही लड़के ले जा रहे हैं। इस वजह से कुछ नहीं बोली। जब तड़के सुबह घरवालों की नींद खुली तो देखा कि बाइक गायब है।

### गड़हनी में दो सप्ताह से बीएसएनएल की सेवाएं ठप, लोग हो रहे परेशान

**गड़हनी**। स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी बाजार पर बीएसएनएल के एक्सचेंज में तकनीकी खराबी या आपरेटर की लापरवाही के कारण पिछले दो सप्ताह से 3 जी इंटरनेट व मोबाइल फोन सेवा पूरी तरह से ठप हो गई है।इसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।एक बार फिर से बीएसएनएल ने यह साबित कर दिया कि "भाई साहब नही लगेगा"। उपभोक्ता सतेंद्र सिंह,श्रीनिवास यादव,भगवान प्रसाद ने कहा कि बीते 15 अक्टूबर से 3g सेवा खराब है यानी बीएसएनएल संचार विभाग का आए दिन यही हाल यही है। आज के फास्ट युग में भी बीएसएनएल नही बदला,बाकी टेलीकॉम कंपनियां कहा से कहा चली गई।कभी एक्सचेंज में तकनीकी खराबी तो कभी केबल में खराबी तो कभी केबल काटने का बहाना के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। साल में कई बार तकनीकी खराबी आने के कारण बीएसएनएल के संचार सेवा पूरी तरह से कई दिनों तक ठप हो जाती है अभी पिछले महीने में भी के दिनों तक सभी सेवायें ठप हो चुकी थी।यही कारण है कि बीएसएनएल के उपभोक्ता दूसरे कम्पनी में अपना नम्बर पोर्ट करा रहे है। रिजवान अहमद अपने दुकान में बीएसएनएल का सिम बेचते है और रिचार्ज भी करते है लेकिन पिछले रविवार को दुकान पर बैठे थे देखे की कई लोगो ने अपना सीम दूसरे कंपनियों से पोर्ट करा रहे है। उपभोक्ताओं ने कहा कि मौजूदा समय में मोबाइल इंटरनेट टू जी स्पीड पर चल रहा है, अब इंटरनेट सेवा के ठप होने के कारण उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि बार बार संचार सेवाएं ठप हो रही है, लेकिन संचार सेवाओं को बहाल करने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।बता दे की बी एस एन एल का ऑफिस पिरो व आरा में है।पहले गड़हनी में एक्सचेंज ऑफिस था लेकिन अभी स्थिति बिल्कुल खराब है कभी खुलता है तो कभी नही खुलता है।इस संबंध में जेटीओ शमसाद अली ने बताया कि तकनीकी खराबी आई हैं फॉल्ट खोजा जा रहा हैं।

### दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में चार घायल

**आरा**। जिले के दो अलग - अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो बाइक पर सवार चार युवक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। पहली घटना आरा-अरवल मार्ग पर सहार थाना क्षेत्र के इनरूखी गांव के पास हुई। घायलों में सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी 20 वर्षीय गणेश कुमार राम पिता राम कुमार राम और 20 वर्षीय अमरजीत कुमार पिता चंदन राम उर्फ लुटावन राम है। घायल के परिजन गणेश कुमार ने बताया कि दोनों गुरुवार को बाइक से खैरा बाजार जा रहे थे। उसी क्रम में इनरूखी की गांव के पास पीछे से आ रही सवारी बस ने ठोकर मार दीया।

### खेलने निकले बालक का शव दूसरे दिन नदी से मिला

**आरा**। उदवंतनगर प्रखंड के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव के निवासी एक बालक का शव गांव के बगल के ही नदी से शुक्रवार को मिला। मृतक 8 वर्षीय निरंजन मुसहर था। वह उदवंतनगर प्रखंड के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव के निवासी गोलक मुसहर का पुत्र था। गोलक मुसहर ने बताया कि निरंजन गुरुवार को दोपहर बच्चों के साथ खेलने के लिए गांव के बगल के कुढ़वा नदी के पास गया था। खेलने के क्रम में ही वह नहाने के लिए नदी में चला गया जिसके कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। देर शाम तक घर वापस नहीं आने के बाद हम लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार को सुबह गांव के लोगों ने निरंजन के शव कुढ़वा नदी में नया पुल के पास पानी में पड़े रहने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद हम लोग घटनास्थल पर जाकर शव को पानी से बाहर निकाला।

### दीपावली की रात पटाखा फोड़ने के क्रम में दर्जनों बच्चे व लोग झुलसे

**आरा**। गुरुवार दीपावली की रात पटाखा छोड़ने के क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से दर्जनों बच्चे और बच्चियां झुलस गई। पटाखों से करीब दर्जनों बच्चे झुलस गए। झुलसे हुए बच्चो में पीरो थाना क्षेत्र के पीरो के निवासी प्रतिक कुमार पिता चुनु सिंह, करमन टोला के केदार प्रसाद पिता दुखन राम, शीतल टोला के रजत कुमार, सतेंदर सिंह, श्री टोला के पूनम देवी, मनोज कुमार, ममता कुमारी, अजीत कुमार, नरबीर पुर के रजद कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पुर के निवासी रौनक राज पिता अमित पंडित, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रौशन कुमार, प्रिया कुमारी, छोटकी सनदिया के नीरज कुमार पिता ओमप्रकाश, संदेश थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी साक्षी कुमारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी प्रभात रंजन, मनु कुमार, अदालत प्रसाद, नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड निवासी मनोज कुमार, बिभू कुमार, सोनाली कुमारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी नीतीश कुमार, प्रीतम कुमार, धोबहा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अंकुश कुमार, रितेश कुमार सहित दर्जनों शामिल है। कुछ बच्चो का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और कुछ बच्चों के गार्जियन निजी क्लिनिक में भी इलाज करा रहे है। घायल बच्चों ने बताया की ज्यादातर अनार बम पटाखा छोड़ने के क्रम में ब्लास्ट होने से झुलसे हैं। घायलों में बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सदर अस्पताल इमरजेंसी में इलाज कर रहे डॉक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि पटाखे से जलने वाले लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। जो भी मरीज पटाखा से जले हुए सदर अस्पताल में आए है उनका तुरंत इलाज किया गया। सभी बच्ची और बच्चे खतरे से बाहर है। किसी के हाथ तो किसी का चेहरा झुलस गया है।

# 1.94 करोड़ की लागत से चौसा लड़ाई मैदान का सौंदर्यीकरण

## बक्सर में प्रथम फेज का काम पूरा, लोगों की मिलेगा रोजगार का अवसर

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में चौंसा नगर पंचायत में चौसा लड़ाई मैदान से प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटन विभाग की नजर पड़ने से प्रथम फेज का कार्य पूरा हो चुका है। इस मैदान को सुंदर बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने 3 करोड़ 89 लाख 77 हजार रुपए प्रदान की। जिसमें पहले 1 करोड़ 94 लाख 88 हजार 500 रुपए की लागत से प्रथम फेज का काम पूरा हो चुका है। ऐतिहासिक स्थल पर प्रथम फेज में स्थली के बाउंड्री को चारो तरफ ऊंचा किया गया है। भव्य एक गेट और चारो तरफ नाला निर्माण किया गया है। हालांकि अब इस स्थल को घूमने के लिए शुल्क देना होगा।

**2023 में शुरू किया गया निर्माणः** पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान होने के बाद नगर पंचायत चेयरमैन किरण देवी द्वारा भूमि पूजन के साथ इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जिसके बाद युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इस चौसा की लड़ाई का मैदान की पुरानी बाउंड्री को तोड़ कर नया बाउंड्री बनाने का कार्य किया गया है। भव्य और आकर्षक मुख्य द्वार बनाया गया है। मुख्य द्वार के दाहिने तरफ टिकट रूम का निर्माण किया गया है। मुख्य द्वार से अंदर बढ़ने पर लाइट के लिए 35 सोलर लाइट लगाया गया है। शौचालय, चबूतरे का कार्य, पिछला द्वार, पार्क के बीच में कंक्रीट सड़क और दस बेंच का निर्माण किया गया है। पहले फेज में इसको आकर्षक बनाने का कार्य किया गया है।

**पुराना है ऐतिहासिक पहचानः** बक्सर जिले के चौसा नगर पंचायत में चौसा लड़ाई का मैदान स्थित है। 26 जून 1539 को शेरशाह और हुमायूं के बीच यहां भयंकर युद्ध हुआ था। जहां हुमांयू को हारकर भगाना पड़ा था। उसके बाद से इस लड़ाई मैदान को शेरशाह की विजय स्थली के नाम से भी जाना जाता है। जहां पुरात्तव विभाग के खुदाई में पांच हजार साल पहले की सभ्यता के अवशेष पाये गये थे। वहीं पर्यटन विभाग की नजर पड़ने पर इसे बेहतर बनाने के लिए कदम बढ़ाया गया है। जिससे लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। चेयरमैन किरण देवी ने कहा कि अब तक इतिहास पढ़कर यहां घूमने आने वाले पर्यटक निराश होकर वापस चले जाते थे। लेकिन युद्धस्थल का कायाकल्प होने से अब ऐसा नहीं होगा। शौर्यस्थल के सौंदर्यीकरण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा जिससे यहां स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# सेवगार में दीपावली मना रहे युवक को मारी गोली, घायल

निज संवाददाता | आरा



गुरुवार को दीपावली पर्व के अवसर पर सभी लोग शाम में देवी लक्ष्मी-गणेश की पूजा और दीप जलाने में व्यस्त थे। उसी क्रम में आरोपियों ने एक युवक को जान से मारने की नीयत से उसके घर के पास सिर में गोली मार दिया। एक गोली युवक के सिर में लगी और खून से लथपथ होकर वहीं पर गिर पड़ा। फायरिंग के बाद आरोपी भाग गये। गोली से घायल युवक 18 वर्षीय नीरज कुमार सिंह है। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव के निवासी रवींद्र सिंह का पुत्र है। घटना के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल लाया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने घायल को दानापुर हाईटेक अस्पताल लेकर चले गए। जहां घायल का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद उदवंतनगर थाना की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच घटना की जांच करते हुए अस्पताल पहुंच घायल से भी पूछताछ किया। घायल नीरज कुमार गुरुवार के शाम में अपने घर के बाहर के दरवाजे पर दीप जला रहे थे। उसी क्रम में आरोपियों ने छतपर चढ़ कर सिर में गोली मार दिया था। भाई सूरज कुमार ने दी घटना की जानकारी जख्मी युवक के बड़े भाई सूरज कुमार ने बताया कि गुरुवार को दीपावली की शाम जब उनके छोटे भाई नीरज कुमार सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर दीप जला रहे थे, तभी चार - पांच की संख्या में लोग हथियार लेकर छत पर चढ़ गया।इसके बाद उसने उनके भाई नीरज कुमार सिंह को सिर में गोली मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद इलाज के लिए पहले आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# राज्यस्तरीय विद्यालय वूशु के लिए खिलाड़ी रवाना

निज संवाददाता | बक्सर



सारण में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विद्यालय वूशु अंडर -17/19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी रवाना हो गए। खेल विभाग बिहार, पटना और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के खेल कार्यक्रम 2024-25 के निर्देशन में सारण में राज्यस्तरीय विद्यालय वूशु अंडर -17/19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता 2 से 4 नवम्बर तक होगी। जिसमें राज्य स्तरीय विद्यालय वूशु अंडर -17/19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता की टीम को सारण के लिए पोशाक देकर रवाना किया गया। जिले के चयनित खिलाड़ी अन्डर-19 खुशी कुमारी, शालू कुमारी, शिवानी कुमारी, सृष्टि कुमारी, अंजली राज अन्डर-17 रंजन कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियांशु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी, अंडर-19 टीम प्रबंधक के रूप में सुधीर कुमार एवं टीम प्रशिक्षक निकिता कुमारी अंडर-17 टीम प्रबंधक के रूप में लव शर्मा एवं टीम प्रशिक्षक अमीषा कुमारी को बनाया गया है। अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बक्सर के द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों को शुभकामनाओं के साथ भेजा गया। इस मौके पर मदन राम, कार्यपालक सहायक तथा सत्येंद्र कुमार सिंह यादव, दयाशंकर पाल एवं संजय कुमार, त्रिलोकी नाथ, राजू कुमार एवं मोहन सिंह शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।

## मिथलेश तिवारी ने सुधाकर सिंह के खिलाफ किया परिवाद दायर

# BJP प्रदेश महामंत्री ने कोर्ट में दी इंटरव्यू की CD, सांसद ने 55 लाख के गबन का लगाया था आरोप

निज संवाददाता | बक्सर



बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पिछले लोकसभा चुनाव में बक्सर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मिथिलेश तिवारी ने मंगलवार को राजद सांसद सुधाकर सिंह के खिलाफ परिवाद दायर किया है। पटना की एक अदालत में बक्सर सांसद के खिलाफ आधारहीन, असत्य बात कहने पर आरोप है। कोर्ट में शुक्रवार को इंटरव्यू की सीडी भी दी गई है। दरअसल, सांसद सुधाकर सिंह ने महामंत्री पर करप्शन और 55 लाख रूपए के गबन का आरोप लगाया था। इसके बाद परिवाद पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में वकील राधेश कुमार शर्मा ने दर्ज कराया है। मिथलेश तिवारी ने वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि सांसद ने मेरे खिलाफ गलत बात कही है। ये मानहानि का अपराध है। सुधाकर सिंह ने सितंबर में एक ऑनलाइन चैनल पर अपने बयान में कहा कि बक्सर में मैंने 12 करोड़ रुपए की जमीन खरीदी है। इस दौरान उन्होंने मेरे खिलाफ असंसदीय भाषा का भी प्रयोग किया है।

**1 अक्टूबर को दिया था कानूनी नोटिसः** मिथलेश तिवारी ने कहा कि इससे पहले भी मैंने वकील राधेश कुमार शर्मा के माध्यम से 1 अक्टूबर को ही कानूनी नोटिस दिया था। इसमें एक सप्ताह के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का समय दिया था। 5 अक्टूबर को सांसद को मेरे वकील ने की लीगल नोटिस मिल गई। इसके बावजूद उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। अब मैंने पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद पत्र दायर किया है।

**न्यायालय के सामने पेश की सीडीः** तिवारी ने सांसद के इस इंटरव्यू की सीडी भी न्यायालय के सामने पेश की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह का झूठा बयान एक सांसद का होगा, तो ये न्यायालय को तय करना है। इनकी नीयत केवल मेरी मानहानि का ही नहीं, बल्कि झूठे आरोपों से मेरे परिवार और स्थानीय लोगों की नजरों में मुझे गिराने की है। जांच एजेंसियों की नजरों में झूठे मुकदमों में फंसाने का ये इरादा है।

**55 लाख के गबन का लगाया था आरोपः** प्रदेश महामंत्री ने अपने वकील के माध्यम से कहा है कि आशा है कि कोर्ट आरोपी सांसद के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगी। बता दें कि सांसद सुधाकर सिंह ने मीडिया को बयान दिया था कि मिथलेश तिवारी भ्रष्ट आदमी है। जिन्होंने एक कॉलेज के कमेटी के अध्यक्ष रहने के दौरान 55 लाख गबन किया था। मिथलेश तिवारी बक्सर में 12 करोड़ की जमीन खरीद घर बना रहे है। खबर सामने आने के बाद महामंत्री ने कहा कि पटना की जमीन बेचकर यहां जमीन खरीद रहा हूं। सांसद वीडियो में कहते नजर आ रहे है कि ये जमीन इसलिए खरीद रहे है कि यहां के लोगो को धमकाकर सरकार के संरक्षण में वसूली करेंगे।

## अस्पताल के कर्मियों पर अभद्रता का आरोप

# बक्सर में बच्चे का इलाज कराने पहुंचे थे परिजन, कर्मियों ने डंडा लेकर खदेड़ा

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर के नगर थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित मां मुंडेश्वरी अस्पताल के कर्मी पर मरीज के परिजनों ने अभद्रता का आरोप लगाया है। परिजन उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित महेंन गांव से अपने दो माह के बच्चे को दिखाने पहुंचे थे। आरोप है कि जाती सूचक गाली देते हुए, मेरे साथ धक्का मुक्की और अभद्रता की गई है। परिजनों ने कहा कि डायल 112 पुलिस ने हमें ही उल्टा यहां से जाने को कहा, हमारी बात नहीं सुनी। परिजन थाना में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे। इस पर पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है। उतर प्रदेश के गाजीपुर के महेंन के रहने वाले नाहिद खान, और उनकी पत्नी नूर सब्बा खातून, अपने अन्य परिजनों के साथ दो माह के बच्चे का इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। नगर थाना क्षेत्र के बाइपास रोड में स्थित मां मुंडेश्वरी अस्पताल में ये पहुंचे थे।

**अस्पताल कर्मियों ने डंडा लेकर खदेड़ाः** मरीज के परिजनों ने बताया कि, बच्चे को एक इंजेक्शन देने के लिए एक ही हाथ मे 6-से 7 जगहों पर निडिल धंसाया जा रहा था। इससे बच्चे का पूरा हाथ लहूलुहान हो गया। इसका विरोध करते हुए हम लोगों ने सीनियर डॉक्टर या ट्रेंड कंपाउंडर से इंजेक्शन देने की बात कही। इसके बाद अस्पताल कर्मियों ने, हम लोगों को जाती सूचक गाली देते हुए महिलाओं के गर्दन में हाथ लगाकर ढकेलना शुरू कर दिया। डंडा लेकर खदेड़ने लगे।

बताया गया कि अस्पताल में हंगामा देख स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला को शांत कराने का प्रयास किया। परिजनों ने कहा कि हम लोग कहते रह गए लेकिन किसी ने हम लोगों की बात नहीं सुनी और न ही सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया। हम नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पहुंचे। निजी अस्पताल कर्मियों ने मरीज के परिजनों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर, सिविल सर्जन अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# छठ को लेकर आम के लकड़ी की बिक्री में इजाफा



बक्सर में 15 रुपए किलो बिक रही लकड़ी, पिछले साल के मुकाबले 5 रुपए बढ़े दाम

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर में लोक आस्था के महा पर्व छठ को लेकर आम की लकड़ी की बिक्री तेज हो गई है। शहर के विभिन्न लकड़ी दुकानदारों ने लकड़ी मील से थोक के भाव में आम की लड़की खरीदा है। इसे इक्ठ्ठा किया है। इस साल आम की लकड़ी पर भी महंगाई की मार देखी जा रही है। पिछले साल के हिसाब से इस बार लड़की पांच रुपए प्रति किलो महंगी मिल रहा है। हालांकि, महंगाई पर आस्था भारी दिख रही है। लोग प्रसाद बनाने में शुद्धता का ख्याल रखते है। लोग आम की लड़की लेना पसंद करते है। बताया गया कि भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए मिट्टी के चूल्हे पर आम की लड़की से पकवान बनाया जायेगा। जिसको लेकर किला मैदान अंबेडकर चौक नगर थाना के पास पुस्तकालय रोड,चौसा नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के पास स्थित दर्जनों लकड़ी दुकानदारों ने स्टॉक रखा है।

**लड़की की कीमत में 5 रूपए की बढ़ोतरीः** नगर थाना स्थित लकड़ी दुकानदार ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी लकड़ी पांच रुपए महंगा है। पिछली बार 10 रुपए प्रति किलो बिका था, जबकि इस बार प्रति किलो 15 रूपया है। दुकानदार ने बताया कि अन्य लड़कियों के अपेक्षा आम की लड़की मिलना मुश्किल होते जा रहा है। हम लोग चौसा में मशीन से वाहन पर लकड़ी को लोड कर शहर में लाते है।जिससे वाहन आदि का किराया महंगा पड़ रहा है, तो महंगा बेच रहे है। थोक के भाव में लकड़ी बेचने वाले चौसा के छट्टू लाल सिंह बताते है कि इस बार आम की लकड़ी 600 रुपए क्विंटल दिया जा रहा है। जबकि, पिछले साल हमारे यहां से 500 रुपए क्विंटल आम की लकड़ी ब्रिकी की थी। उन्होंने कहा कि थोक का भाव हमेशा एक ही भाव चलाता है। पर्व को लेकर कोई अधिक रेट नहीं लिया जाता है।जिस हिसाब से लकड़ी मिलता है।उसके बेस्ट को जलावन के रूप में बेच देते है।

**सनातन में आम की लड़की को माना जाता शुद्धः** पंडित आचार्य संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सनातन में आम की लड़की को शुद्ध माना गया है। इसलिए हर पूजा हवन में आम की लड़की ,आम का पत्ता और दातुन का भी उपयोग किया जाता है। छठ तो हम बिहार वासियों के लिए लोक आस्था का महापर्व है। इसमें शुद्धता का खास ख्याल रखा जाता है। छठ में आम की लकड़ी पर ही छठ पूजा के पहले दिन खीर बनाई जाती है, जिसे प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। इसके अलावा, दूसरे दिन कसार, ठेकुआ वगैरह भी इसी आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे में उपयोग कर बनाए जाते हैं।

# खतरनाक घाटों पर रहेगी विशेष नजर : डीएम

निज संवाददाता | आरा



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के अध्यक्षता में छठ पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में डीएम के अलावे एसपी मिस्टर राज, नगर निगम के नगर आयुक्त निरोज भगत, सिटी मैनेजर ओम प्रकाश सहित जिले के कई वरीय अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा के दौरान जिले के सभी प्रमुख घाटों एवं प्रमुख स्थानों पर सशस्त्र पुलिस बल के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी नियुक्त रहेंगे। खतरनाक चिन्हित घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश जारी किया गया है। एसपी ने ट्रैफिक पुलिस को यातायात संचालन दुरुस्त करने पर्व को लेकर चिह्नित स्थलों पर स्टैटिक्स फोर्स की तैनाती, पटाखा वाले स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एहतियाती कदम उठाने को लेकर निर्देशित किया। एसपी मिस्टर राज ने कहा कि डीजे बजाने, अश्लील गाने व नृत्य के कार्यक्रम पर पूर्णतः रोक रहेगा, इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। घाट किनारे पटाखे नहीं जलाए। हथियार प्रदर्शन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए हर्ष फायरिंग पर नजर रखने को पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बिना अनुमति के नहीं किया जाएगा। इसके लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को चौकस रहने को कहा। बैठक के दौरान आरा बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र चौबे, पूर्व पार्षद दिनेश मुना, डॉ जितेंद्र शुक्ला, अनिल प्रजापति व ओम प्रकाश मुना भी उपस्थिति थे। असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की जरूरत आरा बार के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र चौबे ने जिलाधिकारी से मांग की कि बढ़ते अपराध को देखते हुए हर हाल में सभी सीसीटीवी का रिस्टोरेशन कराकर उसके माध्यम से असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, सांप्रदायिक तनाव वाले अफवाह से बचने, शहर के सभी छठ घाट की सफाई सहित सुरक्षात्मक उपाय को लेकर अपनी बातों को रखा। अधिवक्ता सज्जन कुमार ने कहा कि तरारी के बागर सूर्य मंदिर एवं चरपोखरी के इटौर मेव छठव्रतियों का बहुत ज्यादा भीड़ होती है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि वहां पर किसी भी वर्ष महिलाओं के लिए शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था नहीं की जाती हैं। इटौर में 9 एकड़ का पोखर है घाट भी नहीं बना है जिला प्रशासन से घाट बनाने की मांग की। शांति समिति की बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, आरा एसडीपीओ, सभी थानाध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य सह आरा बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र चौबे, पूर्व पार्षद दिनेश मुना, डॉ जितेंद्र शुक्ला, अनिल प्रजापति, ओम प्रकाश मुन्ना, नवीन सिंह, निशांत सिंह, उमाकांत ओझा, गूंजय श्रीवास्तव, सज्जन कुमार, अधिवक्ता डी राजन सहित कई लोग उपस्थिति थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर की हवा ग्रीन से ऑरेंज जोन में, हवा खराब होने की बड़ी वजह पटाखों के धुएं भी माने जा रहे

**भागलपुर।** 36 घंटे में शहर की हवा की गुणवत्ता खराब हो गई। एक्यूआई लेवल ग्रीन जोन से ऑरेंज जोन में पहुंच गया। इसमें भी तीन किलोमीटर की दूरी पर ही हवा की गुणवत्ता में अंतर है। कचहरी चौक के पास 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक क्रमशः 90,105 और 211 एक्यूआई लेवल रहा। वहीं मायागंज इलाके में क्रमशः 141, 162 व 278 रहा। हवा खराब होने की बड़ी वजह पटाखों के धुएं भी माने जा रहे हैं। इससे नवजात व बुजुर्गों के साथ सांस व हार्ट से जुड़ी बीमारी के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। 36 घंटे में मायागंज अस्पताल के मेडिसिन इमरजेंसी में 31 से ज्यादा मरीज भर्ती हुए हैं। बुधवार की शाम तक शहर की हवा ग्रीन व येलो जोन में थी। गुरुवार से ही हवा खराब होनी शुरू हुई जो शुक्रवार की शाम तक और ज्यादा खराब हो गई। यह स्थिति तब है जबकि दीपावली से पहले निगम प्रशासन के साथ बैठक में डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने पानी का छिड़काव करने व बेहतर सफाई के निर्देश दिए थे। खलीफाबाग से वेरायटी चौक समेत वार्ड 38 के बाजार इलाके में गुरुवार को पानी का छिड़काव भी कराया गया। बावजूद इसके शहर की हवा खराब रही। टीबी एवं सांस से जुड़े मरीजों का इलाज करनेवाले फिजिशियन डॉ. विनय कुमार झा ने बताया कि मौसम में बदलाव होने से नवजातों व बुजुर्गों की परेशानी बढ़ जाती है। खासकर धुएं वाली जगह पर ऐसे लोगों को जाने से बचना चाहिए।अगर जाना जरूरी हो तो मास्क लगाकर जाएं। छठ पर्व तक हवा हो जाएगी शुद्ध प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी अमिष कुमार का कहना है कि पटाखों के चलते हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। छठ पर्व तक शहर की हवा शुद्ध हो जाएगी, क्योंकि उस वक्त अधिकतर लोग गांव की ओर चले जाते हैं, दफ्तरों में छुट्टियों के चलते आवाजाही कम रहती है। शहर में दो जगहों पर प्रदूषण मापने का यंत्र लगाया है। इसकी रिपोर्ट पर एनालिसिस भी हो रहा है। कागजी कार्य चल रहे हैं।

### 51 हजार दीपों से सजा पोलो मैदान, धावक और खिलाड़ियों की ओर से किया गया आयोजित, लोगों में उत्साह

**मुंगेर।** मुंगेर में दीपावली के अवसर पर पोलो मैदान में शनिवार की शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम अवनीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पोलो मैदान के धावक, खिलाड़ी और मैदान में तैयारी कर नौकरी लिए युवाओं की ओर से किया जाता है। इस बार पोलो मैदान को 51 हजार दीपों से सजाया गया था। जबकि 20 टीना सरसों का तेल, 11 किलोग्राम घी और 11 हजार रंग-बिरंगी गुब्बारा पोलो मैदान के चारो ओर लगाया गया था। आयोजन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसके अलावा खिलाड़ी और धावक ने खुद से पोलो मैदान को सजाया है। जबकि पोलो मैदान में आवर हुनर सोसाइटी के सचिव प्रीती कुमारी वैश्य, अजय स्वर्णकार सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने आकर्षक रंगोली बनाई थी। इसके अलावा मैदान के चारों ओर आर्कषक लाइटिंग लगाया गया था। वहीं मैदान में रवि कुमार और रामेश्वर कुमार ने पूजा-अर्चना किया गया। जबकि सहयोगी के रूप में प्रिंस कुमार, शुभांकर झा सहित अन्य मौजूद थे।

### भागलपुर में किशोर की डूबने से मौत, दोस्तों के साथ दीपावली पर गंगा नहाने गया था

**भागलपुर।** भागलपुर में गुरुवार से लापता किशोर का लाश नदी से शुक्रवार को परिजनों ने बरामद कर लिया है। दीपावली के दिन गुरुवार को मृतक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान गंगा में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर गंगा घाट की है। जहां पर स्नान करने के दौरान हादसा हुआ। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने दोस्त के साथ गंगा स्नान करने के लिए गया हुआ था। लेकिन स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चला गया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कोई आता पता नहीं चला। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव की पहचान की। मरने वालों की पहचान फतेहपुर गांव के वार्ड नंबर 14 के रहने वाले विलास मंडल के बेटे सनी कुमार(13) के रूप में की गई है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुटी हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### युवक ने तीन बार पी देसी शराब....नतीजा मौत, परिजन बोले- घर में शराब पीकर सो गया था

**भागलपुर।** भागलपुर के नवगछिया में शुक्रवार को देसी शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि युवक ने एक नहीं तीन बार शराब पिया था। मामले के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान नवगछिया के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर निवासी कैलाश हरिजन के रूप में हुई है। वहीं, प्रशासन के अधिकारी इस मामले में चुप्पी साध लिए हैं। मृतक के परिजन बार बार कह रहे हैं कि शराब पीने से इनकी जान गई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद नवगछिया पुलिस जिला के कई थानों की पुलिस मौके पर कैंप कर रही है। प्रशासनिक स्तर पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। परिजनों के अनुसार, गुरुवार के दिन मृतक कैलाश हरिजन ने अपने घर के बगल से ही देसी शराब लाकर घर में ही तीन बार शराब का सेवन किया था। शराब पीने के बाद से ही उनकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद उसको स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि मृतक ने देसी शराब घर के बगल के बगीचे में शराब तस्करी करने वाले राहुल कुमार से लेकर पी थी।

### 25 फिट ऊंची बम काली बना आकर्षण का केंद्र, मुंगेर में तीन जगहों पर स्थापित की गई है बम काली



**मुंगेर।** मुंगेर में जिला मुख्यालय में स्थापित 25 फीट की बम काली प्रतिमा इस बार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह प्रतिमा गांधी चौक मेन रोड में स्थापित की गयी है। इसे बनाने में 15 दिनों का समय लगता है। इस बार पांच कलाकारों ने इसे तैयार किया है। प्रतिमा बनाने में 60 हजार रुपए की लागत आई है। कमेटी सदस्यों ने बताया कि साल 1973 में सबसे पहले बम काली बनाई गई थी। कमेटी के सदस्य सुमीत कुमार और डब्लू कुमार ने कहा कि हर साल इस प्रतिमा की वही रूप और एक ही उंचाई रहती है। इसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं होता है। इस प्रतिमा को देखने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। जबकि इसके अलावा गांधी चौक पीपल तल्ले के पास 20 फीट ऊंची बम काली प्रतिमा और बेकापुर बाजा पट्टी में 18 फीट ऊंची बम काली प्रतिमा स्थापित की गयी है। बम काली प्रतिमा देखने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ हो रही है। जबकि यह तीनों बम काली प्रतिमा का विसर्जन 3 अक्टूबर को देर रात किया जाएगा। बम काली प्रतिमा विसर्जन में खास यह रहता है कि नगर भ्रमण के दौरान निशान यात्रा के अलावा घोड़ा, बैंड पार्टी, ढोल, नगाड़ा के अलावा कीर्तन मंडली गाते बजाते हुए जाते हैं। जबकि पूजा के दौरान माता को तरह-तरह की भोग लगाई जाती और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम रहती है।

# राज्य स्तरीय विद्यालय योगासन प्रतियोगिता, 26 जिलों से पहुंचे प्रतिभागी

## मुंगेर में डीएम ने किया उद्घाटन, नेशनल के लिए होगा चयन





**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने शनिवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय योगासन खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसपी सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, खेल पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। डीएम ने कहा कि योग नगरी में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। योग का जन्मदाता भारत है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि आज के समय में योग एक करियर के रूप में सामने आया है। खासकर मेट्रो सिटी और विदेशों में इसको लेकर कई अवसर है। उन्होंने कहा कि 1950 के बाद विदेशों में बहुत तेजी से योग का प्रचार हुआ है। इस प्रतियोगिता में बिहार के 26 जिलों से बालक और बालिका ने हिस्सा लिया है। यह प्रतियोगिता अंडर 14, 17 और 19 वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए आयोजित की गई है। इसमें मुंगेर, पटना, गोपालगंज, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, भोजपुर, सारण, सहरसा, सीतामढ़ी, दरभंगा, नालदा, लखीसराय, मधेपुरा, जमुई, शेखपुरा, खगड़िया आदि जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चयनित करने के लिए मुंगेर पहुंचे बिहार योग एसोसिएशन पटना के तकनीकी पदाधिकारी धर्मनाथ सिंह ने कहा कि चयनित खिलाड़ी को नेशनल में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# भागलपुर में सरकारी एंबुलेंस के चालक हड़ताल पर

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में जिला एंबुलेंस संघ के आह्वान पर जिले में करीब 60 एंबुलेंस बंद हो गए हैं। इससे मरीजों को काफी असुविधा और परेशानी हो रही है। प्राइवेट एंबुलेंस के लिए मरीज के परिजनों को मोटी रकम देनी पड़ रही है। एंबुलेंस संघ के आह्वान पर शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे से हड़ताल शुरू की गई। इससे, सबसे ज्यादा दिक्कत गरीब तबके के लोगों को हो रही है। दरअसल, एंबुलेंस संघ ने फैसला इसलिए लिया क्योंकि राज्य सरकार की ओर से एक नंबर से सरकारी स्तर पर सेवा देने वाली एंबुलेंस की एजेंसी को बदल दिया है। PDPL कंपनी को हटाकर जैन प्लस कंपनी को काम दिया गया है। शुक्रवार को नई कंपनी की ओर से जिले के 232 में से 88 एंबुलेंस चालकों और टेक्नीशियनों को अगले आदेश तक काम करने से रोका है। कहा गया है कि नई एंबुलेंस वाहन आने के बाद फिर बुलाया जाएगा। तब तक आप लोग घर चले जाएं। इसके बाद सदर अस्पताल में भी एंबुलेंस चालकों ने बैठक कर आदेश के खिलाफ हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया।

**400 एंबुलेंस को लांच किया जाएगाः** पूरे राजभर में 14 जिलों में आंदोलन चल रहा है। अब भागलपुर हड़ताल में शामिल होने वाला 15वां जिला बन गया है। जिला एंबुलेंस संघ के अध्यक्ष ने बताया कि हड़ताल समेत अपनी विभिन्न मांगों की लिखित जानकारी सिविल सर्जन, डीएम और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को दे दी गई है। हमारी मांग है कि नई कंपनी में सभी कर्मियों को समायोजन किया जाए। नई कंपनी का कहना है कि 400 नई एंबुलेंस को जल्द लांच किया जाएगा। इसके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। मामले को लेकर अध्यक्ष ने कहा कि दो माह से हमें वेतन नहीं मिला है। दुर्गा पूजा के बाद दीपावली भी फीकी रही। वहीं छह माह से पीएफ जमा नहीं हुआ है। एंबुलेंस 102 के को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार ने कर्मियों को कहा कि आपलोगों को हटाया नहीं गया है। नई गाड़ी आने तक आपलोग घर में रहें। इसके बाद एंबुलेंस चालकों में नाराजगी बढ़ गई।

**भागलपुर स्टेशन का DRM ने लिया जायजा**

# सुल्तानगंज स्टेशन में चल रहे कामों को लेकर अधिकारियों को निर्देश

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर स्टेशन और सुल्तानगंज स्टेशन का दीपावली पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को मालदा डिवीजन के DRM मनीष कुमार गुप्ता अपने स्पेशल सैलून से रेल विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान, मालदा डिवीजन के DRM मनीष कुमार गुप्ता ने अमृत भारत योजना के तहत भागलपुर रेलवे स्टेशन और सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का सौन्दर्य करण का जायजा लेते हुए फेज वन का कार्य जल्द पूरा कर लेने का निर्देश दिए। आनेवाले छठ पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन परिसर में छठ व्रतियों महिलाओं की अधिक भीड़ होने पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मालदा डिवीजन के DRM मनीष कुमार गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि अमृत भारत योजना के तहत भागलपुर रेलवे स्टेशन और सुलतानगंज रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण होना है। उसी को लेकर आज निरीक्षण किया गया है, जो फेज वन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही फेज टु का काम शुरू किया जाएगा। छठ पूजा को लेकर स्टेशन में छठ व्रतियों में महिलाओं की अधिक भीड़ होगी। इसके लिए भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 9 बी स्पेशल रेलवे क्रासिंग फैसला होने में कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया है, जो इस सवाल पर कहा कि फेज टु कार्य के बाद रेलवे कोंसिंग निर्माण का काम होना है।

# सर्दी-बुखार की शिकायत के बाद बच्चे को कराया भर्ती, मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**निज संवाददाता। भागलपुर**

**परिजनों ने किया हंगामा**



भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में शनिवार को बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इन्होंने इमरजेंसी समेत अस्पताल अधीक्षक चेंबर के बाहर हंगामा किया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने बताया कि बुखार-सर्दी खांसी की शिकायत लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन, डॉक्टर ने मरीज के परिजनों की एक नहीं सुनी। बताया जा रहा है कि परिजन मरीज को लेकर शनिवार सुबह 7 बजे अस्पताल पहुंचे। यहां मासूम को एडमिट कराया गया।

**डॉक्टर पर इलाज नहीं करने का आरोपः** डॉक्टरों ने दोपहर के दो बजे तक बच्चे का इलाज नहीं किया। स्थिति गंभीर होने लगी तो परिजनों ने डॉक्टर को इलाज करने को कहा। मृतक के पिता ने बताया कि डॉक्टर इलाज करने के बदले वह अपने चेंबर चले गए। हालांकि, इलाज के अभाव में किशोर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र के नया नगर निवासी बलराम कुमार के बेटे पीयूष कुमार (5) के रूप में की हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता बलराम ने बताया कि शनिवार की सुबह 7 बजे अस्पताल अपने बेटा को लेकर पहुंचा था। बेटे को खांसी और सर्दी और बुखार था। इसका इलाज करने के लिए पहुंचा था। लेकिन सुबह से डॉक्टर ने हम लोगों की बात को अनसुनी कर दी। दोपहर 2 बजे जब बच्चे की स्थिति बिगड़ने लगी, तब डॉक्टर ने इलाज नहीं किया।

**अस्पताल से भगाने की कोशिश का आरोपः** मृतक के पिता ने कहा कि अस्पताल से भगाने की कोशिश की। डॉक्टर की लापरवाही से बेटे की मौत हुई है। इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर कुछ देर के लिए परिजनों ने हंगामा भी किया। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर केके शर्मा ने बताया कि डॉक्टरों पर लापरवाही के लगे आरोप बेबुनियाद है। बच्चे को सुबह से ही ऑक्सीजन लगा हुआ था। इलाज के दौरान उनकी मौत हुई है। परिजनों ने शिकायत किया है,लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही नहीं है।

# प्रोफेसर पति-पत्नी का विवाद 10 दिन बाद भी क्लियर नहीं, विभाग के शिक्षकों से भी कमेटी करेगी पूछताछ

**निज संवाददाता। भागलपुर**

**पत्नी ने डिपार्टमेंट में की थी पिटाई**



तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग के शिक्षक डॉ. सुधीर जायसवाल और उनकी पत्नी साधना जायसवाल के विवाद का 10 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट तैयार नहीं हुआ। फिलहाल दोनों से पूछताछ और लिखित ही मिल पाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस मामले में कमेटी विभाग सत्यता की जांच करेगा। मामले में कुलपति, जवाहरलाल की ओर से पांच सदस्य कमेटी बनाई गई है। कमेटी को डॉक्टर सुदेश और साधना ने कई लिखित साक्ष्य अपनी-अपनी और से उपलब्ध कराया है। इसकी भी जांच कमेटी के लिए चुनौती होगी। डॉक्टर जायसवाल ने विभाग के कुछ शिक्षकों पर आरोप लगाया था कि यह घटना पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दी गई है। इस कारण कमेटी ने विभाग के शिक्षकों से भी पूछताछ करने की बात कही थी। जांच कमेटी के एक सदस्य का कहना है कि कुलाधिपति आगमन की तैयारी के कारण रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है।

**पत्नी ने डिपार्टमेंट से बाहर खींचकर पीटा थाः** दरअसल, फिजिक्स के प्रोफेसर डॉ. सुदेश जायसवाल को पत्नी साधना जायसवाल ने डिपार्टमेंट से बाहर खींचकर पीटा था। उन्होंने प्रोफेसर पर अवैध संबंध, बिना बताए फ्लैट बेचने और दो साल से घर का खर्च नहीं देने के आरोप लगाए थे। हंगामे के दौरान प्रोफेसर सुदेश ने मौके पर मौजूद शिक्षकों, कर्मियों और मीडिया के लोगों से अपने फटे हुए कपड़े दिखाते हुए कहा कि मेरी पत्नी मेरे साथ घर में अक्सर ऐसा ही करती हैं। इसीलिए उन्होंने तलाक की अर्जी दी है।

**आयोजन समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठकः** इधर, राज्यपाल सह कुलाधिपति के तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में आगमन होने वाला है। जिसको लेकर अवकाश के दिन भी कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और कार्यक्रम के लिए गठित आयोजन समिति के सदस्यों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में कुलपति ने निर्देश दिया कि 9 नवंबर को होने वाले जिला प्रशासन के साथ बैठक में सभी लोग उपस्थित रहेंगे और उस दिन जो भी अनुपस्थित रहेंगे उनके वेतन में कटौती की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने खेल सचिव और इंजीनियर शाखा के अधिकारियों को पटना बुलाकर कुछ तकनीकी पहलुओं को समझने के लिए आदेशित किया।

# भागलपुर में बेखौफ बदमाश ने किसान को मारी गोली

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में शुक्रवार को बेखौफ बदमाशों ने किसान पर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। बदमाशों ने किसान पर चार राउंड फायरिंग की। घटना में एक गोली किसान के पेट में जाकर लगी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीयों ने उसे घायल स्थिति में इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटन सबौर थाना क्षेत्र के दियारा इलाका में हुआ, वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से बदमाश फरार हो गए। इधर, घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घायल की पहचान भीखन मंडल के बेटे बबलू मंडल(55) के रूप में की गई है। घटना की सूचना के बाद परिजन भी जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचे। जहां पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले को लेकर घायल के चचेरा भाई प्रकाश मंडल ने बताया कि खेत में ट्रैक्टर चलाकर जोत रहे थे। इसी दौरान बदमाश आए और फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। उन्होंने, आगे बताया कि बदमाशों ने फायरिंग क्यों किया अभी तक परिजन खुल कर नहीं बता रहे हैं। मामले को लेकर सबौर थाना प्रभारी विवेक जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घायल को इलाज के मायागंज अस्पताल भेज दिया गया। जहां पर उसका इलाज की जा रही है। मामले को लेकर जांच की जा रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हसनपुर की काली प्रतिमा का विसर्जन

**निज संवाददाता। मुंगेर**



मुंगेर में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के लिए अति संवेदनशील मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुर में स्थापित प्रतिमा शनिवार की सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। इसमें जिले के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं हसनपुर की प्रतिमा मिर्जापुर बरदह होते हुए आरती के लिए सीता कुंड पहुंची। आरती के बाद प्रतिमा सीताकुंड से शीतलपुर चौक पहुंची। अति संवेदनशील हसनपुर की काली प्रतिमा को लेकर हसनपुर से सीताकुंड तक अर्ध सैनिक बल की मौजूदगी भी रही। इस दौरान पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा। विसर्जन में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया। काली पूजा समिति के सदस्यों और जिले के सभी अधिकारियों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। डीएम अवनीश कुमार सिंह, एसपी सैयद इमरान मसूद, डीडीसी अजीत कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और एसडीपीओ राजेश कुमार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद रहे। इमली गाछ से लेकर सीता कुंड तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल मौजूद दिखे।

# काली पूजा-छठ को लेकर सड़क पर उतरे DSP-SDM

## शांतिपूर्ण पर्व बनाने को लेकर अपील

**भागलपुर** । भागलपुर में काली पूजा और आगामी छठ पर्व को लेकर सिटी एसपी डॉ के.रामदास के नेतृत्व में शुक्रवार को भारी पुलिस बल के साथ शहरी इलाके में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान सिटी DSP अजय कुमार चौधरी, सदर SDM धनंजय कुमार समेत शहरी क्षेत्र के थानेदार वह भारी संख्या में रिपीटेशन फोर्स शामिल थे। SSP के निर्देश पर सिटी एसपी डॉक्टर के.रामदास की अगुआई में आगामी काली पूजा और छठ को लेकर शांतिपूर्ण संपन्न कराने और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शुक्रवार को शहरी इलाके के विभिन्न इलाकों में पुलिस वालों के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च भागलपुर पुलिस लाइन से शुरुआत हुई, जो कचहरी चौक होते हुए मनाली के रास्ते शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को शांति सद्भाव के साथ काली पूजा और छठ मनाने को लेकर अपील किया। इस दौरान सदर एसडीएम धनंजय कुमार, सिटी एसपी डॉक्टर के रामदास सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी फ्लैग मार्च में पैदल यात्रा करते दिखे। वहीं भारी संख्या में रिपीटेशन जवान शामिल थे।। फ्लैग मार्च का मकसद शांति व्यवस्था अमन चैन कायम रहे। इस उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया।


## आसनसोल और पटना के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

आगामी छठ उत्सव के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03549/03550 आसनसोल–पटना–आसनसोल** अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:–

| आसनसोल–पटना स्पेशल | | | (03549) (03550) | पटना–आसनसोल स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 04.11.24 | – | 18.30 | ↓ आसनसोल | 10.40 | – | 05.11.24 |
| | 19.08 | 19.10 | जामताड़ा | 08.47 | 08.49 | |
| | 20.38 | 20.40 | जसीडीह | 07.48 | 07.50 | |
| | 22.40 | 22.42 | किऊल ↑ | 05.48 | 05.50 | |
| 05.11.24 | 01.30 | – | पटना | – | 03.15 | |

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहेब और राजेंद्र नगर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन के दिन: 03549 आसनसोल से** दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को और **03550 पटना से** दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को = 1 ट्रिप (प्रत्येक)। **गठन:** शयनयान श्रेणी / साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)–12 (अनारक्षित के रूप में ली जाएगी), एसएलआरडी–02=14 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 20 किलोग्राम गांजा और 125 लीटर शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | दुमका



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सतर्क है। पुलिस संदेहास्पद जगह पर लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में जामा थाना क्षेत्र और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से करीब 20 किलोग्राम गांजा और 125 लीटर शराब की बरामदगी हुई है। जिसकी बाजार मूल्य करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके साथ-साथ दो आरोपी भी गिरफ्तार किया गया है ।इसे लेकर शनिवार को समाहरणालय भवन में पुलिस अधीक्षक का कार्यालय के पुलिस सभागार कक्ष में जिला पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेस वार्ता की है। उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने में संलिप्त को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तक डायरेक्ट संबंध स्थापित नहीं हो पाया है अनुसंधान जारी है । उन्होंने बताया कि एक सूचना मिली कि ग्राम हरिपुर में एक व्यक्ति के घर पर व्यापक पैमाने पर अवैध रूप से गांजा एवं शराब रखा व बेचा जाता है। जिसके बाद पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विजय कुमार महतो सहित मुझे पु०अ०नि० नंदन कुमार सिंह, स०अ०नि० विजीत कुमार, स०अ०नि० रजय कुमार, स०अ०नि० बबन प्रसाद सिंह एवं सशस्त्र बल के नेतृत्व में छापामारी एवं तलाशी की गई। तलाशी के उपरान्त कामेश्वर हॉसदा के एस्बेस्ट्स से बने दो कोठरी के घर से एक बड़े प्लास्टिक के बोरे में पॉलीथीन में रखा हुआ 08 (आठ) किलो ग्राम गांजा (मेरी जूना) बरामद हुआ। तलाशी के दौरान कामेश्वर हाँसदा के घर से (1) 10 (दस) पेटी कॉर्टून में प्रति कॉर्टून 375 एम एल का 24 शीशी सीलबद इंपीरियल ब्लु अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 90 लिटर (1) 03 (तीन) पेटी कॉर्टून में प्रति कॉर्टून 375 एम एल का 24 शीशी मैकवेल अग्रेजी शराब कुल मात्रा 27 लिटर (एम एम) एक खुले हुये पेटी में 375 एम एल का 21 शीशी इपीरियल ब्लु अग्रेजी शराब कुल मात्रा- 08 लिटर सब मिलाकर कुल करीब 125 लिटर (IV) मैकड्वेल का ढक्कन 16. (V) इपीरियल ब्लु का ढक्कन - 30 एवं (Vi) इपीरियल ब्लु का स्टीकर करीब 1000 पीस एवं (VII) गवर्नमेंट ऑफ़ पंजाब सील 25 पत्ता बरामद हुआ। जिसके लिये मुफ्फसिल थाना कांड सं0- 111/24, दिनांक- 02.11.24 धारा- 20 एनडीपीएस एक्ट 47(ए) उत्पाद अधिनियम एवं 274/275/286/292 बीएनएस के अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त कामेश्वर हांसदा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ जामा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ गाँजा के कारोबारियों के द्वारा जामा थाना अन्तर्गत खरीद-बिक्री किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। दुमका देवधर महारो चौक स्थित बाउरी टोला के पास छापेमारी कर राजेश चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है। घर से करीब 12 कि०ग्राम गाँजा के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। जिस संदर्भ में जामा थाना काड स०- 92/24, दिनाक-02.11.2024, धारा-20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया है। प्रेस वार्ता में छापेमारी दल में गए जामा थाना और मुफ्फसिल थाना के पदाधिकारी और कर्मी शामिल रहे।

# पुणे फेयर स्पेशल ट्रेन में तस्करी के लिए ले जाई जा रही 38 बोतल विदेशी शराब बरामद

निज संवाददाता | साहबगंज



पुणे फेयर स्पेशल ट्रेन (03425) में तस्करी कर ले जाई जा रही अवैध विदेशी शराब के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार देर रात आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि इस ट्रेन में अवैध रूप से विदेशी शराब का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने तुरंत छापेमारी की योजना बनाई और ट्रेन के अंदर कार्रवाई की। टीम ने जब ट्रेन की एक बोगी में संदिग्ध सामान की तलाश शुरू की, तो एक सीट के नीचे दो बैग संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। इन बैगों के संबंध में बोगी में बैठे यात्रियों से पूछताछ की गई, परंतु किसी ने भी इन बैगों पर अपना दावा नहीं किया। बैग खोलकर जांच करने पर उनमें से काले रंग के एक बैग में 19 बोतलें और बिमल पान मसाला बैग में भी 19 बोतलें रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की की बरामद हुईं। कुल मिलाकर आरपीएफ ने 38 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त की। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि बरामद की गई शराब का कुल मूल्य 29,640 रुपये आंका गया है। इसके बाद, ट्रेन के बरहड़वा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 01 पर रुकते ही दोनों बैगों को प्लेटफार्म पर उतारा गया। आरपीएफ की टीम ने बैगों को उत्पाद विभाग को सौंप दिया ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

आरपीएफ द्वारा अवैध शराब बरामद किए जाने के बाद इस मामले में उत्पाद विभाग को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। उत्पाद विभाग अवैध शराब के स्रोत और तस्करों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की तस्करी पर लगाम लगाई जा सके। आरपीएफ ने अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतने का संदेश दिया है। इस तरह की त्वरित और साहसिक कार्रवाई से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में तस्करी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साहिबगंज और आसपास के क्षेत्र में ऐसी कार्रवाई के बाद तस्करी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की संभावना है। साहिबगंज के स्थानीय लोगों ने आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की तस्करी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है।

# एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण में भाग लेने नेपाल सीमा के नामची रवाना



निज संवाददाता | रानीश्वर

चार झारखंड गर्ल्स वटालियन एन सी सी कैडेट की टीम विद्यालय की शिक्षिका सह सेकेंड ऑफिसर आरती बेवी के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने शनिवार को नेपाल सीमा के नामची के लिए रवाना हुए ।टीम में कैडेट प्रेम शिला मरांडी एवं मणिका हांसदा शामिल हैं। टीम को वार्डेन मुक्ता एक्का, शिक्षक शिव दास मंडल, कृष्ण कांत घोष, अन्ना मुर्मू, पुष्पा मरांडी ने पुष्प गुच्छ देकर रवाना किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न विद्यालयों के आठ प्रतिभागी शामिल होंगे।

# शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु लगाया गया मतदाता जागरूकता

निज संवाददाता | रानीश्वर

विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर लगातार विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है| जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दुमका के आदेशानुसार शनिवार को सादीपुर पंचायत में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मतदाताओ को बिना किसी प्रलोभन में आएं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदाता शपथ दिलाई गई। शिविर में मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की गई। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा के अगुवाई में आयोजित शिविर में मतदाताओ को प्रलोभन मुक्त होकर मतदान कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया। विदित हो कि प्रखंड स्तर पर स्वीप के तहत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता शिविर के साथ साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। सादीपुर पंचयात में आयोजित शिविर में बीएलओ, मुखिया, पंचयात सचिव के साथ ग्रामीण मतदाता मौजूद थे। इसके अलावा शनिवार को जयपाहाड़ी एवं हकिगतपुर के मतदान केंद्र संख्या 233 एवं 235 पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

# भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन को जनता ने दी है तीन बार शिकस्त, वे चौथी बार भी हार के मुहाने पर : आलोक

निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा



विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार आलोक सोरेन ने शनिवार को दुमका रामपुरहाट राष्ट्रीय उच्च पथ से सटे जामूगढ़िया मौजा में पार्टी का विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अपने सांसद पिता नलिन सोरेन के साथ किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी आलोक सोरेन जो शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं ने कहा कि चुनाव उम्मीदवार नहीं बल्कि कार्यकर्ता लड़ते हैं| भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन को हमारे कार्यकर्ता पूर्व में तीन बार हरा चुके हैं वे चौथी बार भी हारने के लिए तैयार रहें| मैं माटी से जुड़ा हुआ हूं मुझे मतदाताओं से यह पूरी उम्मीद है कि जिस प्रकार मेरे पिता नलिन सोरेन को लगातार जिताते आए हैं इस बार मुझे आशीर्वाद देंगे और मैं रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करुंगा| उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का भी मुझे आशीर्वाद प्राप्त है। मौके पर शिकारीपाड़ा विधानसभा से सात बार से लगातार विधायक रहे वर्तमान सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि मुझे शिकारीपाड़ा विधानसभा की जनता से हमेशा आशीर्वाद मिला है| अब बारी है मेरे पुत्र को आशीर्वाद देने की| मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां की जनता भारी मतों से मेरे पुत्र आलोक सोरेन को विजय दिलाएगी। भाजपा के परितोष सोरेन लगातार हारते आए हैं और इस बार भी हारेंगे।

अवसर पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम, सचिव प्रभुनाथ हांसदा, जिला परिषद सदस्य प्रकाश हांसदा, प्रखंड कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लाल मोहम्मद उर्फ लालू, प्रोफेसर गुलाम रसूल, तमिजुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार सिंह उर्फ संटु सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट पर लगातार सात बार से झामुमो के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन विधायक रहे हैं| इस वर्ष सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में वे दुमका लोकसभा के सांसद चुने गए हैं उसके बाद से यह सीट खाली है| इस बार शिकारीपाड़ा से नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन से होना तय माना जा रहा है। दोनों ही अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं| इस सीट के लिए दूसरे चरण में 20 नवम्बर को मतदान होना है और मतगणना 23 नवंबर को होगी उसके बाद ही तय होगा कि इस क्षेत्र की जनता ने किसे आशीर्वाद दिया।

# हरिहरगंज में देवी मंदिर के प्रांगण में लक्ष्मी पूजा पर किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

निज संवाददाता | हरिहरगंज



प्रखंड के सतगांवा देवी मंदिर के प्रांगण में महालक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य पर न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी लालबाबू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर लालबाबू सिंह ने कहा कि माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि आती है। और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए समिति के सदस्यों को वे हरसंभव मदद करते रहेंगे। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चंद्रवंशी, सचिव रम्भू कुमार, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार के अलावे समाजसेवी अजय सिंह, राजकुमार पासवान, रमेश ठाकुर, सूर्यांशू सिंह, सत्येन्द्र पासवान, भीमसेन शर्मा, राजू पासवान, पिंटू सिंह, विनोद पासवान, सुमन पाठक, जितेंद्र पांडेय, डॉ कमलेश कुमार, वार्ड सदस्य प्रमोद पासवान आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## लावारिस अवस्था में 27 पीस मोबाइल बरामद

**साहिबगंज (नि. सं.)**। राजमहल फेरी घाट पर नाव से लावारिस अवस्था में 27 पीस मोबाइल बरामद किया गया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव को लेकर स्थानीय फेरी घाट में शुक्रवार को थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी की मौजूदगी में जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक नाव में लावारिस अवस्था में एक बैग रखा मिला। पुलिस को संदेह होने पर उक्त बैंक को खोलने पर पाया कि उसमें विभिन्न कंपनियों के करीब 27 पीस मोबाइल है। आसपास कोई व्यक्ति नजर नहीं आया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से देते हुए छानबीन की जा रही है। फोटो 5, बरामद मोबाइल।

## दो बाइकों की टक्कर में एक घायल

**महेशपुर (नि.सं.)**। महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के नारायणगढ़ गांव के पास शनिवार को दो बाइक के आमने-सामने टक्कर हो गयी। एक 35 वर्षीय बाइक चालक सागर शेख घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल व्यक्ति से मिली जानकारी के अनुसार वह थाना क्षेत्र के नुराई गांव निवासी है। वह पाकुड़िया थाना क्षेत्र के सालगाडीह गांव अपने ससुराल से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान नारायणगढ़ गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक चालक ने उसको सामने से धक्का मार दिया।

# राजद का चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड समीप राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राजद के प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है। राजद ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। राजद सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। क्षेत्र में राजद का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। कार्यकर्ता तन मन से चुनाव प्रचार मे जुट जाएं। मौके पर अभय सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव, आनंद यदुवंशी, उमा यादव, दीपक यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, कृष्णा बैठा, राजकुमार पासवान, अशोक जायसवाल, लखन यादव, संजय यादव, सूरज यादव, रंजीत पासवान, विनय यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन सुशील सिंह, आबिद हुसैन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघो सिंह, युगेश यादव, राम विश्वास पासवान, टुडे आलम, युवा अध्यक्ष कुंदन भुइया, विजय कुशवाहा, शिवपूजन मेहता, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, जगन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने गुप्त सूचना पर छिनतई करने वाले कोढ़ा गैंग के दो शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | रामगढ़

पुलिस ने गुप्त सूचना पर एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कोढा गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उक्त बातें एसपी रामगढ अजय कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कही। उन्होंने बताया कि टीम ने कोठार महतो पेट्रोल पंप के लाहरबारी स्थित अभिषेक कुमार साव पिता स्व राजू साव के किराये वाले घर से कोढा कटिहार बिहार निवासी मोनू कुमार यादव 28 वर्ष स्व राजकुमार यादव, सोनू कुमार यादव स्व बल्ला यादव कोढा कटिहार निवासी को पकडा है। पुलिस के पुछताद में दोनों ने बताया कि वे लोग मूल रूप से कोढा कटिहार के रहनेवाले हैं। वे लोग कोढा गिरोह के सक्रिय सदस्य है। वे दोनों विगत एक वर्ष से कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ, बोकारो जिला सहित बिहार के कई के कई जगहों पर चेन छिनतई व बैंक से पैसा निकासी कर ले जाने वाले व्यक्तियों से रूपयों की छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिए हैं।

वे किराये के घर में रहकर दीपावली पर क्षेत्र में नई घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। वे लोग रामगढ, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा आदि क्षेत्रों में जाकर वहां के बैंक में घुसकर रूपया निकालने वाले लोगों को अधिक पैसा निकाल कर जाने वालों को मोटरसाईकिल से पीछा करते थे। मौका मिलते ही झोला बैग झपट्टा मार लेते व अपने पास रखे अलकूसी के पाउडर शरीर पर फेंक देते थे। जिससे शरीर पर गंभीर खुजली होने लगता और अपना शरीर खुजलाने में परेशान रहता है। बताया कि ये लोग अधिकतर अपना शिकार महिला, बुढे व कमजोर को देखकर करते हैं। वे लोग कभी हेलमेट, कभी टोपी लगाकर तो कभी बिना हेलमेट के क्षेत्र में भ्रमण करते हैं। बताया पिछले एक वर्ष से 25-30 घटना को अंजाम दे चुके हैं। ये लोग छिना हुआ बैग के सामानों को बिहार के विभिन्न जगहों पर बेचते थे। जबकि रूपया को आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 कीपेड मोबाइल, अलकुसी चार पुडिया, दो बाइक, 3670 नकद राशि, मोनू कुमार यादव का फर्जी यूआइडी बरामद किया है। इन पर रामगढ थाना में कांड संख्या 345-24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पकडे गये आरोपियों पर पर कोडरमा, तिलैया, मांडू, कोर्रा, कटकमदाग, सदर बडा बाजार, रामगढ थाना, अकबरपुर कोतवाली आदि थाना में प्राथमिकी दर्ज है। जनवरी से लेकर अबतक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 7 मामले दर्ज किए गए हैं। अपराधियों को गिरफ्तार करने में टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, पुनि आशुतोष कुमार सिंह, पुनि राजेश मुंडा, पुअनि अरविंद कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि उपेंद्र कुमार, पुअनि सुमंत कुमार राय, पुअनि सलीमुद्दीन खान सदलबल शामिल थे।

# मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटनाएं लोगों में दहशत और आक्रोश का माहौल

- स्थानीय लोगों में रोष, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल
- पुलिस की सतर्कता और जांच जारी
- बैटरी बेचने जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा
- किराए के मकान में रह रहे शिक्षक के घर भी चोरी

निज संवाददाता | साहिबगंज

मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बीते बुधवार रात को बड़तल्ला गांव में अज्ञात चोरों ने अशोक मंडल के घर में घुसकर 26 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। चोरी की एक अन्य घटना में महादेवरण पंचायत के उप मुखिया गणेश भगत की गाड़ी से चोरों ने स्टेपनी चुरा ली। पिछले हफ्ते महादेवरण के चार नंबर स्थित मोहम्मद सोहेल के गैरेज से भी चार बैटरियों की चोरी हो चुकी है। इन घटनाओं ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नया टोला इलाके में भी चोरी की वारदातें हो रही हैं। हाल ही में पुतुलिया देवी के घर से चोरों ने 10 हजार रुपये नकद चुरा लिए। इसी तरह नरेश साह के चाय दुकान से 6 हजार रुपये की चोरी की घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है। बड़तल्ला में किराए के मकान में रह रहे एक शिक्षक के घर में भी चोरी की घटना घटी, जहां से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चुराया। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है कि चोरों का नेटवर्क व्यापक रूप से फैला हुआ है, जो किसी भी प्रकार के घर या दुकान को निशाना बना रहे हैं। चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच महादेवरण के एक युवक को चोरी की बैटरी बेचने के प्रयास में ग्रामीणों ने पकड़ लिया और मिर्जाचौकी पुलिस के हवाले कर दिया। माना जा रहा है कि यह युवक चोरी के कई मामलों में शामिल हो सकता है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है और आशा जताई जा रही है कि उससे मिली जानकारी के आधार पर अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस ने इन सभी चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मिर्जाचौकी थाना में आवेदन दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए विशेष गश्ती अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। चोरी की लगातार घटनाओं से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। स्थानीय निवासी अशोक मंडल ने कहा कि 'पिछले कुछ महीनों में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई में कोई खास प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।' अन्य ग्रामीणों ने भी पुलिस से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। मिर्जाचौकी थाना प्रभारी ने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते चोरों पर अंकुश लगाया जा सके। इन घटनाओं ने मिर्जाचौकी क्षेत्र में सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ा दी है और प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग उठ रही है।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने बैठक में की चुनावी चर्चा

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास के समीप शनिवार को कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुयी। जिसमे हरिहरगंज व पिपरा के सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव नजदीक है। इसलिए सभी कार्यकर्ता पार्टी का प्रचार प्रसार करने के लिए एडी चोटी तक का जोर लगाए। कार्यकर्ता गांव गांव में डोर टू डोर जाकर प्रचार करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न दलों को छोड़कर दो दर्जन से अधिक लोगों ने बसपा का दामन थाम लिया। इस मौके पर बसपा प्रदेश सचिव पुनीत अंबेडकर, प्रमोद कुमार रवि, राजकुमार गौतम, चितरंजन दास, विधानसभा प्रभारी राम नारायण राम, विशाल वर्मा, इरफान शाहिद, सोनू जायसवाल, अखिलेश मेहता, रवि रोशन, सुशील भारती, मुखिया जितेंद्र पासवान, अरविंद गौतम, रंजीत मेहता, डॉ मनोज कुमार, डॉ महेश वर्मा, बिंदेश्वरी प्रसाद, पंचम मेहता, बबलू कुशवाहा, अवधेश मेहता, महताब शाहिल, नाजिम अंसारी, मुकेश मेहता, बालचंद, दिनेश गुप्ता, रंजीत प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थें।

## बीडीओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**हजारीबाग (नि.सं.)**। हजारीबाग स्वीप कार्यक्रम के तहत पेटो में शनिवार को बीडीओ ने शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बीएलओ के माध्यम से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी,ताकि हर दिव्यांग मतदाता अपना अपना मत का प्रयोग मतदान केंद्र में जा कर सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी मतदान केंदों पर चुनाव आयोग के निर्देशन के आलोक में निरीक्षण कार्य जारी है। मतदान कर्मियों के लिए हर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र मे घर-घर में जाकर मतदाता पहचान पत्र वितरण किया जा रहा है। जो मतदान के दिन तक भी जारी रहेगा।

# शिकारीपाड़ा विस क्षेत्र के 28 युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



**काठीकुंड (नि. सं.)**। शिकारीपाड़ा विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन के समर्थन में लगातार युवाओं का झामुमो में आने का सिलसिला जारी है। आलोक सोरेन की टिकट कन्फर्म होने के बाद से शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में युवा झामुमो का दामन थाम रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को काठीकुंड स्थित सांसद आवास पर धावाडंगाल पंचायत के 28 युवाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत के किरण देहरी, राजीव देहरी, विकास देहरी, माइल देहरी, कालेश्वर राय, कालू देहरी, कीया देहरी, दुलू देहरी, लाल बिहारी राय, देबु देहरी, संकसू राय, अमुआ राय, प्रदीप गुप्ता, राज मोहन देहरी, रमेश राय, बुधन देहरी, मेघा देहरी, लखवा देहरी, श्यामलाल देहरी, मोहन राय, सुकर मुनि, ललिता कुमारी, दुर्गे रानी, सुमडी रानी, गोपाल देहरी, सुमित्रा देवी, सरस्वती महारानी एवं सुनीता देवी ने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया| इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा जोयस बेसरा व सांसद प्रतिनिधि जोन सोरेन ने पार्टी का पट्टा पहनाकर व बुके देकर सभी नए कार्यकर्ताओं का झामुमो पार्टी में स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से अवगत कराते हुए समर्पण भाव से पार्टी के प्रति अपनी भूमिका निभाने की अपील की। मौक़े पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल जब्बार के साथ कई कार्यकता मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


2019 में हेमंत सोरेन के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले साइमन ने दिया इस्तीफा

# भाजपा का संकल्प पत्र आज होगा जारी

## गृहमंत्री अमित शाह रविवार को घाटशिला, सिमरिया और बरकट्ठा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे संबोधित

- 300 यूनिट तक फ्री बिजली का हो सकता है ऐलान
- आज रात रांची आएंगे अमित शाह



निज संवाददाता | रांची

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपना संकल्प पत्र 3 नवंबर को जारी करेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के इस संकल्प पत्र में राज्य के सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की जा सकती है। शनिवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में पार्टी की दो महत्वपूर्ण बैठकें होंगी। पहली बैठक प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ होगी, जिसमें संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद दूसरी बैठक विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों के साथ होगी, जिसमें प्रचार अभियान की रणनीति बनाई जाएगी। अमित शाह रविवार को रांची से सिमरिया, बरकट्ठा और घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वे उन नेताओं से भी मुलाकात करेंगे जिन्होंने भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन दाखिल किया था, लेकिन बाद में नाम वापस ले लिया। हिमंत बिस्वा सरमा की मध्यस्थता के बाद पूर्व मंत्री सत्यानंद झा 'बाटुल' और वीरेंद्र मंडल जैसे नाराज नेताओं को पार्टी में फिर से शामिल कर लिया गया है। भाजपा महिला मोर्चा ने सत्यानंद झा की पत्नी विथिका झा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सत्यानंद झा 2009 में नाला सीट से भाजपा टिकट पर जीतकर कृषि मंत्री बने थे। पूर्व विधायक मेनका सरदार, जो पोटका सीट से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को टिकट दिए जाने से नाराज थीं, उन्हें भी मना लिया गया है।

जमशेदपुर से नाराज चल रहे अमरप्रीत सिंह काले और भाजयुमो के नेता अजीत शर्मा ने भी पार्टी में अपनी नाराजगी खत्म कर ली है। इसके अलावा, रांची सीट से मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने भी अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। हालांकि, गुमला से मिसिर कुजूर और राजधनवार से निर्दलीय उम्मीदवार निरंजन राय को मनाने में पार्टी सफल नहीं रही। सांसद निशिकांत दुबे के प्रयासों के बावजूद, निरंजन राय ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। इसी बीच, साइमन मालटो ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि पहाड़िया समुदाय को इस बार भाजपा ने टिकट नहीं दिया, जिससे इस जनजाति के लोग अपमानित महसूस कर रहे हैं। मालटो को 2019 विधानसभा चुनाव में बरहेट सीट से हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन इस बार उनकी जगह गमालियल हेंब्रम को उतारा गया है। शिवराज सिंह चौहान ने मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने चुनाव पूर्व किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने माताओं-बहनों को हर महीने 2000 रुपए चूल्हा खर्चा देने और बेरोजगारों को 5 से 7 हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनते ही इन वादों को नजरअंदाज कर दिया गया।

# पश्चिमी सिंहभूम के शिवमंदिर में तोड़फोड़ नीलकंठ मंदिर का शिवलिंग हुआ खंडित

निज संवाददाता | चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)



पश्चिमी सिंहभूम जिले के जैंतगढ़ क्षेत्र के मोची साही में स्थित प्राचीन नीलकंठ शिव मंदिर में शिवलिंग के खंडित होने की घटना ने स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा इस 200 साल पुराने मंदिर के शिवलिंग को तोड़े जाने की खबर से लोग गुस्से में हैं। विरोध में स्थानीय लोगों ने जैंतगढ़ बाजार को पूरी तरह बंद रखते हुए मुख्य सड़क पर आवागमन ठप कर दिया है। घटना के बारे में जानकारी मिली कि लोग छोटी दीपावली की शाम को मंदिर में दीप जलाने के लिए पहुंचे थे, तब उन्होंने देखा कि शिवलिंग खंडित अवस्था में है। यह देख लोगों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते खबर जंगल की आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। गुस्साए लोग मंदिर के चारों ओर इकट्ठा हो गए और टायर जलाकर मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया। लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही जगरन्नाथपुर थाना प्रभारी शिवनारायण तिवारी, सीओ मनोज कुमार मिश्रा और पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने हालात का जायजा लिया और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आश्वासन दिया कि इस कृत्य में शामिल अज्ञात व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और दोषियों को जल्द से जल्द दंडित किया जाएगा। मंदिर का खंडित शिवलिंग देख स्थानीय लोगों में दुख और आक्रोश की लहर है। जैंतगढ़ के समाजसेवी शंभु गुप्ता ने भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है और अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना ने धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई है, जिसके कारण वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताने के लिए सड़क जाम कर रहे हैं। पुलिस की टीम ने शिवलिंग खंडित करने वाले लोगों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया है और जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 25 टन अवैध कोयले से लदा ट्रक जब्त

निज संवाददाता | रामगढ़

पतरातू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 टन अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है और चालक को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने बताया कि रामगढ़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि एलपी ट्रक (संख्या जेएच 02 बीके 5883) अवैध रूप से कोयला लेकर बिंजा छापर से पतरातू की ओर आ रहा है। इस सूचना के आधार पर पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन ठाकुर और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। उन्होंने रणनीतिक तरीके से मुख्य मार्ग पर वाहन जांच नाका लगा दिया। जैसे ही ट्रक चालक ने पुलिस की मौजूदगी देखी, उसने ट्रक को तेज गति से भगाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़े जाने पर पुलिस ने चालक से पूछताछ की और उससे ट्रक में लदे कोयले के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा। लेकिन चालक किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि ट्रक में कोयला अवैध रूप से लदा हुआ है। पतरातू थाना में इस संबंध में कांड संख्या 273/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार चालक की पहचान चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के निवासी प्रदीप कुमार महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है और अवैध कोयले की तस्करी के अन्य पहलुओं पर भी जांच शुरू कर दी है। पतरातू थाना क्षेत्र में कोयले की अवैध तस्करी पर पुलिस की लगातार सख्त नजर बनी हुई है। हाल के दिनों में अवैध कोयला तस्करी के मामलों में वृद्धि देखने को मिली है, जिसके खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## डीसी ने दो कुख्यात अपराधकर्मी को किया गया जिला बदर

**रामगढ़ (नि. सं.)।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत दो कुख्यात अपराधियों को जिला बदर और 7 अपराधियों को प्रतिदिन थाने में हाजरी लगाने का आदेश जारी किया है। इसके तहत कुख्यात अपराधी ओमप्रकाश पांडे, पिता- नाधो पांडे, जयनगर निवासी, थाना- पतरातू और कुख्यात अपराधकर्मी गुड्डू राजवंशी उर्फ गुड्डू उर्फ किस्टो, पिता- राम स्वरूप राजवंशी, पतरातू रेलवे फाटक के पास निवासी, थाना- पतरातू को जिला बदर किया है।

# दो बाइक की टक्कर, चार लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | रामगढ़

रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर स्थित गोला रिलायंस पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम करीब छह बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के वक्त चोकाद के निवासी कृष मुंडा (16), अंगद करमाली (18) और ऋषि मुंडा एक ही बाइक पर सवार होकर गोला से अपने घर लौट रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर बरलंगा थाना क्षेत्र के सुथरपुर निवासी अभिमन्यु करमाली पेट्रोल भरवाने के बाद पंप से निकल रहे थे। रिलायंस पेट्रोल पंप से निकलते ही अभिमन्यु करमाली की बाइक की सामने से आ रही कृष मुंडा की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों बाइक सवार दूर जाकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से स्थानीय लोग सड़क पर ट्रैफिक नियमों के पालन की सख्ती की मांग कर रहे हैं ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। घटना के बाद इलाके में सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामगढ़-बोकारो मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने के कारण अक्सर इस तरह की घटनाएं होती हैं। सड़क पर स्पीड ब्रेकर और यातायात संकेतकों की कमी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है।



# आगामी चुनाव को लेकर पेड न्यूज पर रहेगी प्रशासन की कड़ी नजर, चुनावी खर्च पर भी सख्त निगरानी

निज संवाददाता | जामताड़ा



आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पेड न्यूज और उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर प्रशासन ने सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सामान्य प्रेक्षकों ने व्यय लेखा कोषांग का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नाला विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अभिजित सिंह, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक महिंदर पाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय और पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ. एहतेशाम वकारिब उपस्थित थे। सभी प्रेक्षकों ने चेकनाकों पर एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) के काम की समीक्षा की। इसके अलावा, सीसीटीवी के जरिए निगरानी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया ताकि अभ्यर्थियों के व्यय पर कड़ी नजर रखी जा सके।

अधिकारियों ने मीडिया और एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) कोषांग का भी निरीक्षण किया, जहां प्रेस कतरनों की जांच, पेड न्यूज मॉनिटरिंग, प्री सर्टिफिकेशन और पेड न्यूज के मामलों की समीक्षा की गई। प्रशासन ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित हो रही खबरों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि सभी समाचार और विज्ञापन पूर्व-सर्टिफाइड हों और पेड न्यूज के मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों पर रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह, और कोषागार पदाधिकारी संतोष कुमार सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों को पेड न्यूज की कड़ी निगरानी रखने और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। इस बार प्रशासन का मकसद है कि चुनाव में पारदर्शिता बनी रहे और मीडिया का सही उपयोग हो। पेड न्यूज जैसी गतिविधियों पर लगाम कसते हुए जनता तक निष्पक्ष समाचार पहुंचाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दामोदर के गहरे पानी में डूबा युवक, मौत

**रजरप्पा (रामगढ़) (नि. सं.)।** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरू खुर्द में सरहर महुआ में हुकुम नाथ महतो का 14 वर्षीय पुत्र शुभम राज का दामोदर नदी में डूबने मौत हो गई। शुभम राज अपने मवेशियों को लेकर दामोदर नदी में धोने गया था। इसी क्रम में उसका पांव फिसल जाने के कारण नदी के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों के साथ स्वजन मौके पर पहुंचे और उसकी खोजबीन कर काफी देर बाद शुभम को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। इसके बाद घटना की सूचना रजरप्पा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हैं रजरप्पा थाना के सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी ली। वही शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करने की बात कही। लेकिन परिजनों द्वारा मना कर दिया गया।

# मां काली के जयकारे से गूंजा भुरकुंडा का इलाका, पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास

निज संवाददाता | पाकुड़

रामगढ़। कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के कोलियरी व ग्रामीण क्षेत्र में जगमग दीपों का त्योहार दीपावली धूमधाम मनाई गई। लक्ष्मी-गणेश की पूजा के बाद रात्रि में मां काली की पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास था। इसे लेकर देर शाम से ही तैयारी चल रही थी। जगमग दीपों की रोशनी और पटाखों के शोर के थमते ही देवी काली का दरबार पूजन के लिए तैयार हो गया। मध्य रात्रि में पुरोहितों ने देवी का आह्वान कर पूरे विधि-विधान से उनकी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर क्षेत्र के पूजा पंडालों में आस्था व विश्वास का मेला लगा था। लोग हाथ जोड़ कर व शीश नवां कर मां काली से मनवांक्षित फल की कामना कर रहे थे। इस दौरान समूचा कोयलांचल मां काली के जयकारे से गूंजायमान था। भुरकुंडा थाना चौक स्थित काली मंदिर प्रांगण के अलावा जवाहरनगर, भदानीनगर कोल कंपनी, सौंदा बस्ती टिपला, लपंगा कॉलोनी, रिवर साईड गांधी पार्क, सौंदा डी आदि विभिन्न क्षेत्र में काली पूजा धूमधाम से मनाई गई। वहीं भदानीनगर कोल कंपनी में भंडारा का आयोजन हुआ, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। इसे सफल बनाने में जोहरन करमाली, सुनील क्षेत्री, दीपक करमाली, सुनील, आनंद, अवधेश शर्मा, अनूप ठाकुर, राजेश मंडल, पिंटू, मनीष, प्रेम, अजय, ओमप्रकाश, लखन आदि ने योगदान दिया। काली पूजा को लेकर सौंदा बस्ती टिपला में मेला लगा। इसका मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसका आनंद सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया। मौके पर अतिथियों ने ग्रामीणों को त्योहार की शुभकामनाएं दी। जहां कि मेला हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है, जो हमें अपनी माटी से जोड़े रखता रखता है। मेला को सफल बनाने में संरक्षक मुखिया सावित्री देवी, पंसस रेखा देवी, अध्यक्ष अशोक बाउरी, सचिव शशिकांत प्रसाद, कोषाध्यक्ष नंदू प्रसाद, आशुतोष प्रसाद, मिथुन भुईयां, वासुदेव बाउरी, प्रेमानंदन बाउरी, प्रदीप बाउरी, केशव, उत्तम, मुकेश सोनी, दिलीप, मेघनाथ प्रसाद, अरविंद प्रसाद, राज पासवान, प्रदीप बाउरी, राहुल कुमार, राहुल ठाकुर, विक्रांत प्रसाद आदि ने योगदान दिया।

# झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर सघन वाहन जांच में 81 हजार से अधिक की नकदी बरामद

निज संवाददाता | गोदरमाना (गढ़वा)।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-छत्तीसगढ़ इंटर स्टेट चेकनाका पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना स्थित चेकपोस्ट पर गुरुवार को एक वाहन जांच के दौरान पिकअप वाहन से 81,600 रुपये की नकदी बरामद की गई। यह वाहन छत्तीसगढ़ से झारखंड की ओर आ रही थी। इस दौरान मौके पर मौजूद पिकेट प्रभारी रविशंकर मिश्रा ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे इस वाहन को रोका गया, और जांच में नकदी मिलने के बाद मामले की सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है। जांच के दौरान मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार के साथ बीएसएफ के जवान और जिला पुलिस के अन्य कर्मी मौजूद थे, जिन्होंने नकदी की बरामदगी के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के चलते छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर वाहनों की सघन जांच का निर्देश दिया गया है, ताकि अवैध नकदी का प्रवाह रोका जा सके। इस चेकपोस्ट पर नकदी बरामदगी का यह पहला मामला नहीं है। पिछले रविवार को भी रंका थाना क्षेत्र के विभिन्न चेकनाकों पर वाहन जांच के दौरान अलग-अलग वाहनों से 2.30 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि चुनाव के दौरान अवैध नकदी की आवाजाही की कोशिशें लगातार जारी हैं। प्रशासन चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्ती से वाहनों की जांच कर रही है। चेकपोस्ट पर विशेष पुलिस बलों के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है ताकि हर वाहन की गहनता से जांच हो सके। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के कदमों से चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप को रोका जा सकेगा और आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित होगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि इस दौरान किसी भी अवैध गतिविधि या नकदी के लेन-देन पर सख्त कार्रवाई होगी। चेकपोस्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, और अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध नकदी या सामग्रियों की आवाजाही से दूर रहें। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते बॉर्डर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

## लोडेड देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार, जेल

**राजमहल (साहिबगंज) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के कन्हैया स्थान के एक एक युवक को अवैध लोडेड हथियार के साथ पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने यहां पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बुधबढ़िया के पास एनएच 80 पर एक युवक आते-जाते राहगीरों को रोककर मारपीट व लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौकेपर पहुंच कर कन्हैया स्थान निवासी संतोष मंडल को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास लोडेड देसी कट्टा बरामद हुआ। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि संतोष मंडल के विरुद्ध राजमहल और बोरियो थाना में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट समेत करीब 10 केस दर्ज है।

# हेडमास्टर गिरफ्तारी शिक्षकों में उबाल, आंदोलन की चेतावनी

निज संवाददाता | भवनाथपुर

अनुमंडल मुख्यालय के मध्य विद्यालय नगर ऊंटारी के हेडमास्टर अनिल कुमार विश्वकर्मा की गिरफ्तारी को लेकर शिक्षकों ने कड़ा विरोध जताया है। भवनाथपुर और श्रीबंशीधर नगर के शिक्षकों ने शिक्षक के स्वच्छ छवि का चरित्र हनन करने का आरोप लगाया। साथ ही जल्द रिहा नहीं करने पर आंदोलन की अल्टीमेटम दिया है। शुक्रवार को भवनाथपुर के शिक्षकों ने बुनियादी विद्यालय में बैठक कर रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए हेडमास्टर अनिल कुमार विश्वकर्मा को जल्द रिहा करने की मांग एक स्वर से की है। एसीबी की कार्रवाई को साजिश बताया। साथ ही रिहा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी की है। मौके पर शिक्षक उमेश कुमार यादव ने बताया कि दुर्भावना से ग्रसित होकर ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के स्वच्छ छवि का चरित्र हनन करने का प्रयास किया गया है। आवश्यकता पड़ी तो हम सभी विद्यालय के प्रभार से सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से विद्यालय के विकास के साथ शिक्षण कार्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

वहीं शिक्षक पांडेय सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि शिक्षक अनिल विश्वकर्मा की कर्तव्यनिष्ठा के कारण विभाग की ओर से उन्हें पुरस्कृत भी किया गया है। बैठक में सुजीत कुमार, कमलेश पाठक, विजयकांत गुप्ता, तारकेश्वर प्रसाद, मंगलेश सिंह, संजय गुप्ता, सुनील कुमार लाल, नागेंद्र यादव, मनोज कुमार, बैजनाथ सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। उधर श्री बंशीधर नगर के शिक्षकों ने मध्य विद्यालय परिसर में आपात बैठक कर एसीबी कार्रवाई को साजिश बताते हुए चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि साजिश के तहत बुधवार को मध्य विद्यालय नगर ऊंटारी के हेडमास्टर अनिल कुमार विश्वकर्मा को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार पर साजिश करने का आरोप लगाया। गिरफ्तार किए गए हेडमास्टर की ईमानदारी की मिशाल जगजाहिर है। उनके कार्यों के कारण शिक्षा विभाग कई बार उन्हें पुरस्कृत कर चुका है। शिक्षक खुश दिल सिंह ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार ने साजिश के तहत उन्हें फंसाया है। पूर्व अध्यक्ष ने स्कूल में समरसेबल लगाने के लिए 5 हजार रुपए अनिल विश्वकर्मा से उधार लिया था। उसके गवाह स्कूल के सभी शिक्षक भी हैं। उसके बाद शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन में दूसरा व्यक्त अध्यक्ष का चयन हुआ। उसे लेकर अरविंद ने साजिश किया। वहीं अविनाश कुमार ने कहा कि रिहा नहीं किया गया तो सभी शिक्षक प्रभारी के पद से सामूहिक इस्तीफा देंगे। जब तक अनिल विश्वकर्मा को न्याय नहीं मिल जाता उनका आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर रामलला मिश्रा, अरुण कुमार, अखिलेश पाल, राजनाथ राम, संजय कुमार, सुधीर चौबे, आशुतोष कुमार, तसलीमा खातून, अरविंद कुमार, रमेश प्रसाद, अविनाश कुमार, अमित कुमार, संजय कुमार, हृदय गुप्ता, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## दुर्घटना में पुलिस के तीन जवान जख्मी

**गढ़वा (नि.सं.)।** गश्ती में निकले पुलिस वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसपर सवाल दो जवान व एक सब इंस्पेक्टर जख्मी हो गए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस का गश्ती दल चिनिया-रणपुरा पथ के जोगी मोड़ के पास बाइक को बचाने के क्रम में पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि बोलेरो का चारों चक्का ऊपर हो गया। घटना में सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा के अलावा जवान शशि कुमार व प्रदीप कुमार घायल हो गए। तीनों लोगों को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। मौके पर थाना प्रभारी व ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# दहेज में बाइक की मांग करने पर ससुराल वालों ने विवाहिता और परिजनों से की मारपीट, मामला दर्ज

निज संवाददाता | गढ़वा

गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव में दहेज में मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता पार्वती देवी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता पार्वती देवी, जो अनूप शर्मा की पत्नी हैं, को बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक, चार वर्ष पूर्व पलामू जिले के मेदिनीनगर के हमीदगंज निवासी युगल शर्मा की पुत्री पार्वती का विवाह तिलदाग गांव के गोविंद शर्मा के पुत्र अनूप शर्मा से हुआ था। शादी के बाद से ही पार्वती के ससुराल वाले दहेज में मोटरसाइकिल लाने का दबाव डाल रहे थे। पार्वती के साथ उसके पति अनूप शर्मा, सास ललिता देवी, ससुर गोविंद शर्मा, देवर सूरत शर्मा, और ननदें अनु कुमारी व छोटी कुमारी अक्सर मारपीट करते थे।

इस मामले को लेकर कई बार पंचायती भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद पार्वती की प्रताड़ना में कोई कमी नहीं आई। गुरुवार को फिर से पार्वती के साथ मारपीट की गई। अपनी जान बचाने के लिए वह तिलदाग में एक पड़ोसी के घर में छुप गई। मामले की सूचना मिलने पर शुक्रवार को पार्वती की मां सुनैना देवी, पिता युगल शर्मा और भाई राज शर्मा उसकी मदद के लिए तिलदाग पहुंचे। जब वे पार्वती को लेकर इलाज कराने के लिए गढ़वा लौटने लगे, उसी दौरान पार्वती के पति अनूप शर्मा और उसके परिवार के सदस्यों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दहेज उत्पीड़न और मारपीट के इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर से दहेज प्रथा के खिलाफ सख्त कानूनों और जागरूकता अभियानों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समाज में दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए केवल कानून ही नहीं बल्कि मानसिकता में भी बदलाव की आवश्यकता है। पार्वती के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पार्वती के ससुराल वाले उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे हैं। उनकी मांग है कि इस मामले में आरोपियों को सख्त सजा दी जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# रमना के शाखा डाकपाल रामाधार सिंह का हार्ट अटैक से निधन, गांव में शोक की लहर

निज संवाददाता | रमना (गढ़वा)

रमना उप डाकघर के अंतर्गत आने वाले सोनेहारा शाखा डाकघर के डाकपाल रामाधार सिंह का बुधवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी अचानक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार उनके गांव के शमशान घाट पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। रामाधार सिंह के बड़े पुत्र संतोष सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। रामाधार सिंह के निधन पर उनके सहकर्मियों और आसपास के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। उप डाकपाल धनराज पासवान, शाखा डाकपाल रामप्रित प्रजापति, गोपाल बैठा, मनोज सिंह, सुदीप कुमार, दिलीप सिंह, मुन्ना सिंह, और राज कुमार बैठा सहित कई अन्य लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। स्थानीय लोगों के अनुसार रामाधार सिंह न केवल अपने कार्य के प्रति समर्पित थे, बल्कि अपने मिलनसार स्वभाव के कारण वे सभी के प्रिय थे। उनकी असमय मृत्यु से क्षेत्र ने एक जिम्मेदार और ईमानदार डाकपाल को खो दिया है। उनके सहकर्मियों ने बताया कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा के साथ किया और हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। रामाधार सिंह के असामयिक निधन पर उनके सहकर्मियों ने कहा कि उनका जाना विभाग के लिए एक बड़ी क्षति है। उप डाकपाल धनराज पासवान ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 'रामाधार सिंह का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। वे हमेशा अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देते थे और एक सच्चे सेवा भावी व्यक्ति थे।' सामुदायिक स्तर पर भी लोग परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद का आश्वासन दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि रामाधार सिंह का योगदान उनके क्षेत्र के विकास में अविस्मरणीय रहेगा। रामाधार सिंह के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं गांव के लोगों ने इस कठिन समय में उनके परिवार को हिम्मत और सहारा देने का आश्वासन दिया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# डिजिटल अरेस्ट की चुनौतियां

आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के साथ इससे जुड़े जटिल खतरे अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी व्यक्ति को वीडियो काल करके उसे बातों के जाल में फंसाया गया, उसके या उसके बच्चों के किसी अपराध में शामिल होने की बात करके डराया गया, घर के एक कमरे में बंद रहने और फिर एक बड़ी रकम भेजने पर मजबूर किया गया। इसे आजकल 'डिजिटल अरेस्ट' कहा जा



रहा है। इस संजाल में लोगों के फंसने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आम जिंदगी में तकनीक के लगातार बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के समांतर निश्चित तौर पर यह व्यापक चिंता का विषय है और इसके बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने से लेकर इससे निपटने के लिए ठोस उपाय निकालने की जरूरत है।

इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेट के सहारे 'डिजिटल अरेस्ट' या अन्य तरीकों से चल रही ठगी को लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि वे इस संजाल में न फंसें। यह जगजाहिर तथ्य है कि अक्सर लोगों के पास इस तरह के फोन आते रहते हैं, जिनमें पुलिस अधिकारी के वेश में कोई व्यक्ति वीडियो काल करके खुद को किसी महकमे या संस्थान का अधिकारी बता कर किसी से जुर्माना या फिर पैसा चुकाने को कहता है। फोन पर ऐसे आधार या संदर्भ बताए जाते हैं कि कई लोग डर कर बातों के जाल में फंस जाते हैं और मांगी गई रकम बैंक खाते के जरिए भेज देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कोई भी सरकारी एजंसी किसी व्यक्ति को फोन पर वीडियो या आडियो के जरिए बात करके न तो किसी संबंध में पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। मगर इस सामान्य जानकारी से अनजान कई लोग फोन पर ठगी करने वालों की बातें मान लेते हैं। बाद में जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है, तब तक उनके साथ बहुत कुछ गड़बड़ हो चुका होता है।

जाहिर है, इंटरनेट के इस्तेमाल से संबंधित जागरूकता और प्रशिक्षण के अभाव या फिर साइबर अपराधों की दुनिया से अनजान लोग ऐसी ठगी में फंस कर कई बार बड़ा नुकसान उठाते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की सलाह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि 'डिजिटल अरेस्ट' सहित साइबर ठगी के अन्य संदर्भों में उन्होंने लोगों को सावधान रहने की जो सलाह दी, उसकी पहुंच का दायरा बहुत बड़ा है। निश्चित तौर पर बहुत सारे लोगों को इससे इंटरनेट के अलग-अलग मंचों का उपयोग करते समय सतर्क रहने में मदद मिलेगी। मगर आधुनिक तकनीकी के फैलते पांव के साथ जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है, खुद सरकार भी ज्यादातर शासकीय सेवाएं डिजिटल तंत्र के जरिए लोगों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है, तो ऐसे में इस माध्यम के उपयोग को सबके लिए हर तरह से सुरक्षित और सहज बनाया जाना चाहिए। यह छिपा नहीं है कि कई बार बिना किसी मजबूत आधार के, लोगों के बैंक खाते बंद या बाधित कर दिए जाते हैं या फिर किसी मामूली नुक्ते की वजह से सेवाएं रोक दी जाती हैं। अगर इंटरनेट की सुविधाओं के बरक्स साइबर अपराध की जटिलता का हल निकालने की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो धीरे-धीरे लोग डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने को लेकर हिचकेंगे।

# भारत के मूल में सनातन हिंदू संस्कृति का आधार है

**(प्रह्लाद सबनानी)**

*भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं, लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है। भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है।*

भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को, पहाड़ों को, वृक्षों को एवं धरती को पूजा जाता है।

किसी भी राष्ट्र के मूल में कुछ तत्व निहित होते हैं, जिनके बल पर वह देश आगे बढ़ता है और समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोए रखता है। भारत के एक राष्ट्र के रूप में, इसके मूल में, सनातन हिंदू संस्कृति का आधार है जो हजारों वर्षों से भारत को आज भी भारत के मूल रूप में ही जीवित रखे हुए है। अन्यथा, पिछले लगभग 1000 वर्षों में भारत को तोड़ने के लिए अरब के आक्रांताओं और अंग्रेजो द्वारा अनेकानेक प्रयास किए गए हैं। अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने बहुत अधिक प्रयास किए कि किसी तरह भारतीय मूल संस्कृति को तहस नहस किया जाय, शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया जाय, बलात हिंदुओं का धर्म परिवर्तन किया जाय, आदि आदि।

इन प्रयासों में उन्हें कुछ सफलता तो अवश्य मिली परंतु पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाए। जबकि कई अन्य देशों (ईरान, लेबनान, इंडोनेशिया, मिस्त्र, ग्रीक आदि) में इनके यही प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहे एवं वहां के लगभग सम्पूर्ण नागरिकों को इस्लाम में परिवर्तित करने में वे सफल रहे। भारत में चूंकि सनातन हिंदू धर्म का बोलबाला है अतः यहां इन तत्वों को आज तक सफलता नहीं मिली है, हालांकि इनके प्रयास अभी भी जारी हैं। भारतीय सनातन संस्कृति ने न केवल भारत को एकता के सूत्र में पिरोया है बल्कि पूरे विश्व को ही भारत के साथ जोड़ा है। अब तो भारत में 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के रूप में एक महत्वपूर्ण अध्याय लिखा जा रहा है। भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवन यापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था। इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं, लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है। भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को, पहाड़ों को, वृक्षों को एवं धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्यौहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी। सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे।

मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों ने भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया। जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं के धर्मांतरण पर, हिंदुओं को मारने पर और उनकी संपत्ति हड़पने पर काम कर रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ब्राह्मणों को मारकर रोज सवा मन जनेऊ जलाता था। मंदिरों को नष्ट कर उन पर मस्जिदें बना दी गई। दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं, जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। इसी कालखंड में भारत का भक्ति काल जरूर समृद्ध हुआ और उसने भारत के निवासियों को मानसिक ताकत प्रदान की।

तुलसीदास की भक्ति के सामने अकबर जैसा आदमी डर गया और झुक गया। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्यौहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है।

अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं,वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कारीडोर बनाने जा रही है,क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय संस्कृति के अनुसार, व्यक्ति के ऊपर परिवार, समाज, राष्ट्र, सृष्टि एवं परमेशटी को क्रमशः माना गया है।

# करहल में मुलायम कुनबे को एक साथ मिलेगी जीत की खुशी और हार का गम

**(संजय सक्सेना)**

सपा मुखिया अखिलेश यादव 2022 में यहां से विधायक चुने गये थे और 2024 में सांसद बनने के बाद अखिलेश ने इस सीट को छोड़ दिया था। ऐसे में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। बीजेपी मिल्कीपुर विधान सभा सीट के बाद इस सीट को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये बिसात बिछ गई है। यूपी में नौ सीटों पर उपचुनाव हो रहा है, लेकिन सबसे अधिक चर्चा करहल विधान सभा सीट की ही हो रही है।

यहां बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं,लेकिन मैदान में बसपा का उम्मीदवार भी ताल ठोंक रहा है। मगर सबसे रोचक यह है कि यहां हारेगा भी मुलायम परिवार का नेता और जीतेगा भी मुलायम के घर का लीडर। इस सीट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने भतीजे पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को मैदान में उतारा गया है जिनको भाजपा के प्रत्याशी और अपने फूफा यानी चाचा धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव से चुनाव के मैदान में टक्कर मिल रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव 2022 में यहां से विधायक चुने गये थे और 2024 में सांसद बनने के बाद अखिलेश ने इस सीट को छोड़ दिया था।

ऐसे में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। बीजेपी मिल्कीपुर विधान सभा सीट के बाद इस सीट को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। वहीं चुनावी दंगल में अखिलेश यादव भी खूब पसीना बहा रहे हैं। नामांकन में तेज प्रताप के साथ मौजूद रहकर उन्होंने समर्थकों को संदेश दिया था और इसके बाद स्थानीय नेताओं को लगातार निर्देश भी दे रहे हैं। करहल विधानसभा सीट की बात की जाये तो मैनपुरी जिले में आने वाली इस सीट को सपा नेता अपनी पुश्तैनी सीट बताते हैं। वैसे भी यह इलाका मुलायम परिवार का गढ़ माना जाता है। इस सीट ही नहीं आसपास की कई लोकसभा और विधानसभा सीट पर भी सपा का लंबे समय से वर्चस्व चला आ रहा है। वर्ष 1993 से अब तक सपा कहरल सीट पर केवल एक बार पराजित हुई है। बीते चार चुनावों से तो सपा के प्रत्याशी लगातार जीत रहे हैं। अखिलेश यादव ने 2022 के विधान सभा चुनाव में यहां 67 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी।कुछ माह पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में कन्नौज का सांसद बनने के बाद अखिलेश यादव ने इस सीट से त्यागपत्र दिया था, जिसके बाद अब यहां उपचुनाव हो रहा है। सपा प्रत्याशी की बात की जाये तो तेज प्रताप यादव इससे पहले वर्ष 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में लड़े थे और सांसद बने थे। उनके मैदान में उतरने के बाद अखिलेश यादव सहित पूरे सैफई परिवार की प्रतिष्ठा इस चुनाव से जुड़ गई है।

उधर, यादव बाहुल्य इस सीट को जीतने के लिये भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक रखी है। करहल सीट पर जीत हासिल कर बीजेपी लोकसभा चुनाव में सपा से मिली हार का हिसाब बराबर करना चाहती है। इसके साथ ही भाजपा ने सैफई परिवार के रिश्तेदार अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया है। बता दें अनुजेश यादव की मां उर्मिला यादव घिरोर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रह चुकी हैं। यह क्षेत्र वर्तमान में करहल विधानसभा सीट के अंदर आता है। अनुजेश यादव की पत्नी संध्या यादव (सपा सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन) मैनपुरी की जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ का दिन है और आपका कहीं से अटका हुआ पैसा मिल सकता है। घर या ऑफिस में आपको किसी काम को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रगति होगी और समाज में सम्मान मिलेगा।

### वृष
आज दिन भाग्यशाली है। आपका मन प्रसन्न रहेगा और योजनाएं पूरी होंगी। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में किसी कारण से तनाव बना रहेगा और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। विद्यार्थियों को मेहनत का फल मिलेगा और नौकरीपेशा लोगों की आमदनी बढ़ेगी। परिवार में किसी संपत्ति को लेकर मतभेद हो सकता है।

### मिथुन
आज का दिन लाभ और सम्मान में वृद्धि का दिन है। सफलता आपके कदम चूमेगी और मेहनत रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में अगर आप लगातार बेहतरी के लिए प्रयास करते रहेंगे तो सफलता मिलेगी। शाम को मेहमानों का आगमन खर्च बढ़ाएगा और आपको व्यस्त रखेगा।

### कर्क
आज सफलता के योग बन रहे हैं और आपको करियर में लाभ होगा। आपका प्रभाव और प्रताप बढ़ेगा। व्यापार में अच्छे मौके मिलेंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में मेहनत और साहस की जरूरत है। शत्रु कमजोर होंगे और आप सफल होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। शाम को किसी नए काम की शुरुआत होगी।

### सिंह
आज दिन कामयाबी और सफलता से भरा होगा। विरोधियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अधूरे काम पूरे होंगे। रात के समय किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपका खर्च भी अधिक होगा और भागदौड़ भी करनी पड़ेगी। शाम को कोई जरूरी काम पूरा हो जाने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

### कन्या
आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा और आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। काम का बोझ सेहत पर असर डाल सकता है, इसलिए आप काम के साथ ही अपने खानपान की अनदेखी न करें। आपके लिए कला और साहित्य के क्षेत्र के मामले में दिन सफलता और प्रसिद्धि से भरा होगा।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। नौकरी और व्यापार में सफलता मिलेगी और राजनीति में प्रगति होगी। बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। खर्च पर नियंत्रण रखें, नहीं तो परेशानी बढ़ सकती है। कला, खेल और साहित्य के क्षेत्र में आ रही परेशानियां दूर हो सकती हैं। आपके घर में किसी के विवाह के योग बन रहे हैं।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा। वहीं आपके परिवार में रुपये-पैसे की बात पर विवाद हो सकता है। धैर्य से काम लें और जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और आपके काम धीरे से सफल होंगे। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पुराने कर्ज वसूलने का समय है। शाम के वक्त यात्रा के योग हैं और जिस काम के लिए आप जा रहे हैं उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
आज का दिन करियर में लाभ दिलाने वाला है। ऑफिस के काम में भी आपको मनचाही सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कुशलता से काम करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। राजनीति में चल रहा असमंजस खत्म होगा और संतान के करियर से बहुत संतुष्ट रहेंगे।

### कुंभ
आज का दिन सावधानी से बिताने का है। लेन-देन के मामलों में सतर्क रहें। आपका खर्च अधिक हो जाने की वजह से आपको किसी से उधार लेना पड़ सकता है और आपको काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आप अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित करेंगे।

### धनु
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। किसी कानूनी मामले में जीत होगी और घर में खुशी का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे। व्यापार के मामले में आपकी अच्छी कमाई होगी। संतान की सफलता की खबर से आप खुश होंगे।

### मीन
आज दिन लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। नए खर्चे सामने आएंगे, लेकिन आप एक सही प्रकार का संतुलन बनाकर सबको पूरा कर लेंगे और पैसों की बचत भी कर लेंगे। कोई आप पर झूठा आरोप भी लगा सकता है। शाम को लाभ होगा और किस्मत में वृद्धि के योग हैं। हर मामले में सावधान रहें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5540

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5539

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5540

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | 9 | |
| 10 | | | | 11 | | | |
| | | 12 | 13 | | | 14 | 15 |
| 16 | 17 | | | 18 | | | |
| | 19 | | | 20 | | 21 | |
| 22 | | | | | | | |
| | | | 23 | | | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 7 जून इस भारतीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी का जन्म दिवस है (6)
7. इच्छा, ख्वाहिश, मांग (3)
8. संगीत के साथ तेजी से अंगों को संचालित करना (4)
10. बंदूक को अंग्रेजी मे यह कहते है (2)
11. छल, बनावटी, व्यवहार (3)
12. अनेक प्रकार के, एक रिश्ता (2)
14. इस वृक्ष की छाल औषधि के निर्माण में भी प्रयुक्त होती है (2)
16. नाम चयन, नाम निर्देशन, किसी काम के लिए किसी का तकरूर (उर्दू)(5)
19. रूपया-पैसा (अंग्रेजी)(2)
20. सामंजस्य, तालों का मिलान (4)
22. संतति, औलाद, पुत्र या पुत्री (3)
23. चुकता किया हुआ, दिया हुआ (2)
24. भीड़ को प्रेरित तथा उत्तेजित करने के लिए किया गया सामूहिक उद्घोष (2)

**ऊपर से नीचे**
1. मतों की गिनती (5)
2. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी ये नृत्यांगना अभिनेत्री (3)
3. रात्रि, निशा, रात, विभावरी, निशा (उर्दू)(2)
4. राहगीर, बटोही, राह या पथ पर चलने वाला (3)
5. नृत्य मे एक प्रकार की गति (3)
6. पंख, पर (2)
9. मध्यप्रदेश का यह शहर चूना-पत्थर के शहर के नाम से लोकप्रिय है (3)
12. सुकुमारी, एक सुंदर स्त्री, सुंदरी (उर्दू)(4)
13. आवाज, शब्द, ध्वनि (2)
15. राजा का निवा, अंतपुर (3)
17. माता का दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. यह प्रसिद्ध भारतीय पार्श्व गायिका थी (23 नवंबर 1930-20 जुलाई 1972) (4)
21. भेड़ या बकरी का बच्चा (3)
22. चेतना शक्ति, होश, हिंदी व्याकरण में किसी वस्तु का बोधक-सूचक शब्द (2)

## वर्ग पहेली 5539 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | | शा | र | दा |
| र्थ | | व | न | स्प | ति | | ग |
| | शौ | क | | पा | र | हो | ना |
| चा | ह | | क | र्क | | लि | |
| | र | सि | क | | ड | का | र |
| ग | प | | ह | नु | | द | ही |
| वा | र | | रा | | व | ह | म |
| ह | स्त | | | व | र्ण | न | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में धोखाधड़ी के मामले में एमडी समेत 20 पर केस, गुजरात से जुड़ा है मामला

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद जिले की विजय नगर पुलिस ने एक कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) समेत 20 लोगों के खिलाफ निवेशकों से 60 लाख रुपये से अधिक की कथित रूप से धोखाधड़ी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने गुजरात के धोलेरा स्मार्ट सिटी में एक परियोजना में निवेश पर आकर्षक रिटर्न का वादा किया था। ज्ञानेश राजा नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन्हें 'नेक्सा एवरग्रीन' कंपनी द्वारा एक परियोजना में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था, जिसने धोलेरा में 1,800 बीघा जमीन अधिग्रहण करने का दावा किया था। पुलिस ने बताया कि कंपनी ने संभावित निवेशकों को आकर्षित करने के लिए समाचार पत्रों में बड़े पैमाने पर विज्ञापन देकर प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए। कोतवाली के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रितेश त्रिपाठी ने बताया कि ज्ञानेश राजा और एक अन्य शिकायतकर्ता सकल देव सिंह ने क्रमशः 59 लाख रुपये और 50,000 रुपये का निवेश किया, लेकिन कुछ महीनों के बाद, कंपनी का ऐप बंद हो गया और कंपनी के अधिकारियों ने सवालों का जवाब देना बंद कर दिया। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पटाखा जलाने से रोकने पर बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, घर के बाहर बम फोड़ रहे थे आरोपी

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद के सेक्टर-18 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गुरुवार रात पटाखे चलाने से मना करने पर एक बुजुर्ग की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। मृतक के बेटे विनोद ने इस बात की शिकायत पुलिस से की। जिसके बारे में जानकारी देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीती रात उनके पड़ोस में रहने वाले राजू, धीरज और नंदू बड़े-बड़े पटाखे उनके घर के आगे जला रहे थे, जिसपर उनके पिता ने उन्हें पटाखे फोड़ने से मना किया। शिकायतकर्ता के अनुसार ऐसे में वे लोग झगड़े पर उतारू हो गए। तब उसने उनके हाथ-पांव जोडकर बीच-बचाव किया, लेकिन रात करीब एक बजे फिर वे उनके ही गेट पर आकर बड़े-बड़े पटाखे फोड़ने लगे। इसके बाद उनके पिता ने फिर उन्हें पटाखे जलाने से रोका। मृतक के बेटे का आरोप है कि दोबारा रोकने पर आरोपियों ने उनके पिता को घर से बाहर खींच लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर वह एवं उनकी पत्नी भी बाहर आए, तो उन्होंने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में उनके पिता को काफी गंभीर चोट आई, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद में रेलवे ट्रैक पर मिला नोएडा के कलेक्शन एजेंट की लाश, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार रात एक कलेक्शन एजेंट का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने उनकी हत्या होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 25 वर्षीय युवक विशाल तिवारी शाम करीब 4 बजे डासना में कलेक्शन के लिए घर से आए थे, जबकि 6 बजे उन्होंने फोन पर एक घंटे में घर लौटने की बात भी कही थी। जानकारी के अनुसार, विशाल तिवारी का परिवार नोएडा सेक्टर-63 के 25 फुटा रोड स्थित मकान में रहता है। वह एक कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करते थे। मृतक के मामा हनुमान तिवारी ने बताया कि विशाल शुक्रवार शाम करीब 4 बजे घर से डासना कलेक्शन के लिए आए थे। करीब 6 बजे उनकी अपने भाई से फोन पर बात हुई थी। उस वक्त विशाल ने एक घंटे में घर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो उनके भाई ने विशाल को फोन किया। फोन जेल चौकी से पुलिसकर्मी ने उठाया और उन्हें विशाल का एक्सीडेंट होने की जानकारी दी। सूचना पाकर जब परिजन जेल चौकी पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बताया कि विशाल का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। यह सुनते ही घर में कोहराम मच गया। उनके मामा हनुमान तिवारी ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

# दाऊद इब्राहिम के साथ मेरा लिंक जोड़ने वालों पर लूंगा ऐक्शनः नवाब मलिक

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी से नवाब मलिक ताल ठोंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के साथ उनका संबंध जोड़ने वालों पर मानहानि का मुकदमा दायर होगा। मालूम हो कि साल 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाऊद और उसके सहयोगियों से संबंधों के लिए मलिक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद इसी साल जुलाई में मेडिकल आधार पर उन्हें जमानत दी गई। एनसीपी लीडर इस बार मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

नवाब मलिक ने कहा कि उन्हें मंत्री बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। साथ ही,



यह उनका आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा, जमानत मिलने के बाद मैं अपने कार्यालय गया और काम शुरू किया। अपनी बेटी सना मलिक से जुड़े सवाल पर उन्होंने भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, मुझे एहसास हुआ कि सना निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम कर रही है। इसलिए मैंने फैसला किया कि उसे अणुशक्ति नगर से चुनाव लड़ना चाहिए। मगर, मानखुर्द के लोगों ने मुझसे चुनाव लड़ने की अपील की। इसलिए मैं इलेक्शन लड़ रहा हूं और जीत भी हासिल होगा। अजित गुट के नेता ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र से ड्रग माफिया को खत्म करूंगा। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने 29 अक्टूबर को मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन भरा। नवाब मलिक महाविकास आघाडी सरकार में मंत्री थे। 2022 में एनआईए की ओर से दाऊद और उसके साथियों छोटा शकील व टाइगर मेमन के खिलाफ दर्ज मुकदमे में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मलिक को इस साल जुलाई में जमानत दी गई थी। एनसीपी में विभाजन के बाद उपमुख्यमंत्री अजीत पवार नीत गुट ने सहयोगी भाजपा की आपत्तियों के बावजूद मलिक को अपने पाले में ले लिया था।

## कर्नाटक में बनने वाले सामना पर कन्नड में ही चिपकाएं लेवल, सिद्धारमैया का आदेश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कार्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सरकारी और प्राइवेट कंपनियों द्वारा बनाए गए सभी उत्पादों पर लेबल पर कन्नड़ में नाम और उत्पाद की जानकारी अनिवार्य रूप से लिखने के लिए कहा है।



शुक्रवाग को विधान सौध में राज्योत्सव (राज्य स्थापना दिवस) पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के बाद सीएम ने बताया कि राज्य में बने अधिकांश उत्पादों पर केवल अंग्रेजी में ही मुख्य जानकारी होती है। इसके अलावा, सीएम ने नागरिकों से कन्नड़ भाषा और इसके 2000 से अधिक वर्षों के समृद्ध इतिहास पर गर्व करने की अपील की। उन्होंने बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी स्तरों पर बातचीत में कन्नड़ का उपयोग करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, हमें गैर-कन्नड़ लोगों को कन्नड़ सिखाने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। धर्म, जाति, पंथ या भाषा से परे जो कोई भी कर्नाटक का भोजन, पानी और हवा का सेवन करता है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास घर बनाने का एक और मौका, यमुना सिटी में 451 आवासीय प्लॉटों की योजना लॉन्च




**नोएडा एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने दिवाली पर यमुना सिटी के सेक्टर-24ए में 451 आवासीय भूखंडों की योजना लॉन्च की है। योजना में आवेदक 30 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि 27 दिसंबर को ड्रॉ होगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास घर बनाने का सपना देख रहे लोगों को एक बार फिर मौका दिया गया है। इसके लिए इस बार 451 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसका ब्रॉशर ऑनलाइन कर दिया गया है। योजना में 120, 162, 200 और पहली बार 250 और 260 वर्गमीटर के भूखंड शामिल हैं। सभी प्लॉट सेक्टर-24ए में हैं। यह मिक्स लैंड यूज सेक्टर है और एयरपोर्ट के बेहद नजदीक है। वहीं, इस बार छोटे भूखंडों को योजना में शामिल किया गया है। सबसे बड़ा प्लॉट 260 वर्गमीटर का है। योजना में किसानों को 17.5 प्रतिशत का आरक्षण भी मिलेगा। नर्सरी स्कूल और शिशु गृह की योजना भी शुरू = यमुना सिटी के सेक्टर-17, 18 और 22डी में नर्सरी स्कूल और शिशु गृह भी खोले जाएंगे। इसके लिए आठ भूखंडों की लॉन्च की गई है। शिशु गृह के लिए 1000 वर्गमीटर और नर्सरी स्कूल के लिए 1000 से 1500 वर्गमीटर के भूखंड आवंटित किए जाएंगे। तीनों शिशु गृह सेक्टर-18 में बनेंगे। इसके अलावा सेक्टर-17ए और 22ई में पांच संस्थागत भूखंडों की योजना लॉन्च की गई है। सेक्टर-17ए में तीन और सेक्टर-22ई में दो भूखंड हैं। भूखंडों का क्षेत्रफल 40400 वर्गमीटर से लेकर 83822 वर्गमीटर तक है। इन भूखंडों पर डिग्री कॉलेज, पीजी कॉलेज, मैनेजमेंट और टेक्निकल इंस्टीट्यूट, वोकेशनल कॉलेज, स्पोर्ट कॉलेज, एकेडमी, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट स्कूल और रिसर्च एंड डवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर को खोला जा सकेगा।

# चुनाव लड़ते समय कार्यकर्ताओं का भी ख्याल रखना चाहिए: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज ठाकरे की पार्टी से गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वे लोकसभा में हमारे साथ थे, मेरी उनसे बात हुई थी। शिंदे ने कहा, शिवसेना-भाजपा-एनसीपी का गठबंधन होने दीजिए। बाद में बात करते हैं। मगर, उन्होंने सीधे उम्मीदवार खड़े कर दिए। हमारा वहां 2-3 बार से विधायक है। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ते समय कार्यकर्ताओं का भी ख्याल रखना चाहिए। हमें कार्यकर्ताओं का मनोबल नहीं गिरने देना है। हम एक ही गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे साथ आरपीआई के अठावले हैं। जन सुराज का समर्थन है। हम चुनाव लड़ेंगे और बहुमत से जीतेंगे।

एकनाथ शिंदे ने कहा, 'कामकाज, राज्य का विकास, जीवनशैली में बदलाव, ये सब हमारी सरकार ने किया है। लोकसभा चुनाव में वोट शेयर शिवसेना की तरफ बढ़ा था। इन चुनावों में भी यही होगा। अभी मैं टीम लीडर हूं। हमारी टीम काम कर रही है। हमारी टीम में हर कोई बराबर है। हमारा लक्ष्य महायुति सरकार लाना और राज्य का विकास करना है।' बाबा सिद्दीकी की हत्या पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कल लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस घटना की जड़ तक सरकार जाएगी। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

नवाब मलिक को लेकर सीएम शिंदे ने कहा, हमारी भूमिका पहले से वही थी, अब भी वही है। हमारा वहां उम्मीदवार भी खड़ा है।



हमारा स्टैंड स्पष्ट है। हम अपना स्टैंड नहीं बदलते। विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जब फैसला उनके पक्ष में आया तो कहते हैं कि ईवीएम ठीक है। जब वे हारते हैं तब कहते हैं कि ईवीएम खराब है। चुनाव आयोग खराब है। मुख्यमंत्री ने कहा, न्यायालय पर भी आरोप लगाते हैं। जब उनको हार दिखती है तब बहाना चाहिए इसलिए बहाना पहले से बनाते हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उतनी ही गारंटी देनी चाहिए जितनी हमारा बजट अनुमति देता है वाले बयान पर भी एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, वह (खरगे) सही हैं क्योंकि उनके पास देने का इरादा नहीं है। वे देना नहीं जानते, वे लेना जानते हैं। अगर क्क्रूमोदी एक रुपया भेजते हैं तो पूरा रुपया डीबीटी (डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर) में चला जाता है। उन्होंने देना नहीं सीखा है। हमने आरबीआई और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन किया। हम जीडीपी का 25 प्रतिशत ऋण ले सकते हैं। हमारा ऋण 17.5प्रतिशत है और हम एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम) के 3 प्रतिशत के भीतर हैं। हम हर दिशा-निर्देश का पालन करते हैं। हमने कुछ भी उल्लंघन नहीं किया है। इसलिए हमने इसके लिए पूरे साल का बजट रखा है। इसलिए यह योजना बंद नहीं होगी। लाडली बहन योजना को कोई नहीं रोकेगा। एकनाथ शिंदे ने कहा, विपक्ष को लग रहा था कि ये कठपुतलियां हैं। उन्हें ये नहीं पता था कि हम इतनी बड़ी योजनाएं चलाएंगे। इंडस्ट्री हम पर भरोसा करेगी। हमारी सरकार लोगों के लिए काम कर रही है। पिछली सरकार खुद के लिए काम करती थी। खुद की प्रॉपर्टी बनाने के लिए काम करती थी।

# संकल्प पत्र के वादों को हूबहू धरातल पर पूरा करेगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्रांतिकारी वीरों के सपनों का भारत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर हरियाणा का नव-निर्माण करेंगे। प्रदेश के 2.80 करोड़ हरियाणवी को बिना भेदभाव विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए संकल्प पत्र को राज्य सरकार द्वारा हूबहू धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री जिला सोनीपत के गोहाना में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थितजनों व प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती, हरियाणा दिवस, दीपावली, भैया दूज व गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दी।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2.80 करोड़ नागरिकों की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संकल्प पत्र के अनुरूप योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विकास के विभिन्न पड़ाव पार करते हुए आज हरियाणा 58 साल का हो चुका है। इसके लिए सभी वर्ग बधाई के पात्र हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने भाजपा पर अपने विश्वास को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री व पूर्व में साढ़े नौ साल रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई मजबूत व्यवस्था पर आगे बढ़ते हुए हमारी डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से अपना काम करेगी। कांग्रेस द्वारा बेरोजगारी को लेकर जो भ्रामक प्रचार चुनाव के दौरान किया गया था और उनके नेताओं द्वारा हजारों युवाओं के भर्ती परिणाम रोकने का जो प्रयास किया गया, उससे उनकी युवा विरोधी मानसिकता जनता-जनार्दन के सामने आ गई। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने आम आदमी को यह अहसास दिलाने का काम किया कि बिना पर्ची-बिना खर्ची के युवाओं के उवल भविष्य को भाजपा ही सुरक्षित कर सकती है और जनता विशेषकर युवाओं ने साथ देकर हमारी सरकार पर भरोसा जताया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार विधानसभा में जारी किए गए संकल्प पत्र को लक्ष्य मानकर पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने सरकार बनते ही 24 हजार युवाओं को पक्की नौकरी, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करते हुए डीएससी समाज को आरक्षण व अस्पतालों में डायलिसिस निःशुल्क उपलब्ध करवाने के निर्णय लेकर सरकार की नॉन स्टॉप रफ्तार का नजारा पेश कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नए हरियाणा का निर्माण करेंगे।

## झारखंड कांग्रेस की संवाद बैठक में टिकट बंटवारे को लेकर बवाल, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल नाराज होकर निकले बाहर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को रांची के डिबडीह सेलिब्रेशन हॉल में पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ,प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीनियर ऑब्जर्वर सांसद गौरव गोगोई, सांसद सुखदेव भगत,सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान केसी वेणुगोपाल ने 25 सीट जीतने का प्रदेश कांग्रेस को लक्ष्य दिया। साथ ही उन्होंने नेताओं को गठबंधन मजबूत करने के लिए टास्क भी दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, टिकट कटने से नाराज कई नेताओं ने उनके सामने नाराजगी जताई। बैठक में टिकट बंटवारे में भेदभाव का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार,इधर सभी नेता एक एक कर अपने सम्बोधन कर रहे थे, लेकिन जैसे ही प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर सम्बोधन करने पहुंचे तो सामने बैठे नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। बात यही नहीं रुकी जब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मंच पर पहुंचे तो उन्हे बोलने नहीं दिया गया और हुटिंग शुरू हो गई, इसके बाद केसी वेणुगोपाल जब संबोधन के लिए खड़े हुए तो फिर से पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा बात नही सुनने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई, जिसके बाद के सी वेणुगोपाल ने संक्षिप्त संबोधन कर नाराज होकर बाहर निकल गए। यहां तक की प्रेस कॉन्फ्रेंस होना था लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं हुआ और संगठन महासचिव निकल गए।

वहीं बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि यह जो चुनाव संबंधित जो कमेटी बनी हुई, जिसमें कंप्लेंट कमेटी ,मेनिफेस्टो कमेटी,सोशल मीडिया कमेटी होती है और कोआर्डिनेशन वगैरा के लिए जो कमेटी होती है।

# लाइट विवाद के पीड़ितों से मिले नितेश राणे, कहा- कानून कम पड़ेगा, तो आगे की शिक्षा हम देंगे

**नवी मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के नवी मुंबई के एक सोसायटी में चेयरमैन द्वारा दीपावली पर लाइट लगाने से रोकने वाले विवाद के बाद भाजपा नेता नितेश राणे ने पीड़ित पक्ष से मुलाकात की। साथ ही लाइट लगाने से रोकने वाले आरोपियों को कड़ी चेतावनी भी दी। दरअसल, नवी मुंबई के एक सोसायटी में चेयरमैन ने लोगों को दीपावली के अवसर पर अपने-अपने घरों पर लाइट लगाने पर रोका था, वहीं महिलाओं के साथ अभद्रता भी की थी। लोगों को लाइट लगाने से रोकने वाला चेयरमैन मुस्लिम समुदाय का था। मामला बढ़ने के बाद मौके पर दोनों पक्षों के लोग इकट्ठे हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ लोगों



को गाली-गलौज और धमकी देने का मामला दर्ज किया था।

मामला प्रकाश में आने के बाद भाजपा नेता नितेश राणे ने पीड़ित पक्ष से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने इस पूरे मामले में अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा प्रताड़ित करने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। नितेश राणे ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह के लोगों को 90 प्रतिशत हिंदुओं का ध्यान रखना होगा जो यहां रहते हैं। वर्ना यह टकराव घातक साबित होगा और मुस्लिम पक्ष भी अपने त्योहार को शांति से नहीं मना पाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर कहीं पर कानून कम पड़ेगा, तो आगे की शिक्षा हम देंगे। हाई कोर्ट का जजमेंट है कि सोसायटी में बकरा नहीं काटा जा सकता, इसलिए ईद के समय पर एक महिला ने बकरा काटने पर सवाल उठाया था और जिसका बदला लिया जा रहा था। लेकिन, ये तो कानून है कि सार्वजनिक जगहों पर बकरा नहीं काटा जा सकता। बता दें कि पूरा मामला महाराष्ट्र के नवी मुंबई के तलोजा स्थित पंचानंद सोसायटी का है। जब सोसायटी के लोग 28 अक्टूबर को अपने घरों के बाहर और इमारत पर लाइट लगा रहे थे, उस समय सोसायटी के मुस्लिम चेयरमैन ने लाइट लगाने को लेकर अपनी आपत्ति जताई और लाइटिंग निकालकर फेंकने की धमकी दी साथ ही साथ महिलाओं के साथ गाली-गलौज भी की।

## नकारात्मक नारा भाजपा की निराशा का प्रतीक : अखिलेश यादव

**लखनऊ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'नकारात्मक-नारा' उनकी निराशा-नाकामी का प्रतीक है। सपा प्रमुख की यह प्रतिक्रिया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे बयान के जवाब में देखी जा रही है। सीएम योगी कई मंचों पर अपने भाषणों में इस बात का जिक्र करते हुए नजर आए हैं, कि बटेंगे तो कटेंगे। पहली बार उनका ये बयान पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद हुई हिंसा के बाद आया था।

अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा कि उनका 'नकारात्मक-नारा' उनकी निराशा-नाकामी का प्रतीक है। इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10प्रतिशत मतदाता बचे हैं अब वो भी खिसकने के कगार पर हैं, इसलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन ऐसा कुछ होने वाला नहीं। उन्होंने आगे लिखा, नकारात्मक-नारे का असर भी होता है, दरअसल इस 'निराश-नारे' के आने के बाद, उनके बचे-खुचे समर्थक ये सोचकर और भी निराश हैं कि जिन्हें हम ताकतवर समझ रहे थे, वो तो सत्ता में रहकर भी कमजोरी की ही बातें कर रहे हैं। जिस 'आदर्श राज्य' की कल्पना हमारे देश में की जाती है, उसके आधार में 'अभय' होता है; 'भय' नहीं। ये सच है कि 'भयभीत' ही 'भय' बेचता है क्योंकि जिसके पास जो होगा, वो वही तो बेचेगा।

उन्होंने आगे लिखा, देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा।

## सार समाचार



### रवि शास्त्री ने फैलाई न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करने वाले भारतीय खिलाड़ी की मौत की खबर

#### ● फिर मांगी माफी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रवि शास्त्री भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई टेस्ट की कमेंट्री कर रहे हैं. लेकिन, इसी बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले एक भारतीय खिलाड़ी की मौत की खबर फैला दी. जब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ तो ना सिर्फ वो पोस्ट डिलीट किया बल्कि गलती की माफी भी मांगी. रवि शास्त्री ने नारी कॉन्ट्रैक्टर के निधन की खबर शेयर की थी, जिन्होंने 1955 में मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के ही खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी.

**रवि शास्त्री ने निधन की गलत खबर के लिए मांगी माफी:** टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रहे रवि शास्त्री ने नारी कॉन्ट्रैक्टर के निधन को लेकर शेयर की गलत खबर के लिए माफी मांगी है. उन्होंने माफी मांगते हुए नारी कॉन्ट्रैक्टर के सेहत का मौजूदा हाल भी बताया. शास्त्री ने लिखा कि कॉन्ट्रैक्टर अच्छे हैं और उनके निधन की खबर पूरी तरह से गलत है.

**नारी कॉन्ट्रैक्टर ने 31 टेस्ट में बनाए 1611 रन:** नारी कॉन्ट्रैक्टर का जन्म 7 मार्च 1934 को गुजरात के गोधरा में हुआ था. उन्होंने साल 1955 में अपना पहला टेस्ट खेला. उनका टेस्ट करियर 7 साल का रहा. इस दौरान खेले 31 टेस्ट में उन्होंने 1611 रन बनाए और 1 विकेट लिया. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच साल 1962 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था.

**ग्रिफिथ की बाउंसर ने खत्म किया करियर:** नारी कॉन्ट्रैक्टर के टेस्ट करियर पर विराम लगने की वजह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ग्रिफिथ की वो बाउंसर रही, जिससे उनका सिर फट गया था. ये घटना 1962 की सीरीज की है. सिर फटने के बाद ग्रिफिथ के सिर में मेटल प्लेट डाले गए थे, जो 60 साल बाद 2022 में ही निकाले गए हैं. नारी कॉन्ट्रैक्टर फिलहाल 90 साल के हैं और पूरी तरह से स्वस्थ हैं.

### मुझे टीम में बरकरार रखने के फैसले को सही साबित कर दूंगा - शशांक सिंह



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने अगले आईपीएल सत्र के लिए दो खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है और इनमें से एक शशांक सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह 2025 में शानदार खेल दिखाकर टीम के मालिकों को साबित कर देंगे कि उनका फैसला सही था। पिछले सत्र में पंजाब किंग्स के लिए शशांक ने एक बेहतरीन 'फिनिशर' के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 164.65 के स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाये और टीम के शीर्ष रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। शशांक 'अनकैप्ड' खिलाड़ी हैं यानी भारत के लिये अभी तक उन्होंने नहीं खेला है।

पंजाब किंग्स द्वारा टीम में खिलाड़ियों को बरकरार रखने की घोषणा के बाद शशांक ने कहा कि मैं फ्रेंचाइजी का आभारी हूं क्योंकि उन्होंने मुझे फिर से मौका दिया है और मुझ पर भरोसा दिखाया है। उन्होंने मुझे जो मौका दिया है, उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

## भारत पहली पारी में 263 पर ऑलआउट

# मुंबई टेस्टः न्यूजीलैंड को 143 रन की बढ़त, दूसरे दिन स्टंप्स तक स्कोर 171/9

**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ मुंबई टेस्ट की दूसरी पारी में 143 रन की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन बना लिए। एजाज पटेल नॉटआउट लौटे।

शनिवार को मुकाबले के दूसरे दिन टीम इंडिया पहली पारी में 263 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम न्यूजीलैंड पर महज 28 रन की बढ़त ले सकी। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाए थे।

**जडेजा ने 4 और अश्विन ने 3 विकेट लिए, यंग की फिफ्टी**

न्यूजीलैंड के लिए दूसरी पारी में



विल यंग ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 100 बॉल पर 51 रन बनाए। उनके अलावा ग्लेन फिलिप्स 26, डेवोन कॉन्वे 22, डेरिल मिचेल 21 और मैट हेनरी ने 10 रन बनाए। बाकी 4 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। भारत की ओर से दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उन्होंने इस मैच अब तक 9 विकेट ले लिए हैं, पहली पारी में उन्होंने 5 विकेट लिए थे। रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट झटके। आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला।

**भारत के लिए पहली पारी में गिल ने 90 रन बनाए**

टीम इंडिया पहली पारी में 263 रन पर ऑलआउट हो गई। शुभमन गिल (90 रन) और ऋषभ पंत (60 रन) ने अर्धशतक जमाए। एजाज पटेल ने 5 विकेट झटके। पहले दिन न्यूजीलैंड पहली पारी में 235 रन पर ऑलआउट हो गया था।

### 100+ की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर करने वाले दूसरे कीपर बने ऋषभ पंत

ऋषभ पंत भारतीय क्रिकेट के लिए इतने अहम क्यों हैं ये बात उन्होंने मुंबई टेस्ट मैच की पहली पारी में फिर से साबित कर दी। पंत इस टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी के लिए तब आए जब टीम इंडिया ने 86 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन फिर उन्होंने तेज अंदाज में बल्लेबाजी शुरू की और 36 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर दिया। पंत ने 100 की ज्यादा की स्ट्राइक रेट



के साथ इस में रन बनाए और एमएस धोनी साथ ही जॉनी बेयरस्टो जैसे दिग्गज क्रिकेटरों को पीछे छोड़ दिया। पंत ने पहली पारी में 59 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 60 रन की पारी खेली और उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 101.69 का रहा। पंत ने टेस्ट क्रिकेट में 5वीं बार 100 की ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 50 रन से ज्यादा की पारी खेलने का कमाल किया।

**टेस्ट मैचों में 100+ की स्ट्राइक रेट के साथ सबसे ज्यादा बार 50+ की पारी खेलने वाले विकेटकीपर**

8 – एडम गिलक्रिस्ट
5 – ऋषभ पंत
4 – एमएस धोनी
4 –जॉनी बेयरस्टो



## चेसः

### छोटा पैकेट बड़ा धमाका!

# तीन साल की उम्र में अनीश सरकार ने हासिल की फिडे रेटिंग

**कोलकाता, एजेंसी।** जहां छोटी उम्र के अधिकतर बच्चे कार्टूनों को देखने या केवल खिलौनों के साथ खेलने में लीन रहते हैं, वहीं अनीश सरकार शतरंज की बिसात पर अपना दिमाग दौड़ाते हैं जिससे शुक्रवार को उन्होंने एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित कर दिया। उत्तरी कोलकाता में रहने वाले अनीश महज तीन साल, आठ महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

### कोलकाता में हुआ जन्म

अनीश का जन्म 26 जनवरी 2021 को हुआ था। उन्होंने अक्तूबर में पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-नौ ओपन प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धी शतरंज में डेब्यू किया। इस युवा खिलाड़ी ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए संभावित आठ में से 5.5 अंक हासिल किए।

### इन दो को अनीश ने दी मात

इस बीच उन्होंने दो रेटेड खिलाड़ियों - अरव चटर्जी और अहिलान बैश्य को हराया। वह कुल मिलाकर 24वें स्थान पर रहे। इस बीच, उन्हें भारत के नंबर एक खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ खेलने का मौका भी मिला।

### तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ा

अनीश को इसके बाद पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-13 ओपन में खेलने का मौका मिला जिसमें उन्होंने पांच रेटेड खिलाड़ियों का सामना करने की अर्हता पूरी की। इस तरह से उन्हें फिडे रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली। उन्होंने इस तरह भारत के ही तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिन्होंने पांच साल से कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## हांगकांग सिक्सेसः

# उथप्पा के 6 गेंदों पर रवि बोपारा ने ठोक डाले 6 छक्के

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर रवि बोपारा ने हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में 6 छक्के जड़ दिए। बोपारा ने भारतीय टीम के कप्तान रॉबिन उथप्पा की गेंदों पर ये कमाल किया और उनकी छह गेंदों पर छह छक्के लगाने का कमाल कर दिया। रॉबिन के इस ओवर में कुल 37 रन बने जिसमें 6 छक्कों के अलावा एक वाइड गेंद भी शामिल था।

रवि बोपारा ने उथप्पा के ओवर में पहले 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के लगाए, लेकिन इसके बाद उन्होंने एक गेंद वाइड फेंक दी, लेकिन इसके बाद उथप्पा ने जो गेंद फेकी उस पर भी बोपारा ने छक्का जड़ दिया और इस ओवर में टीम के लिए 37 रन बटोरे।

अपने छह छक्कों के बाद बोपारा ने अगले ही ओवर में शाहबाज नदीम के खिलाफ लगातार सातवां छक्का जड़ा और सिर्फ 14 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के कप्तान ने अपनी पारी में आठ छक्कों की मदद से 53 (14) रन बनाने के बाद रिटायर हो गए। उन्हें समित पटेल का अच्छा साथ मिला जिन्होंने अपनी पारी में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 51 (18) रन की सनसनीखेज पारी खेली। इस

### एक ओवर में बने 37 रन



मैच में इंग्लैंड की टीम ने 6 ओवर में एक विकेट पर 120 रन का शानदार स्कोर बनाया इससे जवाब में भारत की तरफ से भरत चिपली ने 7 गेंदों पर 21 रन जबकि श्रीवत्स गोस्वामी ने 10 गेंदों पर 27 रन की पारी के दम पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान उथप्पा नहीं चल पाए और वो गोल्डन डक पर आउट हो गए जबकि केदार जाधव ने 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 15 गेंदों पर नाबाद 48 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने की भरपूर कोशिश की। भारत ने 6 ओवर में 3 विकेट पर 105 रन बनाए और उसे 15 रन से हार मिली।

रवि बोपारा को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# टीम इंडिया के पर्थ पहुंचने से पहले 3 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के करियर पर खतरा बीजीटी में नहीं मिलेगी जगह!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी. भारतीय टीम सीधा पर्थ पहुंचेगी, जहां 22 नवंबर से पहला टेस्ट खेला जाएगा. टीम इंडिया के पर्थ पहुंचने से पहले ही 3 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के करियर पर खतरा मंडराता दिख रहा है. ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अभी अपनी टीम का ऐलान नहीं किया है. लेकिन, इस बात की पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में उन 3 खिलाड़ियों को मौका मिलना अब मुश्किल है.

इन 3 खिलाड़ियों के टेस्ट करियर पर ग्रहण!

आप सोच रहे होंगे कि वो कौन से 3 खिलाड़ी हैं, जिनके करियर पर ग्रहण लग गया है? और क्यों वो टीम इंडिया के खिलाफ होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा नहीं बन सकते? यहां पहले सवाल का जवाब कैमरन बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस और सैम कॉन्सटास हैं. लोकल



मीडिया की ही रिपोर्ट की मानें तो इन तीनों में से किसी का भी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बना पाना मुश्किल है. बड़ी बात ये है कि इनके साथ ऐसा होने की वजह भी भारतीय टीम है.

# रिकी पोंटिंग का मिशन, भविष्य में आईपीएल की सबसे मजबूत टीम होगी पंजाब किंग्स

**दुबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 को लेकर सभी 10 टीमें तैयारियों में जुटी है। बीते कुछ सीजन पंजाब किंग्स के लिए ज्यादा अच्छे नहीं रहे। हालांकि, इस बार टीम एक नई लय में नजर आने वाली है। इसकी वजह है टीम में बदलाव जिसकी शुरुआत नवनियुक्त मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ हो गई। आईपीएल 2025 से पहले टीम में कई रणनीतिक बदलाव किए गए हैं। इसमें नए कोच की नियुक्ति भी शामिल है।

आईपीएल रिटेंशन लिस्ट की हालिया घोषणा के साथ पंजाब किंग्स के लिए पोंटिंग का दृष्टिकोण एक



बदलाव का संकेत देता है क्योंकि फ्रेंचाइजी एक नया और अलग रास्ता अपनाने के लिए तैयार है। टीम ने केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ी- प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को रिटेन किया। जबकि, दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, इंग्लैंड के सैम करन और भारतीय तेज अर्शदीप सिंह जैसे स्टार खिलाड़ियों को रिलीज करने का ऑप्शन चुना। आईसीसी रिव्यू से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, मैं एक नई, ताजा शुरुआत को लेकर सबसे अधिक उत्साहित हूं। यह रिटेंशन लिस्ट के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि टीम के पास सबसे बड़ी नीलामी राशि है, जो एक महत्वाकांक्षी और मजबूत टीम के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। कई वर्षों के संघर्ष के बाद 2014 से फ्रेंचाइजी के प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रहने के बाद, पोंटिंग पंजाब किंग्स को मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह नया रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फ्रेंचाइज के अतीत को स्वीकार करते हुए पोंटिंग ने नई शुरुआत की अपनी इच्छा पर जोर दिया और टीम में एक नया माहौल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा, मेरे लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात इस पूरी फ्रेंचाइजी को अलग बनाना है। इसे मजबूत बनाना और मैदान पर रिजल्ट लाना है। मैं चाहता हूं कि हम आईपीएल में अपनी छाप छोड़े।

# आईपीएल-2025 में सीएसके से खेल सकते है अश्विन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 मेगा ऑक्शन में रविचंद्रन अश्विन को चेन्नई सुपर किंग्स खरीद सकती है। उन्हें हाल ही में जारी हुई रिटेंशन लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था। 2015 तक चेन्नई से खेलने वाले ऑफ स्पिनर अश्विन की घर वापसी हो सकती है। टीम ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीश पथिराना और एम एस धोनी



(अनकैपड) इन सभी को 65 करोड़ में रिटेन किया है। टीम के पास पर्स में 55 करोड़ रुपए बचे हैं।

अश्विन पर बोली लगाएगी रिपोर्ट के मुताबिक चेन्नई की विशलिस्ट में ऋषभ पंत और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शामिल है। 38 वर्षीय अश्विन ने फ्रेंचाइजी के लिए 6 साल आईपीएल खेला था। उन्होंने 2009 में सीएसकेके लिए डेब्यू किया था। जिसके बाद वे राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स से खेल चुके हैं। करीब 2 महीने पहले अश्विन ने चेन्नई से दोबारा खेलने की इच्छा जताई थी। 2019 में अश्विन ने पंजाब किंग्स की कप्तानी की थी।

**पंत के लिए चेन्नई और पंजाब में लड़ाई**

इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स ने रिटेन नहीं किया है। ऐसे में कई टीमें पंत के पीछे जा सकती हैं।क्योंकि चेन्नई के पास 55 करो? बाकी है और उन्हें टीम में और भी प्लेयर्स शामिल करने है ऐसे में वे 25 करोड़ से ऊपर की बोली नहीं लगा सकते। इसके अलावा पंजाब, लखनऊ और बेंगलुरु ऋषभ को अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं।

# पेरिस मास्टर्सः बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पेरिस मास्टर्स से बाहर, ज्वेरेव और खाचानोव पुरुष एकल के सेमीफाइनल में



**पेरिस, एजेंसी।** बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी पहले ही सत्र के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। वहीं, जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 6-4 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल के कड़े मुकाबले में हार के साथ पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। बोपन्ना और एबडेन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इस एटीपी 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ़ और क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच की जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 46 मिनट तक चला। पहला सेट टाईब्रेकर में खिंचने से पहले दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। बोपन्ना और एबडेन को कुछ मौके मिले लेकिन कूलहोफ और मेक्टिच ने सेट प्वाइंट बचाकर टाईब्रेक जीता और 1-0 की बढ़त बना ली।

दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन बोपन्ना और एबडेन ने 12वें गेम में डबल फॉल्ट किया जिसकी बदौलत कूलहोफ और मेक्टिच को ब्रेक प्वाइंट का मौका मिला। उन्होंने उसे भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी पहले ही सत्र के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। वहीं, जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 6-4 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और यूनान के खिलाड़ी को एटीपी फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया। फ्रेंच ओपन के उपविजेता ज्वेरेव का अगला मुकाबला 2022 के चैंपियन होल्गर रूण से होगा। वह पिछले चार वर्षों में तीसरी बार इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाए।

पिछले पांच वर्षों में यह पहला अवसर है जबकि 10वीं वरीयता प्राप्त सितसिपास एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में रूण ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 4-6, 7-5 से हराया। रूस के 2018 के चैंपियन करेन खाचानोव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराकर उनकी एटीपी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका पहुंचाया। सेमीफाइनल में खाचानोव का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी उगो हम्बर्ट से होगा, जिन्होंने कार्लोस अल्काराज को बाहर का रास्ता दिखाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-2, 7-6 (4) से हराया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# सड़क हादसा : पुलिया में गिरने से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की जान जा रही है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला औरंगाबाद से सामने आया है। जहां जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज शमशान घाट के पास एनएच 19 पर बने पुलिया में अनियंत्रित होकर एक बाइक गिर गयी। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज शमशान घाट के पास एनएच 19 पर बने पुलिया में अनियंत्रित होकर एक बाइक गिर गयी। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। यह घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के सिंदुआरा गांव निवासी अरविंद चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार एवं पुकार चंद्रवंशी के 18 वर्षीय पुत्र चुन्नू कुमार के रूप में हुई है। वहीं, इस घटना को लेकर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे थे. इसी दौरान घटना घटी है।

बताया जा रहा है कि पेट्रोलिंग कर रहे 112 की टीम सड़क किनारे एक युवक को घायल स्थिति में देखा तो उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान चुन्नू की मौत हो गयी। उसके बाद पता चला कि एक और युवक है जो पुलिया के नीचे गिरा हुआ है। पुलिस ने पुलिया के नीचे गिरे युवक मोहित कुमार को निकाल कर सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में किशोर घायल



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

जिला के रफीगंज कासमा पथ के पचार पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने एक किशोर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद किशोर सड़क किनारे झाड़ी में गिर गया। राहगीरों ने इलाज के लिए ऑटो से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल की पहचान रफीगंज शहर के राजा बिगहा निवासी रमेश यादव के 16 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार के रूप में की गई है। घायल को डॉक्टर ए के केसरी ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि घायल को चेहरे, सिर और अन्य जगहों पर काफी चोटें आई है। जिसे उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान घायल के परिजनों ने बताया कि किसी निजी कार्य से पचार जा रहा था। तभी शनिवार की सुबह करीब 8:00 के आसपास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पेट्रोल पंप के पास घायल होकर सड़क के किनारे झाड़ी में गिर गया। राहगीरों ने इलाज के लिए भर्ती करवाया। घायल के पिता रमेश यादव मजदूरी करते हैं। यह तीन भाई और दो बहनें है। जिसमें से यह सबसे छोटा है।

## चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का आयोजन आज, तैयारी पूरी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में रविवार को श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव 2024 धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है और इसमें जिले भर से कायस्थ परिवार समेत समाज के अन्य वर्गों के लोग शामिल होंगे। इस महोत्सव का आयोजन जीकेसी(ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस), औरंगाबाद द्वारा किया जा रहा है। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के अध्यक्ष कमल किशोर ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा की शुरुआत रविवार की सुबह 11 बजे से होगी। इसके बाद दोपहर में 1 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। संध्या 6 बजे से महाआरती, संध्या 7:30 बजे से प्रीतिभोज का आयोजन किया गया है। वहीं 4 नवंबर को दोपहर 3 बजे से मूर्ति विसर्जन की तैयारी की जाएगी। महा आरती में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधायक आनंद शंकर, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत जिले के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने में जीकेसी के अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा, इंजीनियर बीके श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. शीला वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू , उदय कुमार सिन्हा, अमित कुमार, संजय सिन्हा एवं अभय सिन्हा आदि चित्रांश लगे हुए हैं। सभी के सहयोग से ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम सफल होगा।

गौरतलब है कि कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा कायस्थ परिवार के लोग धूमधाम के साथ करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कायस्थ जाति को उत्पन्न करने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में चित्रगुप्त जी की पूजा का विशेष महत्व है। चित्रगुप्त कायस्थों के आराध्य देव हैं। भगवान चित्रगुप्त को कलम का देवता माना जाता है। चित्रगुप्त पूजा करने से साहस, शौर्य, बल और ज्ञान की प्राप्ति होती है।

भगवान चित्रगुप्त ब्रह्मदेव की संतान हैं। वह ज्ञान के देवता हैं। भगवान चित्रगुप्त को यमराज का सहायक देव माना जाता है। यमलोक के राजा यमराज को कर्मों के आधार पर जीव को दंड या मुक्ति देने में कोई समस्या न हो, इसलिए चित्रगुप्त भगवान हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा लिखकर, यमदेव के कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। चित्रगुप्त जी का जन्म ब्रह्मदेव के अंश से न होकर संपूर्ण काया से हुआ था इसलिए चित्रगुप्त जी को कायस्थ कहा गया।

कायस्थ पूजा के दिन भगवान चित्रगुप्त के साथ ही कलम और बही-खाते की भी पूजा करते हैं क्योंकि ये दोनों ही भगवान चित्रगुप्त को प्रिय हैं। इसके साथ ही अपनी आय-व्यय का ब्योरा और घर परिवार के बच्चों के बारे में पूरी जानकारी लिखकर भगवान चित्रगुप्त को अर्पित की जाती है। एक प्लेन पेपर पर अपनी इच्छा लिखकर पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित करते हैं। चित्रगुप्त पूजा की रस्में मुख्य रूप से पुरुषों द्वारा निभाई जाती हैं और पूरा परिवार साथ में पूजन करता है। इस दिन परिवार के लोग कलम और दवात का इस्तेमाल नहीं करते।

## भागवत कथा सुनने से मिलती है समस्त पापों से मुक्ति

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुंबा प्रखंड के डिहरी ग्राम में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ औरंगाबाद लोकसभा के पूर्व सांसद माननीय सुशील कुमार सिंह ने किया। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक,कवि एवं लेखक नीरज पाठक द्वारा किया गया।भागवत कथा के प्रवचन कर्ता बाल शुक स्वरूप श्री चंदन कृष्णा शास्त्री जी महाराज द्वारा किया गया। प्रवचन के क्रम में कहा कि जहां भागवत कथा होती है वहां सभी तीर्थों का वास हो जाता है।कलि काल में भागवत कथा के श्रवण से सभी संतापों से मुक्ति मिलती है।

## न्यूज बाइट्स

### जनता दरबार में चार मामलों का हुआ निष्पादन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना परिसर में अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल जमीनी विवाद से संबंधित 6 मामले आए। जिसमें 4 मामलों का निष्पादन करते हुए 2 मामले को अगले आदेश के लिए तिथि निर्धारित की गई। जिसमें राधेश्याम पासवान एवं अमरपुरा में रास्ते विवाद से संबंधित, रफीगंज के आशा देवी, दुखनेश्वर सिंह दनई, पांती के धनंजय यादव के मामलों का सामान्य निष्पादन किया गया। जबकि शिला देवी भदवा और कमलेश चौहान राजा बिगहा को अगले आदेश के लिए नोटिस जारी किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई गीतांजलि कुमारी एवं अंचलकर्मी मौजूद थे।

### मछली पकड़ने को ले दो पक्षों में हिंसक झड़प, आधा दर्जन घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के पौथू थाना क्षेत्र के बिरुआ गांव में शनिवार को दो पक्षों में मछली पकड़ने को लेकर हिंसक झड़प हुई। मारपीट में दोनों पक्ष से लगभग छह से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से महेंद्र यादव के 30 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार उर्फ पप्पू, अनिल यादव, डोमन यादव के पुत्र महेंद्र यादव एवं सिकंदर यादव को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दूसरे पक्ष से वीर भगत पासवान सहित तीन चार लोग घायल हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। जानकारी मिलते ही पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज, अपर थाना अध्यक्ष सोमेश्वर नाथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। घायल नीरज कुमार उर्फ पप्पू ने बताया कि हम लोग जीविकोपार्जन के लिए मुर्गी फार्म और मछली पालन करते हैं। शनिवार की सुबह वीर भगत पासवान के पुत्र मेरे तालाब में मछली पकड़ रहा था। मछली पकड़ने के लिए मना किया तो उनके परिजन लाठी डंडे और लोहे के रड़ से हम लोगों पर वार कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग महिला को दबंगों ने डायन कहकर बेरहमी से पीटा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद में दबंगों द्वारा एक दिव्यांग महिला को डायन करार देकर गाली-गलौज, मारपीट, मैला पिलाने और बाल पकड़ कर जमीन पर घसीटने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना रफीगंज थाना के बहादुरपुर की है। पीड़िता ललिता देवी गांव के ही महेंद्र चंद्रवंशी की पत्नी है। मामले को लेकर पीड़िता के बयान पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में गांव की ही खुशबू कुमारी, दीपक कुमार यादव, श्रीराम यादव उर्फ तेतर यादव, शंभू यादव, महाराज यादव, किरण देवी एवं जीया देवी को नामजद आरोपी बनाया गया है।प्राथमिकी में पीड़िता ने उल्लेख किया है कि नामजद आरोपी पिछले 6 महीने से मेरे साथ बराबर मारपीट करते आ रहे है। वें गाली देते हुए मुझे डायन कहते हैं। रात में मेरे घर में ढेला-पत्थर और गोबर फेकते हैं। इसे लेकर ही आज मना करने पर आरोपितों में मुझे बाल पकड़ कर घसीटते हुए पटक दिया। बेरहमी से पिटाई की और मुंह में जबरन मैला पिला दिया। रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

# दो शिक्षिकाओं के बीच हुए मारपीट मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



प्रखंड के मध्य विद्यालय कोइलवां में 28 अक्टूबर को दो शिक्षिकाओं में हुए मारपीट पर कार्रवाई करते हुए हसपुरा बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया। वहीं विद्यालय की शिक्षिका उमावती कुमारी और कुमकुम कुमारी को स्पष्टीकरण पूछते हुए दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई किया गया है। हाई स्कूल के शिक्षक उपेन्द्र कुमार पर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा गया है।

बीडीओ ने बताया की जाँच से स्पष्ट है की प्रधानाध्यापक के कर्तव्यहीनता, लोगों से दुर्व्यवहार, विद्यालय में राजनीति करने के कारण विद्यालय का माहौल खराब हुआ है। 28 अक्टूबर को प्रधानाध्यापक के कार्यालय में दो शिक्षिकाओं ने बीपीएससी शिक्षिका पुष्पांजलि कुमारी के साथ मारपीट किया। उन्हें रोकने के लिए प्रधानाध्यापक ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वहीं शिक्षिकाओं पर विद्यालय के छात्रों ने गंभीर आरोप लगाया था।

दोनों शिक्षकाओं के विद्यालय में रहने से विद्यालय का माहौल खराब हो रहा था इसलिए तत्काल उमावती कुमारी को मिडिल स्कूल तिलौती, कुमकुम कुमारी को मिडिल स्कूल भौली तथा बीपीएससी शिक्षिका को मध्य विद्यालय मुंज बिगहा में प्रतिनियुक्ति किया गया है। वहीं उमावती और कुमकुम से 24 घंटे के अंदर स्पस्टीकरण मांगा गया है। इधर बीपीएससी शिक्षिका पुष्पांजलि के प्रतिनियुक्ति पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विरोध शुरू कर दिया इसलिए पुष्पांजलि का प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए कोइलवां में ही रहने दिया गया।

# डीएम ने की कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक में तकनीकी विभागों के प्रमुखों और अधिकारियों ने भाग लिया, जहां विशेष केंद्रीय सहायता, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न और आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी संबंधित विभागों द्वारा चलाए जा रहे कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों। जिलाधिकारी ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में देरी या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है, इसलिए इसकी निर्माण प्रक्रिया को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाना चाहिए। इसके बाद, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन को निर्देशित किया गया कि जिले में नल जल योजना के तहत जलापूर्ति को प्रभावी और निरंतर बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं। डीएम ने इस बात पर जोर दिया कि जलापूर्ति की समस्या से नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए जल संसाधनों का समुचित प्रबंधन आवश्यक है। बैठक में विद्युत आपूर्ति और विद्युत संचरण के कार्यपालक अभियंता को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता है, और इसे सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधनों का पूरा उपयोग किया जाना चाहिए।

सड़कें विकास की जीवन रेखा होती हैं, इसलिए कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग और पथ प्रमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत और रखरखाव को नियमित रूप से करें। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें न केवल परिवहन को सुगम बनाती हैं, बल्कि आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डीएम ने सभी अभियंताओं को यह निर्देश दिया कि यदि किसी कार्य में समन्वय संबंधी समस्याएं आ रही हैं, तो उन्हें तुरंत संबंधित प्रशासनिक विभाग के माध्यम से सुलझाना सुनिश्चित करें। यह स्पष्ट किया गया कि विकास कार्यों में रुकावट आने पर किसी भी प्रकार की चूक के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट, पुलिस कर रही कैंप



**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार की संध्या दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग दोनों पक्षों से चोटिल हो गये। दोनों पक्षों द्वारा घटना की लिखित सूचना थाने को दी गई है।

घटना के बारे में प्रथम पक्ष के राहुल कुमार ने बताया कि पासवान टोला से होते हुए मूर्ति विसर्जन के लिए जा रही थी। विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों द्वारा अश्लील गाना बजाया जा रहा था, मना करने पर मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के प्रियरंजन वर्मा का कहना है कि मूर्ति विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से जा रही थी। लेकिन जैसे ही पासवान टोला के समीप पहुंची तो पूर्व के रंजिश को लेकर लाठी–डंडे से हमला कर दिया। पहले पक्ष द्वारा करीब 21 लोगों को जबकि दूसरे पक्ष द्वारा 44 लोगों को आरोपित किया गया है। दोनों पक्षों के बीच तनाव देखकर फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर शांति व्यवस्था बहाल करने के प्रयास में लगी हुई है। स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

## प्रतियोगिता परीक्षा में टॉप 10 आने वाले छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

दीपावली पर्व के अवसर पर लभरी गांव में आजाद कला निकेतन और श्योर सक्सेस ग्रुप की ओर से प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के लिए एक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा 27 अक्टूबर को आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, जिला पार्षद शंकर यादवेंदु, पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, और मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार पासवान ने मिलकर किया। मंच का संचालन नागेन्द्र यादव ने किया, और अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में अष्टम, नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लिया, जो सामान्य ज्ञान के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता के अंत में, टॉप 10 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, और सचिव अभिनंद कुमार ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य प्रखंड के छात्रों का बौद्धिक विकास और उनकी सफलता को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर डॉ. संजय यादव, बसंत यादव, और शंकर यादवेंदु ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा, उतना ही दहाड़ेगा। शिक्षा के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों को प्रेरित किया कि वे बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न आने दें, चाहे इसके लिए उन्हें कुछ भी त्याग करना पड़े। मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार पासवान ने इस अवसर पर घोषणा की कि गांव में जल्द ही एक पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा, जिससे छात्रों को और अधिक संसाधन उपलब्ध हो सकें। इस कार्यक्रम में पैक्स प्रबंधक अरविंद यादव, संजीव पासवान, जनेश्वर यादव, रंजीत कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। अतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बना, बल्कि पूरे गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी था। इस प्रकार, लभरी गांव में आयोजित यह प्रतियोगिता परीक्षा न केवल शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है, बल्कि स्थानीय समुदाय के सहयोग से बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सकारात्मक पहल भी है।

## अवैध निजी क्लिनिकों और अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की हुई जांच



**निज सं. | दाऊदनगर(औरंगाबाद)**

दाऊदनगर। जिला प्रशासन ने अवैध रूप से चल रहे निजी क्लिनिकों और अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों के माध्यम से निजी चिकित्सा संस्थानों की औचक जांच और निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे कि चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और वैधता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी की निर्देशानुसार, विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, जिनमें से एक टीम में सीओ शैलेंद्र कुमार यादव और अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नम्रता प्रिया शामिल हैं। इस टीम ने दाऊदनगर के आठ निजी क्लिनिकों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दाउदनगर-बारुण रोड पर स्थित अधिकांश क्लिनिक संचालक बिना किसी सूचना के बंद हो चुके थे। जिन क्लिनिकों का संचालन जारी था, उनमें से कोई भी निबंधित नहीं पाया गया। टीम के एक सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश क्लिनिकों में डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी उपस्थित नहीं थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मापदंडों के अनुसार क्लिनिक का संचालन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा, कई क्लिनिकों में बिना बोर्ड के ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही थीं।

## अन्नकूट पर्व पर लगाया गया भगवान श्रीकृष्ण को 108 व्यंजनों से भोग



**हसपुरा(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के सिहाड़ी बाजार के फतेहपुर स्थित कुटिया ब्रजधाम सेवा निकुंज आश्रम में शुक्रवार की रात अन्नकूट पर्व श्रद्धा उल्लास के साथ मनाया गया। कुटिया के वर्तमान महंथ लवकुश महाराज ने 108 प्रकार के बने व्यंजनों से आश्रम में विराजमान भगवान श्रीरामचंद्र जी को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि बक्सर धाम के यज्ञाधीश मनु बाबा ने भी भोग लगाया। आश्रम के पूर्व महंत केदारनाथ ने बताया कि ब्रजधाम सेवा निकुंज आश्रम के महंत रहें ब्रम्हालीन तपस्वी बाबा ने हमेशा अन्नकूट कराया। उनके बाद हम कराते आए। अभी वर्तमान महंत लवकुश महाराज के नेतृत्व में अन्नकूट का महोत्सव किया गया। इस दौरान कृष्णा विश्वकर्मा, संजीव, अनिल, रमेश, राजीव, सुदामा, दीपक, मुकेश, महावीर सहित अन्य ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।







